बालाघाट
सोमवार 02 दिसम्बर 2024
मार्गशीर्ष शुक्ल 01 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 16, अंक 70
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक
PMG
E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in

## खास खबर

### 16.50 रुपए महंगा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर

नई दिल्ली। 1 दिसंबर 2024 से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 16.50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में अब ये 1818.50 रुपए का मिलेगा। एक महीने पहले भी इसके दाम 62 रुपए बढ़ाकर 1802 रुपए कर दिए गए थे। वहीं फ्री आधार अपडेट की डेडलाइन इस महीने खत्म हो रही है। इसके अलावा मैसेज ट्रेसेबिलिटी नियम लागू किए जा रहे हैं। इसके तहत टेलीकॉम कंपनियां संदिग्ध नंबरों की पहचान करके उन्हें तुरंत ब्लॉक करेंगी, जिससे इन नंबरों से यूजर्स तक मैसेज नहीं पहुंच सकेगा। जेट फ्यूल 1,274 रुपए तक महंगा होने से हवाई सफर महंगा हो सकता है।

### निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने एसबीआई ने चलाया राष्ट्रव्यापी अभियान

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया है। बैंक ने कहा कि बचत या चालू खाते को तब निष्क्रिय माना जाता है, जब ग्राहक ने दो साल से ज्यादा समय तक खाते में कोई लेन-देन नहीं किया हो। एसबीआई ने कहा कि इन खातों को सक्रिय करने के लिए फिर से केवाईसी प्रक्रिया की जरुरत होती है। खाते में नियमित लेन-देन की जरुरत और निष्क्रिय खातों की श्रेणी में आने से रोकना मुख्य संदेश है। एसबीआई के चेयरमैन ने प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों को सक्रिय स्थिति में बनाए रखने और ग्राहकों को निर्बाध रूप से लेन-देन करने में सक्षम बनाने के लिए फिर केवाईसी प्रक्रिया को अक्षरश: लागू करने की जरुरत पर जोर दिया। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस अंतर को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें और अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचे, जिससे ग्राहक अनुभव बेहतर हो।

### शिर्डी के साईबाबा के लड्डू प्रसाद से करोड़ों का कारोबार

शिर्डी। शिर्डी के साईबाबा के दर्शन के बाद भक्तों को लड्डू का प्रसाद नि:शुल्क मिलता है, लेकिन अधिक लड्डू के लिए संस्थान ने अब आठ सशुल्क काउंटर शुरू किए हैं और वहां से करोड़ों का कारोबार हो रहा है। मालूम हो कि श्री साईं बाबा के दर्शन के लिए करोड़ों भक्त शिरडी आते हैं। बाबा की समाधि के दर्शन के बाद भक्तों को नि:शुल्क लड्डू दी जाती है। लेकिन मुफ्त प्रसाद सीमित है। यदि आप अधिक प्रसाद चाहते हैं तो आपको शुल्क देना होगा। 100 ग्राम वजन के प्रसाद के लड्डू गुणवत्तापूर्ण शुद्ध घी, बेसन, काजू, किशमिश और इलायची से तैयार किए जाते हैं। यह प्रसाद 10 रुपये शुल्क लेकर भक्तों को दिया जाता है। आठ पेड काउंटरों से प्रतिदिन 50 हजार लड्डू पैकेट की बिक्री हो रही है। इसके अलावा भक्त जितने भी लड्डू मांगते हैं, काउंटर से ये प्रसाद दिया जाता है। प्रसाद के लड्डूओं की बिक्री से प्रति माह 15 लाख और प्रति वर्ष दो करोड़ से अधिक का टर्नओवर होता है। शिरडी आने वाले साईं भक्तों के लिए संस्थान की ओर से आवास, भोजन के साथ-साथ स्वास्थ्य और चाय की भी व्यवस्था की जाती है। साईं आश्रम, धर्मशाला, द्वावारती, एक हजार और 500 कमरों से साईं समाधि मंदिर और भोजनालय तक बस सुविधा भी प्रदान की जाती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोरक्ष गाडिलकर सहित लगभग 4000 कर्मचारी लगातार 24 घंटे भक्तों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

### महायुति में फंसा पेंच-शिंदे बोले-महायुति में मतभेद नहीं

# महाराष्ट्र का अगला सीएम आज तय होगा

### सरकार की मेगा मिनिस्ट्री चाहती है शिवसेना- डिप्टी सीएम, गृह, उद्योग और शहरी विकास की मांग

मुंबई। महाराष्ट्र में नतीजे आए 8 दिन हो गए हैं लेकिन मुख्यमंत्री के चेहरे का आधिकारिक ऐलान बाकी है। इस बीच रविवार को एकनाथ शिंदे ने अपने गांव सातारा में प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि मैं अब ठीक हूं। व्यस्त चुनावी कार्यक्रम के बाद मैं यहां आराम करने आया था। महायुति में कोई मतभेद नहीं है। मेरा पूरा समर्थन है। सीएम पर फैसला पीएम मोदी और अमित शाह लेंगे। इस दौरान उनसे गृह मंत्रालय पर चल रही खींचतान को लेकर तीन बार सवाल किया गया। शिंदे ने कोई जवाब नहीं दिया। 3 दिसंबर को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। हालांकि शिंदे ने कहा है कि 2 दिसंबर को सीएम तय हो जाएगा। महाराष्ट्र में अभी तक मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। इस बीच सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर सामने आ रही है जिसके मुताबिक, शिंदे गुट नई सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद और गृह विभाग समेत पिछली सरकार में खुद के पास रहे सभी 9 विभागों की मांग पर अड़ा है। कहा जा रहा है कि दिल्ली में अमित शाह के साथ सीएम शिंदे, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार की जो बैठक हुई थी में सीएम के लिए किसी नाम की घोषणा या जानकारी नहीं दी गई। केवल यह संकेत दिया गया था कि सीएम भाजपा से होगा।



### भाजपा के प्लान का इंतजार कर रही शिवसेना

सीएम शिंदे सरकार में शामिल होंगे या नहीं, इस पर विचार किया जा रहा है, लेकिन इंतजार इस बात का किया जा रहा है कि पहले भाजपा सीएम के चेहरे का ऐलान करे। दिल्ली में बैठक के बाद से शिंदे सतारा जिले में अपने पैतृक गांव चले गए थे और रविवार को मुंबई लौट आए हैं।

### पीएम मोदी, अमित शाह सहित कई राज्यों के सीएम को न्यौता

महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर फिक्कर अभी बाकी है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने ऐलान किया है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को होगा। महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बावनकुले ने बताया, महाराष्ट्र में महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार, 5 दिसंबर, 2024 को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री मोदी शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने वाले है। यह घोषणा तब की गई है, जब कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महायुति के सहयोगियों के साथ बैठक रद्द करके के बाद अपने गांव में मौजूद हैं। राज्य के सीएम के चयन को लेकर एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी नेता अजित पवार ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी लेकिन तस्वीर अभी तक साफ नहीं हो सकी है। इस शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन के शीर्ष नेता और भाजपा शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। इस बीच प्रशासन ने नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 से 24 दिसंबर तक होने की संभावना है। बीते दिनों महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात कर कहा कि सरकार बनाने में हमारी तरफ से कोई अड़चन नहीं है। आप निर्णय लीजिए, भाजपा जो निर्णय लेगी, उस निर्णय को माना जाएगा। महाराष्ट्र में एनडीए की बड़ी जीत के बाद नागपुर में देवेंद्र फडणवीस को अगला सीएम बनाए जाने के पोस्टर लगे थे। वहीं इससे पहले बारामती में कुछ पोस्टर्स में प्रदेश के अगले सीएम के तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार को दिखाया गया था। वहीं शिवसेना के नेता और कार्यकर्ता एकनाथ शिंदे को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। इसके बाद महायुति में सीएम पद को लेकर अभी भी सस्पेंस बरकरार है।

### कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी)ने पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ पर लगाए गंभीर आरोप, कहा

## मस्जिद-मंदिर विवादों को जस्टिस चंद्रचूड़ ने दिया बढ़ावा

नई दिल्ली। पूर्व सीजेआई के रिटायर होने के बाद कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं ने उनपर हमला बोला है। शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत का कहना है कि चाहे अजमेर हो या उत्तर प्रदेश का संभल, सीजेआई चंद्रचूड़ देश में आग लगाने के बाद रिटायर हुए हैं। आज देश की जो हालत है उसके लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। जस्टिस चंद्रचूड़ को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है कि 20 मई 2022 को चंद्रचूड़ साहब ने मौखिक टिप्पणी की और उससे भानुमती का पिटारा, पैंडोरा बॉक्स खुल गया। भाजपा इसका पूरा राजनीतिक फायदा उठा रही है। हर जगह



सांप्रदायिक तनाव फैलाया जा रहा है। संजय राउत ने मुंबई में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जहां उन्होंने पूर्व सीजेआई को न सिर्फ मंदिर-मस्जिद विवाद के लिए जिम्मेदार बताया, बल्कि महाराष्ट्र में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के लिए भी आरोपी बताया। राउत ने कहा- सरकार बनाने के लिए अभी तक राज्यपाल से कोई नहीं मिला है। इन सबके लिए जस्टिस चंद्रचूड़ जिम्मेदार हैं उधर, जयराम रमेश ने भी कहा- 20 मई 2022 को पूर्व सीजेआई की टिप्पणी ने इस तरह की याचिकाओं का रास्ता साफ किया है। उन्होंने कहा था कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट किसी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र का पता लगाने पर प्रतिबंध नहीं लगाता है। दरअसल, यह एक्ट प्राचीन धार्मिक स्थल के स्वरूप को बदलने पर रोक लगाता है। प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट के मुताबिक- पूजा स्थल उसी रूप में संरक्षित किया जाएगा, जिस रूप में वह 15 अगस्त 1947 को था। अगर यह साबित भी हो जाता है कि उसे किसी दूसरे धर्म के उपासना स्थल को तोड़कर बनाया गया है, तब भी उसके स्वरूप को बदला नहीं जा सकता।

## अकेले चुनाव लड़ेगी दिल्ली विधानसभा चुनाव-केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी अकेले अपने दम पर लड़ेगी। कांग्रेस पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। दिल्ली में विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। यानी अगले साल जनवरी में किसी भी समय विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। फरवरी में चुनाव होंगे और नई सरकार का गठन होगा। लोकसभा चुनाव से पहले आप और कांग्रेस विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं। दिल्ली में लोकसभा चुनाव दोनों एक साथ लड़े थे। हालांकि इसमें दोनों पार्टियों को कोई भी सीट नहीं मिली। अक्टूबर में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले आप और कांग्रेस सीट-बंटवारे के समझौता नहीं हो सका। इसके बाद दोनों अलग-अलग चुनाव लड़े थे। केजरीवाल ने दिल्ली की कानून व्यवस्था के लिए फिर एक बार केंद्र सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा- दिल्ली में बिजनेसमैन को फिरोती के कॉल आते हैं। पैसे न देने पर दुकान के बाहर फायरिंग हो जाती है।पिछले 2-3 साल में दिल्ली की कानून व्यवस्था बद से बत्तर होती जा रही है। इससे पहले केजरीवाल ने शुक्रवार को शनिवार को पंचशील पार्क में भी कानून व्यवस्था पर गृह मंत्री अमित शाह पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था- मैं अमित शाह से पूछना चाहता हूं - आप इसके खिलाफ कब कार्रवाई करेंगे? जब से वे गृह मंत्री बने हैं, दिल्ली में स्थिति बद से बदतर होती चली गई है।



### संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लोकसंख्या शास्त्र का हवाला देकर कहा

## कम से कम तीन बच्चे तो होना ही चाहिए

नागपुर। संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में इस बात की वकालत की कि एक परिवार में कम से कम तीन बच्चे तो होना ही चाहिए। इसके लिए उन्होंने लोकसंख्या शास्त्र का हवाला दिया। संघ प्रमुख ने कहा कि जनसंख्या में गिरावट चिंता का विषय है। आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज धरती से लुप्त हो जाता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए। जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। हमारे देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तय की गई थी। इसमें यह भी कहा गया है कि किसी समाज की जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। हमें दो या तीन से अधिक की आवश्यकता है, यह संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज को जीवित रहना चाहिए। मोहन भागवत ने आगे कहा कि हमारे देश की जनसंख्या नीति वर्ष 1998 या 2002 में तय की गई थी। इसमें यह भी कहा गया है कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं होनी चाहिए। इसलिए यदि हम 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर चाहते हैं, तो हमें दो से अधिक बच्चों की जरूरत है। फिर भागवत ने ये भी कहा कि तीन तो होने ही चाहिए। ऐसा ही जनसंख्या विज्ञान भी कहता है। संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज का बने रहना जरूरी है। भारत में आदर्श प्रजनन दर 2.1 है, जिसका अर्थ है कि एक महिला को अपने जीवनकाल में औसतन 2.1 बच्चे यानि 2 से अधिक होने चाहिए। यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित किया गया है और यह एक देश की जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए आवश्यक प्रजनन दर है। अगर ऐसा नहीं होता है तो उस समाज में जनसंख्या असंतुलन होने का खतरा मंडरा जाता है। प्रजनन दर (फर्टिलिटी रेट) एक देश या क्षेत्र में प्रति महिला औसत बच्चों की संख्या को दर्शाता है। यह आंकड़ा आमतौर पर प्रति महिला 15 से 49 वर्ष की आयु वर्ग में औसत बच्चों की संख्या के रूप में व्यक्त किया जाता है। इसके पहले भी कई मौकों पर आरएसएस यह कहता रहा है कि देश की एक समान जनसांख्यिकीय योजना न होने के चलते देश पर आबादी के असंतुलन का खतरा मंडरा रहा है जो भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरे का संकेत है। दरअसल जनसंख्याविदों मानते हैं किइस सदी के अंत तक भारत की आबादी गिरकर एक अरब 10 करोड़ रह जायेगी।



## आपके सपने जितने बड़े होते हैं, दुनिया उतनी ज्यादा आपकी परीक्षा लेती-अडानी

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने हिंडनबर्ग विवाद और अमेरिका में लगे रिश्वत देने के आरोपों पर पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। उन्होंने कहा, अडाणी ग्रुप के रास्ते में आई हर बाधा उसकी सफलता की सीढ़ी बनी है। गौतम अडानी ने कहा कि आपके सपने जितने बड़े होते हैं, दुनिया उतनी ज्यादा आपकी परीक्षा लेती है। उन्होंने कहा कि चुनौतियां हमें कभी तोड़ नहीं पाई, बल्कि उन्होंने हमें और मजबूत बनाया। हमारे अंदर ये विश्वास पैदा किया कि हर गिरावट के बाद हम और मजबूत तरीके से ऊपर उठने वाले है। गौतम अडाणी शनिवार शाम को जयपुर में 51वें इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी अवॉर्ड (आईजीजेए) समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर अपने विरोधियों को सुनकर अडाणी ने कहा कि हमें राजनीतिक विवाद में फंसाया गया है। अडानी ने कहा कि साल 2010 में जब कंपनी ने ऑस्ट्रेलिया में कोल माइनिंग शुरू की थी, तब हमारा उद्देश्य था कि हमें भारत को एनर्जी सेक्टर में और मजबूत करना है। हमारा उद्देश्य था कि भारत में होने वाले 2 टन खराब कोयले को ऑस्ट्रेलिया से 1 टन अच्छी क्वालिटी के कोयले से रिप्लेस किया जाएगा। हालांकि गैर सरकारी संगठनों ने इसका बहुत ज्यादा विरोध किया और ये 10 साल तक चला। ये विरोध इतना ज्यादा था कि 10 बिलियन डॉलर के पूरे प्रोजेक्ट की फंडिंग हमने अपने इक्विटी शेयर से की। आज हमारे पास ऑस्ट्रेलिया में वर्ल्ड क्लास कोल माइन है। यह हमारे लचीलेपन को दिखाता है। वहीं जनवरी 2023 में जब हम फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) लांच करने जा रहे थे, तब अडानी समूह ने विदेश से कंपनी के खिलाफ शॉर्ट सेलिंग (शेयर बाजार में कंपनी के शेयर की बिकवाली) अटैक का सामना किया। ये सिर्फ आर्थिक हमला नहीं था, ये डबल अटैक था। हमारी आर्थिक स्थिरता को टारगेट किया ही, हमें राजनीतिक विवाद में भी फंसाया गया। कई मीडिया संस्थानों ने इस विवाद को अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए और बढ़ाया। उन विपरीत हालातों में भी हमने हमारे सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई। 20 हजार करोड़ रुपए का देश का सबसे ब ?ा एफपीओ लाने के बाद हमने कुछ असाधारण फैसले लिए। हमने कई अंतरराष्ट्रीय स्त्रोतों से पैसा जुटाया और हमारा डेब्ट टू एबिटडा रेश्यो 2.5 गुना से कम कर दिया। ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर स्पेस में यह मैट्रिक अनमैच है। इसी साल हमारे फाइनेंशियल रिजल्ट ने हमारी श्रेष्ठता की प्रतिबद्धता को दिखाया। एक भी भारतीय और विदेशी रेटिंग एजेंसी ने हमें डाउन ग्रेड नहीं किया और आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने भी हमारे कार्य को सही ठहराया और दृष्टिकोण को वैधता दी।



## सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस पर पीएम मोदी और गृहमंत्री ने दी बधाई

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) 60वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा- सीमा सुरक्षा बल को उसके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। बीएसएफ साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक और रक्षा की एक महत्वपूर्ण पंक्ति के रूप में खड़ा है। उनकी सतर्कता और साहस हमारे राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी जवानों को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा-बीएसएफ के जवानों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की बधाई। बीएसएफ के जवानों ने भारत के सम्मान और महत्वाकांक्षाओं की पूरी मजबूती के साथ रक्षा की है और इसके लिए जान की बाजी लगाने से कभी पीछे नहीं हटे हैं। उनकी वीरता और बलिदान ने देशभक्तों की पीढ़ियों को यह तय करने के लिए तैयार किया है कि हमारा राष्ट्र हमेशा आगे बढ़ता रहे। सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को मेरी श्रद्धांजलि। बीएसएफ ने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा- 60वें सीमा सुरक्षा बल दिवस पर हम सीमा प्रहरी राष्ट्र रक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। अपने ध्येय वाक्य जीवनपर्यन्तकर्त्तव्य को आत्मसात करते हुए हर सीमा प्रहरी अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण समर्पण से कटिबद्ध हैं। बीएसएफ स्थापना दिवस 1 दिसंबर को मनाया जाता है क्योंकि शांति काल में भारत की भूमि सीमा की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय अपराध से निपटने के लिए जिम्मेदार सैन्य इकाई की स्थापना 1965 में इसी दिन की गई थी। भारत की विस्तृत सीमाएं 15 हजार किलोमीटर से ज्यादा फैली हुई हैं। बीएसएफ इन सीमाओं की सुरक्षा की बहुत बड़ी जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाती है।



### तेलंगाना में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

## जंगल में मुठभेड़ के दौरान मारे गए 7 नक्सली

हैदराबाद। तेलंगाना के मुलुगु जिले के जंगलों में रविवार को पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें सात माओवादी मारे गए हैं। यह घटना इलाके के जंगलों में तलाशी अभियान के दौरान हुई। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर जांच-पड़ताल की जा रही है। तेलंगाना पुलिस की विशेष एंटी-नक्सल फोर्स ग्रेहाउंड्स ने जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया था। इसी दौरान पुलिस का सामना सशस्त्र माओवादियों से हो गया। पुलिस के अनुसार, माओवादियों ने फोर्स पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की। इस दौरान हुई गोलीबारी में सात माओवादी मारे गए। मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों में तेलंगाना राज्य समिति (येल्लंडु-नरसंपेट) के सचिव और प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के नेता कुर्सम मंगू उर्फ भद्रू भी शामिल हैं। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से दो एके-47 राइफल सहित कई हथियार और अन्य सामान बरामद किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि माओवादी समूह राज्य में हिंसात्मक गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर इनकी लोकेशन का पता चला था, जिसके



बाद यह अभियान चलाया गया।

## फेंगल तूफान का असर-पुडुचेरी में बाढ़ जैसे हालात

चेन्नई। बंगाल की खाड़ी से उठा फेंगल तूफान पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम से शनिवार रात टकराया। लैंडफॉल प्रोसेस रात 11.30 बजे तक चला। इस दौरान भारी बारिश के साथ 90 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलीं। तूफान का असर केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी दिखा। आईएमडी के मुताबिक शनिवार को लैंडफॉल के बाद फेंगल तूफान यहीं अटक कर रह गया, लेकिन कुछ घंटों में धीरे-धीरे यह कमजोर हो जाएगा। इसके चलते रविवार को पुडुचेरी, कडलोर, विल्लुपुरम और चेन्नई में भारी बारिश का अनुमान है। पुडुचेरी में 24 घंटों के दौरान 48.4 सेमी बारिश हुई। यह 30 साल में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश है। तूफान से चेन्नई एयरपोर्ट दोपहर 12 बजे बंद कर दिया गया था, जो रात 1 बजे शुरू हो पाया। आधी रात के बाद उड़ानें शुरू हुईं, लेकिन कई उड़ाने रद्द की गईं। कुछ उड़ाने देरी से पहुंचीं। तूफान के चलते 24 डोमेस्टिक फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। 26 इंटरनेशनल फ्लाइट्स में देरी हुई।



चेन्नई एयरपोर्ट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लैंडिंग के दौरान इंडिगो की फ्लाइट क्रॉस विंड में फंसकर लहराने लगी। पायलट प्लेन को वापस उड़ा ले गया। घटना पर इंडिगो का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। तूफान का असर तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और पुडुचेरी में हुआ है। तमिलनाडु तूफान से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां भारी बारिश से धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। नागपट्टिनम में करीब 800 एकड़ से ज्यादा की फसल नष्ट हो गई है।

# सरकार के खिलाफ धरना देने की तैयारी में किसान

## कटंगी में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ और किसान गर्जना ने बुलाई बैठक

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कौन बनाता हिन्दुस्तान भारत का मजदूर किसान, हम अपना अधिकार मांगते नहीं किसी से भीख मांगते, धान का 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य देना होगा-देना होगा, अपना वादा पूरा करो. वरना गद्दी छोड़ दो. इन्हीं नारों की गुंज रविवार को पूरा दिन कतरकना रोड स्थित पंवार मंगल भवन में सुनाई दी. राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ और किसान गर्जना के आहवान पर कटंगी और तिरोड़ी दोनों ही तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से किसान रविवार को कटंगी मुख्यालय के पंवार सदन में एकत्रित हुए थे. यह सभी किसान अब राज्य सरकार के खिलाफ में धरना और विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है. किसानों ने सोमवार से चिकमारा केप में धरना प्रदर्शन की शुरुआत करने की चेतावनी दे चुके है. इसके साथ ही धरना प्रदर्शन को हर दिन नया स्वरूप दिया जाएगा. दरअसल, करीब एक साल पहले हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी और उस वक्त की निवर्तमान सरकार ने पुन: प्रदेश में सरकार बनने पर किसानों से 3100 रुपए समर्थन मूल्य पर धान और 27 सौ रुपए के समर्थन मूल्य पर गेहुं खरीदने की घोषणा की थी. किसानों का आरोप है कि सत्ता में वापस आने के बाद भाजपा सरकार ने अपनी घोषणा के अनुसार किसानों को समर्थन मूल्य प्रदान नहीं किया. वर्ष 2023-24 के सत्र में किसानों से 2300 प्रति क्विंटल की दर से ही धान खरीदी गई. वहीं इस खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में भी किसानों से 23 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से ही धान खरीदा जाना है. किसान 31 सौ रुपए का समर्थन मूल्य और गत वर्ष खरीदी गई धान की शेष राशि को बोनस के रूप में प्रदान करने की मांग कर रहे और अपनी इन्हीं मांगों पर ध्यानाकर्षण करवाने के लिए धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर ने बताया भाजपा ने प्रदेश के विधानसभा चुनाव के दौरान निवर्तमान सरकार में थी जिसमें वादा किया था कि किसानों को धान का 31 सौ और गेहुं का 27 सौ रुपए प्रदान किया जाएगा. विधानसभा चुनाव जीतने के बाद फिर लोकसभा चुनाव आ गए. ऐसे में विधानसभा के भीतर अंतरिम बजट पारित किया गया जिसमें किसानों को अतिरिक्त 917 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस देना था तब किसानों को बोनस नहीं दिया गया. तब कटंगी क्षेत्र के किसानों ने क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी को एक ज्ञापन सौंपा था. विधायक ने किसानों को आश्वासन दिया था कि अभी लोकसभा चुनाव के चलते अंतरिम बजट पारित किया गया है और उसमें किसानों की व्यवस्था नहीं हो पाई है इसलिए लोकसभा चुनाव के बाद जो बजट पारित होगा उस



बजट में किसानों की व्यवस्था की गई. इसी बीच लोकसभा चुनाव का प्रचार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बालाघाट आए थे. उन्होंने वादा किया था कि लोकसभा चुनाव के बाद 31 सौ रुपए की जो 917 रुपए की बकाया राशि है वह प्रदान दी जाएगी लेकिन आज तक किसानों को राशि नहीं मिली जबकि अब फिर से 2300 रुपए में ही धान की खरीदी होनी है. यह किसानों के साथ वादाखिलाफी है. यही याद दिलाने के लिए किसान धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने की तैयारी में है चिकमारा केप से इसकी शुरुआत होगी. मुख्यमंत्री बालाघाट आ रहे है हम किसान सीएम को काले झंडे नहीं दिखाएंगे बल्कि गांधीवादी तरीके से सीएम को ज्ञापन देने की कोशिश करेंगे. बता दें कि 2 दिसंबर से धान खरीदी होनी है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ट नेता और पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मेष कुमार देशमुख ने किसानों की मांगों का पुरजोर तरीके से समर्थन किया और वह किसानों के साथ बैठक में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि सरकार की घोषणा पर विश्वास करते हुए प्रदेश के किसानों ने भारतीय जनता पार्टी को विधायक चुनाव में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का मौका दिया. इसके साथ ही लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटें भी भाजपा को मिली लेकिन आज किसान स्वयं को ठगा हुआ महसूस करता है. उन्होंने कहा कि वह पार्टी के विभिन्न संगठनों के पदों पर रहे लेकिन ऐसा पहली बार देख रहे है कि घोषणा पत्र में वादा करते हुए मुकर जाना. उन्होंने कहा कि वह भाजपा को याद दिलाना चाहते है कि किस तरह वर्ष 2018 में कांग्रेस पार्टी ने किसानों के साथ जो वादा किया और वह पूरा नहीं कर पाई तो उन्हीं के पार्टी के एक नेता ने पार्टी छोड़ दी. किसान वादाखिलाफी बर्दाश्त नहीं करेंगे. यह बात भाजपा को समझनी चाहिए। जिला संयोजक ईश्वरी प्रसाद बिसेन ने कहा कि भाजपा ने जिस तरह किसानों से वादा किया था उसका उसे लाभ मिला लेकिन विधानसभा और लोकसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद भी किसानों के साथ भाजपा वादाखिलाफी कर रहे है. विधायक को ज्ञापन सौंपा गया था ताकि भाजपा को उसका वादा याद दिलाया जा सके. हमने समय-समय पर सरकार को उसका वादा याद दिलाने की कोशिश की लेकिन सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है जिसे अब किसान बर्दाश्त नहीं करेंगा. उन्होंने किसानों से आह्वान किया है कि वह उपार्जन केंद्रों में जाकर धान ना बेचे ताकि सरकार किसानों की मांग पूरी हो सके।

# कवियों ने पूरी रात किया काव्य पाठ, दर्शकों ने लगाए ठहाके

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी क्षेत्र की ग्राम पंचायत सावंगी में सत्तर साल से गंगा माई मेला उत्सव का आयोजन ग्रामीण जन बड़े उत्साह के साथ करते आ रहे हैं. इसी अवसर पर गत दिवस मेला स्थल में विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. स्वागत सत्कार के बाद दिनेश देहाती के संयोजन और संचालन में कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ. कवि सम्मेलन में श्रोता आखिरी तक लुत्फ लेते रहे. कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना के साथ बालाघाट जिले के सुप्रसिद्ध कवित्री माधुरी किरण की मधुर वाणी में की गई. जहां प्रथम कवि के रूप में बालाघाट से आए रवि नवानी ने हास्य चुटकुलों का पाठ कर खूब हंसाया. मधुकर ने गीत ग़ज़लों की शानदार प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी. इटारसी के कवि मदन तन्हाई की गजलों पर खूब तालियां बरसी. समतपुरी के गोविंदा गावठी की राम सबरी रचना पर श्रोताओं ने भरपूर प्यार लुटाया. बालाघाट के कवि कौशल जैन की वीर रस और देशप्रेम की रचनाओं ने सारे सदन से भारत माता की जय के जयघोष लगवाए. बालाघाट की मशहूर कवयित्री माधुरी किरण की मधुर आवाज़ और शानदार काव्यपाठ ने सारे सदन को कायल कर दिया. देश के नामचीन कवि अंतु झकास का झकास अंदाज और अपने को क्या, बीपी, बचे गरम जैसी कविताओं से श्रोताओं से खूब ठहाके लगवाएं. सावनेर से आए कवि रामनारायण कश्यप की मर्म स्पर्शी कविताएं और व्यंग रचना चुनाव यदि मैं जीता तो विकास के झंडे गाड़ूंगा, राजधानी में बैठे-बैठे वहीं से सबको ताडूंगा. भूख है मेरी वोट तुम्हारी, परस दोगे तो खा लूंगा. अवैध धंधों में लिप्त रहे जो वैसे ही गुंडे पालूंगा पर श्रोताओं ने तालियों के माध्यम से खूब प्यार बरसाया. अंत में अंकित जैतवार की शानदार कविताओं ने समां बांध दिया. कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन करते हुए दिनेश देहाती ने शानदार कविता पाठ किया. अंत में मेला समिति अध्यक्ष ने समस्त कवियों का आभार व्यक्त किया।



# भारतीय मजदूर संघ ने शुरू किया श्रमिक संपर्क अभियान

## अभियान के तहत नगर में निकाली रैली, स्थापना के 70 वे वर्ष पर संघ का किया गुणगान, गिनाई उपलब्धि

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70वे वर्ष में भारती मजदूर संघ द्वारा संपूर्ण देश में श्रमिक संपर्क अभियान की शुरुआत की गई है।1से 15 दिसंबर तक चलाए जा रहे इस श्रमिक संपर्क अभियान के तहत संघ से जुड़े पदाधिकारियों द्वारा जिले के सभी ब्लॉको में रैली का आयोजन कर श्रमिक, मजदूरों से संपर्क किया जा रहा है। जहां श्रमिकों से संपर्क कर उनसे विभिन्न परेशानियों और समस्याओं को लेकर उनके निराकरण के उपाय को लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है। तो वही इन 70 वर्षों में भारतीय मजदूर संघ द्वारा किए गए कार्यों का बखान कर विभिन्न असंगठित मजदूर और श्रमिकों को अपने संगठन में शामिल किया जा रहा है। इसी कड़ी में

भारतीय मजदूर संघ के 70 वे वर्ष पर जिले में शुरू किए गए श्रमिक संपर्क अभियान की शुरुआत नगर के काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर परिसर से की गई है। जहां भारतीय मजदूर संघ से जुड़े सदस्यो, पदाधिकारियो ने हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर इस अभियान की शुरुआत की और नगर में रैली निकालकर मजदूरों से संपर्क किया।



### 15 दिसंबर तक चलेगा अभियान

बताया जा रहा है कि भारतीय मजदूर संघ द्वारा स्थापना के 70वें वर्ष में संघ विस्तार के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। इसके लिए 1 से 15 दिसंबर तक देशभर में श्रमिक संपर्क अभियान प्रस्तावित है।जिसकी शुरुआत आज 1 दिसंबर से जिले में की गई जहां भारतीय मजदूर संघ द्वारा नगर के काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में पूजा पाठ कर इस अभियान के तहत एक रैली निकाली।बताया गया कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक श्रमिकों व मजदूरों को संघ से जोडने पर जोर दिया जा रहा है।बताया गया कि अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक 10 ब्लॉकों में अभियान की शुरुआत करते हुए प्रत्येक ब्लॉक में 11-11 सदस्यों को इस अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है इसमें औद्योगिक क्षेत्रों, सब्जी मंडियों, हाट एवं बाजार, ठेका मजदूर, पीठा मजदूर, श्रमिक बस्तियों, ऑटो चालक, सब्जी विक्रेता, रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड पर श्रम करने वाले सभी मजदूरों से संपर्क किया जाएगा।भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष के कार्यों को मजदूरों और समाज से सांझा किया जाएगा। उनकी समस्याएं सुनी जाएगी और कार्ययोजना बनाकर सरकार और संस्थाओं से चर्चा कर मजदूरों और श्रमिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### यह संगठन राष्ट्र, उद्योग और मजदूर सभी की चिंता करता है- राजकुमार मोहारे

श्रमिक संपर्क अभियान को लेकर की गई चर्चा के दौरान भारतीय मजदूर संघ प्रमुख राजकुमार मोहारे ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ द्वारा स्थापना के 70वे वर्षों पर श्रमिक संपर्क अभियान की शुरुआत की गई है।यह संपर्क अभियान एक से 15 दिसंबर तक चलेगा। इसमें मजदूर श्रमिकों को संगठन से जोड़ने का काम किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी सभी ब्लॉकों में ब्लॉक सदस्यों पदाधिकारियो को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि इन 70 वर्ष में भारतीय मजदूर संघ ने मजदूरों और श्रमिकों को हितों में कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं इन कार्यों को जनता श्रमिकों व मजदूर तक पहुंचना है। इसीलिए इस अभियान की शुरुआत की गई है।अभियान के तहत मजदूर श्रमिकों से चर्चा कर उनके कार्यक्षेत्र में आने वाली विभिन्न परेशानियों को जानकर उनका निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं उन्हें संगठन से जोड़ने का लक्ष्य बनाया गया है जो 15 दिसंबर तक जिले में निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ ही एक ऐसा संगठन है जो न केवल राष्ट्र ,उद्योग बल्कि मजदूर के हितों की भी चिंता करता है।इसीलिए यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है।

आवश्यकता है
सेल्समेन एवं सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है
अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें- घूंघट साड़ी
मेन रोड, बालाघाट, फोन-07632-357568

# हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी थीम पर आयोजित हुई कुकिंग प्रतियोगिता

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। रविवार को शहर के स्थानीय लॉन में जिले की अलग अलग गैस एजेंसीयों के सयुक्त तत्वाधान में हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी थीम पर कुकिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सुरक्षित एलपीजी का उपयोग करते हुए अपने कुकिंग कौशल का प्रदर्शन किया । जहां बाहर से आए संबंधित गैस एजेंसियों के अधिकारीयों द्वारा प्रतियोगिता में किस प्रकार से रसोई में सुरक्षित गैस सिलेंडर का उपयोग करना है इसकी जानकारी दी गई साथ ही इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आए प्रतियोगियों को पुरस्कार भी दिया गया। आपको बता दे की 1 दिसंबर को जिले की अलग-अलग गैस एजेंसीयों द्वारा संयुक्त रूप से शहर के स्थानीय लान में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, यहाँ बाहर से आए रीजनल मैनेजर अरविंद मिश्रा एवं सेल्स ऑफिसर विसन मुंडा इस कार्यक्रम में शामिल हुये , और मेरी



रसोई, मेरी जिम्मेदारी थीम पर बारी-बारी से जानकारी देते हुए बताया गया कि किस प्रकार से आज के समय में हमें अपनी रसोई में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सुरक्षा के मापदंडों का ध्यान रखना है, तो वही किस प्रकार से गैस सिलेंडर लेते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इन सब नियमों की जानकारी प्रतियोगिता में दी गई, साथ ही आए हुए प्रतियोगीयों एवं गैस एजेंसीयों के संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को शपथ भी दिलवाई गयी , कुकिंग प्रतियोगिता में एक तय समय सीमा के अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी को सुरक्षित और नियमों का ध्यान रखते हुए अपने-अपने थीम अनुसार पकवान बनाएं जिसमें प्रथम स्थान रीता बग्गा, द्वितीय स्थान वीणा पाण्डेय और तृतीय स्थान आरती बैस ने प्राप्त किया ,जिन्होंने तय नियम अनुसार इस प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया वहीं शहर की अलग-अलग गैस एजेंसी से आये संचालक शारदा जैन, अनीश खान एवं अलग-अलग तहसील और ब्लॉक के संचालक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु बी.ई., बी कॉम., प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण Freshers एवं सी.ए. आर्टिकल, सी.ए. इन्टर फाईनल युवक/युवती की आवश्यकता है।
कम्प्यूटर एक्सल की संपूर्ण जानकारी आवश्यक है।
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल द्वितीय तल हनुमान चौक, बालाघाट (मप्र)
मो. 09201340520/09244872544
बायोडाटा देने मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

आवश्यकता है
चपरासी की आवश्यकता है
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करें
अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए
वेतनमान- 10000+
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)
244944 मो. 9201340520,9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा संपन्न

## जिले के 28 केंद्रों पर आयोजित की गई परीक्षा, दर्ज 10086 में से 9250 विघार्थी हुए शामिल,836 रहे अनुपस्थित



**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष राष्टीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है। जहा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रविवार को राष्टीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन कराया गया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए राष्टीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का यह आयोजन 1 दिसंबर रविवार को कराया गया।जो जिले के 28 परीक्षा केंद्रों में संपन्न कराई गई। इस परीक्षा में कुल दर्ज 10086 विद्यार्थियों में से 9,250 विद्यार्थियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित होकर दो चरणों में प्रश्न पत्र हल किया।तो वही राष्टीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा से 836 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।**

### चयनित विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 12000 रु मिलेगी छात्रवृत्ति

बताया गया कि इस परीक्षा में चयनित होने वाले विद्यार्थियों को कक्षा 9वी से लेकर कक्षा 12 वी तक प्रतिमाह 1000 रु के हिसाब से प्रतिवर्ष 12 हजार रु की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके लिए जरूरी है कि चयनित विद्यार्थी कक्षा 9वी से लेकर 12वीं तक 60 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करें। बताया यह भी जा रहा है कि इस दौरान यदि किसी विद्यार्थी को कक्षा दसवीं में सप्लीमेंट्री आती है तो छात्रवृत्ति को आगामी कक्षा 11वीं में रोक दिया जाएगा।

### इन 28 केंद्रों में संपन्न हुई परीक्षा

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी अनुसार बालाघाट विकासखंड में शास. उत्कृष्ट विद्यालय विद्यालय, शास. एमएलबी स्कूल, लांजी में शास. उत्कृष्ट विद्यालय, शास. कन्या उ.माव.विद्यालय, शास. हाईस्कूल कन्या, सरस्वती उ.मा. विद्यालय, किरनापुर में शास. उत्कृष्ट विद्यालय, शा. कन्या उ.मा. विद्यालय, शासकीय हाईस्कूल कन्या हिर्री, एम.एस.एम. ज्ञानोदय उ.मा. विद्यालय, सरस्वती हाईस्कूल, बैहर में शास. उत्कृष्ट विद्यालय, शास. कन्या उ.मा. विद्यालय, परसवाड़ा में शास. उत्कृष्ट विद्यालय परसवाड़ा, शास कन्या उ.मा. विद्यालय, बिरसा में शास. उत्कृष्ट विद्यालय, शास कन्या उ.मा. विद्यालय, शास. मॉडल स्कूल, वारासिवनी में शास. उत्कृष्ट विद्यालय, शास.क.ने.उ.मा.विद्यालय, खैरलांजी में शास. उत्कृष्ट विद्यालय, शास. कन्या उ.मा. विद्यालय, कटंगी में शास. उत्कृष्ट विद्यालय, शास. कन्या उ.मा. विद्यालय, शक्ति विद्यामंदिर उ.मा. विद्यालय, लालबर्रा में शास. उत्कृष्ट विद्यालय, शास. कन्या उ.मा. विद्यालय अमोली और वैदिक कान्वेंट इंग्लिश हाईस्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था जिसमें 9250 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी है।

### शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया दौरा

राष्ट्रीय मेरिट कम मींस परीक्षा 2025 के परीक्षा केंद्र सी एम राइज वारासिवनी, उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा ,कन्या अमोली और वैदिक कॉन्वेंट लालबर्रा निरीक्षण ए के उपाध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी एवं सी एस मरावी जिला परियोजना समन्वयक बालाघाट द्वारा किया गया है। बताया जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी 28 परीक्षा केंद्रों में यह परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई है।

# चंदनबाला महिला मंडल द्वारा आयोजित किया गया आनंद मेला

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। स्थानीय पार्श्वनाथ जैन भवन में चंदनबाला महिला मंडल द्वारा आनंद मेले का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे और उनके अभिभावक द्वारा इस मेले में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया, जहां बच्चों द्वारा अलग-अलग पकवानों के स्टॉल लगाए गए, जहां समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा उनके मेले का जायजा लेकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।आपको बता दे कि इन दिनों शहर में इस वर्ष को यादगार बनाते हुए अलग-अलग स्वयंसेवी संस्था व सामाजिक संगठन अपने-अपने स्तर पर छोटे बड़े कार्यक्रम कर एकत्रित हो रहे हैं , और जाते हुए वर्ष को और यादगार बना रहे हैं इसी क्रम में स्थानीय पार्श्वनाथ भवन में चंदनबाला महिला मंडल द्वारा आनंद मेले का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ उनके अभिभावकों द्वारा आनंद मेले में अपने-अपने स्तर पर खाने-पीने के स्टाल लगाए एवं कुछ बच्चों द्वारा आनंद मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई, जहां महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को आए हुए मुख्य अतिथि के द्वारा इनाम भी दिलवाया गया, वही कार्यक्रम की अध्यक्ष सरोज चौरडिया द्वारा बताया गया कि वह बीते कुछ वर्षों से वर्ष के अंतिम महीने में आनंद मेले का कार्यक्रम आयोजित करते हैं, जिसमें छोटे बच्चे इस कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं और उनका साथ देने के लिए उनके अभिभावक भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, इसी कार्यक्रम के तहत 1 दिसंबर को शाम 4 बजे से आनंद मेले का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जहां अच्छे से अच्छा स्टॉल लगाने वाले प्रतिभागीयों को पुरस्कृत किया गया एवं कुछ नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एकल नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई।







# ग्राम कोसमी में किया गया मैराथन दौड़ और कुश्ती का आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत कोसमी में 1 दिसंबर को मेले का आयोजन किया गया, जहां मेले पर्व को लेकर सुबह मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, तो वहीं दोपहर में कुश्ती रखी गई, जिसमें ग्राम पंचायत के युवाओं ने बढ़-चढ़कर इस आयोजन में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया, बताया जाता है कि यह आयोजन प्रतिवर्ष ग्राम में किया जाता है इसी के उपलक्ष में सुबह से लेकर रात्रि तक ग्राम में विविध कार्यक्रम के आयोजन किए जाते हैं।आपको बता दे कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कोसमी के आखर मैदान में माँ गंगा जमुना मेला का आयोजन देवीभक्त डाली दमाहे की स्मृति में 1 दिसंबर को आयोजीत किया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें जिला स्तरीय हॉफ मेराथन दौड का आयोजन सुबह प्रात: 7 बजे से प्रारंभ किया गया। यह दौड एफसीआई गोदाम कोसमी से अमेड़ा तक 11 कि.मी आयोजित की गयी ।जिसमें 85 प्रतिभागियों ने इस मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया। जिसमें महिला धावक भी शामिल रही। इस मेराथन दौड प्रतियोगिता में विजयीय हुये प्रतिभागियों को विशेष ईनाम गये। जिसमे प्रथम ईनाम 5100 रूपये, द्वितीय ईनाम 3100 रूपये व तृतीय पुरूस्कार 2100 रूपये दिया गया। इसी तरह दोपहर 11 बजे से आखर मैदान कोसमी में ईनामी कुश्ती (खडा दंगल) का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तर के पहलवान शामिल हुये। जिसमें कोसमी ,बगदरा, नैतरा, भरवेली, खैरी, कुम्हारी के पहलवानों ने हिस्सा लिया एवं अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। समिति द्वारा सभी पहलवानों को पुरस्कार वितरित किए गए हैं। मेला आयोजन समिति द्वारा आखर मैदान में भव्य मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें आजू-बाजू के ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो दुकानदार अपनी दुकान लेकर पहुंचे थे। कोसमी सहित अन्य ग्राम के हजारों लोग इस मेले का लुफ्त उठाते हुए नजर आए। रात्रि में भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुकेश माहुले जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, युवराज माहुले, राहुल मेश्राम, विजय लिल्हारे, प्रेम नगपुरे, मुन्ना माहुले, हितेश माहुले, समीर सचदेवा , दीपक दमाहे, शिबू विश्वकर्मा, सादे दमाहे, सरगम उपवशी,राजू श्रीनाग का संपूर्ण सहयोग मां गंगा जमुना मेला समिति को रहा।



# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किए गए, जहां जागरूकता रैली निकालकर विश्व एड्स दिवस मनाया गया एवं स्थानीय नगर पालिका के सभाहाल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रंगोली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स को लेकर जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडे द्वारा बताया गया कि निश्चित ही आज जागरूकता से एड्स पर नियंत्रण पाया जा रहा है, हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि जिस प्रकार से प्रतिवर्ष संख्या बढ़ रही है पर उस चैन को आज रोकने में स्वास्थ्य विभाग को सफलता मिली है, और लगातार स्वास्थ्य विभाग द्वारा एड्स को बढ़ने से रोकने के लिए ही कार्य किया जा रहा है। आपको बता दे कि 01 दिसम्बर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रविवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जागरूकता रैली सुनिश्चित की गई। रैली का शुभारंभ न्यायाधीश श्री थपलियाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जिला चिकित्सालय में समाप्त हुई। रैली में शामिल नर्सिंग स्टॉफ व छात्राएं एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स द्वारा बैनर एवं नारों के माध्यम से एचआईवी संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश रविन्द्र कुशवाहा, अपर सत्र न्यायाधीश अमर कुमार शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आसिफ अब्दुल्लाह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजीव कटारे, व्यवहार न्यायाधीष श्रीमती शिखा शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय, नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति बालाघाट अन्य चिकित्सकगण एवं डिफेंस काउंसिल उपस्थित रहें।




### रंगोली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया संदेश

1 दिसंबर को सुबह से ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा रैली निकाल कर शहर के प्रमुख चौक चौराहों एवं गलियों का भ्रमण करते हुए एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया, तो वहीं दोपहर नगर पालिका के सभाहाल एवं परिसर में रंगोली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया।

### पलायन से भी बड़ा है जिले में ग्राफ

चर्चा के दौरान जिला चिकित्सालय के टीवी अधिकारी द्वारा बताया गया कि जहां एक और जिले में एड्स के मरीज की संख्या बड़ी है तो वहीं इसका एक प्रमुख कारण आज जिले से पलायन कर वापस आने वाले लोगों द्वारा भी इसका ग्राफ बढ़ाया गया है और इस कारण भी जिले में एड्स का ग्राफ बढ़ते जा रहा है जिसकी चैन को भी तोड़ने के लिए विभाग द्वारा निरंतर आने वाले मजदूर एवं लोगों की जांच की जा रही है और उनके टेस्ट लगाए जा रहे हैं।

### कोई नहीं करवाता था एड्स का टेस्ट

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज पांडे द्वारा बताया गया कि आज कहीं ना कहीं लोगों में थोड़ी जागरूकता आई है, किंतु पहले कोई भी एड्स की जांच नहीं करवाते थे एवं उसके बाद विभाग द्वारा प्रसव के समय माता-पिता का एचआईवी टेस्ट करना कंपलसरी कर दिया गया जिसके बाद से ही जिले में मरीजों की संख्या स्पष्ट हो पाई है, एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी आज एचआईवी पर बड़ी सफलता मिली है और पहले जिस प्रकार से माता का प्रसव होने के बाद यदि माता पॉजिटिव होने पर बेटा भी पॉजिटिव होता था, उस चैन को अब तोड़ दिया गया है एवं अब बच्चा माता के साथ पॉजिटिव नहीं होता है जिस पर स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी उपलब्धि मिली है।

# समता भवन बालाघाट में आठ दिसंबर को होगा बौद्ध सम्मेलन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला बौद्ध संघ बालाघाट के तत्वावधान में 17 नवंबर को समता भवन बूढ़ी बालाघाट में बौद्ध धम्म सम्मेलन आयोजित किया गया था, किंतु अपरिहार्य कारण उसे सामाजिक धार्मिक हितों को ध्यान में रख स्थगित किया गया है और यह कार्यक्रम में आगामी आठ दिसंबर को समता भवन बालाघाट में आयोजित होगा। कार्यक्रम बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के संस्थापक मुंशी एनएल खोबरागड़े के परिवार के सदस्य मिलिंद बौद्ध भोपाल के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम के उद्घाटक इंजीनियर आरसी तिरपुंडे, अधिवक्ता लोक डोंगरे, रविंद्र बांगरे, एलडी मेश्राम, इंजीनियर अजय रावतकर सहित अन्य मौजूद रहेंगे। ज्ञात हो कि जिला बौद्ध संघ बालाघाट के तत्वावधान में बुद्ध अंबेडकर मिशन से संबंधित कार्यक्रम सदैव आयोजित होते रहते है। बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के माध्यम से सामाजिक धार्मिक विवादों का निराकरण किया जाता रहा है। जिला बौद्ध संघ बालाघाट को विध्वंस करने वाले तथाकथित लोगों के द्वारा विगत वर्ष रमा बाई बौद्ध विहार वारासिवनी में बैठक आयोजित कर संगठन को तोड़ने का अनायास प्रयास किए थे।बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के तत्वावधान में समता भवन बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता संजय खोबरागड़े को संगठन का विधिक रूप से जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के रूप में एलान किया गया था और अधिवक्ता संजय खोबरागड़े ने संगठन को स्थाई रूप से मजबूत बनाने स्वयं से 38800 रुपये का चालान रजिस्ट्रार फर्म एव संस्थाए जबलपुर में वर्ष 2013 से वर्ष 2024 तक की राशि जमा किए, किंतु संगठन को विध्वंस करने वाले लोग समाज को गुमराह करने का कार्य करते रहते है। समाज के बीच भ्रांतियां को दूर करने व संगठन को विध्वंस करने वाले तथाकथित लोगों के चेहरे समाज के बीच लाने का प्रयास किया जाएगा।

# वार्ड क्रमांक 33 गायखुरी में बिक रही अवैध शराब को लेकर की गई बैठक

## वार्ड में रैली निकालकर नशा मुक्ति अभियान शुरू करने की ली गई शपथ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। वार्ड क्रमांक 33 में गली ,मोहल्ले और मंदिर के आसपास अवैध रूप से बिकने वाली शराब पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से वार्डवासियों द्वारा एक आवश्यक बैठक आहूत की गई, जिसमें वार्ड के सभी लोग उपस्थित हुए और यह निर्णय लिया गया है कि वार्ड में जो अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है और जो युवा पीढ़ी नशे की ओर जा रही है , उस पर रोक लगाने के उद्देश्य से वार्ड में नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की जाएगी और नशा मुक्ति वार्ड बनाने को लेकर वार्ड में कार्य किया जाएगा, साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि जो अवैध रूप से शराब बेचेगा उस पर और नदी किनारे शराब का सेवन करने वालों पर दंड स्वरूप जुरबाना लगाने की भी रणनीति बनाई गई है, जिसमें बताने वाले व्यक्ति को भी प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया शहर के वार्ड नंबर 33 गायखुरी में अवैध रूप से बिक रही शराब व नदी तट पर मंदिर किनारे की जा रही नशाखोरी व असामाजिक गतिविधियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के लिये वार्ड के युवाओं व महिलाओं सहित बुर्जुगों ने मोर्चा खोल दिया है। रविवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत वैनगंगा नदी तट किनारे स्थित शिव मंदिर समीप बैठक आयोजित कर वार्ड में भव्य रैली निकाली गई। जिसमें वार्ड में अवैध रूप से बिक रही शराब पर प्रतिबंध लगाने व नशा नहीं करने लोगों को जागरूक किया गया। रैली शिव मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर दुर्गा चौक, आम्बेडकर चौक से लोधी मोहल्ला होते हुये हनुमान मंदिर से गायखुरी चौक से प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुये वापस शिव मंदिर प्रांगण पहुंच संपन्न हुई। इस दौरान प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, नशा मुक्ति अभियान से जुड़े अशोक लिल्हारे, संदीप लिल्हारे, दीपक लिल्हारे, डॉ. पी.आर उरकुड़े, एंचपाल लिल्हारे, बलराम लिल्हारे, श्रीमती रामबती बघेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुशीला सरोते, किशोर लिल्हारे, तेजन बाई पिछोड़े, रूपा सरोते सहित अन्य शामिल रहे। रैली के दौरान नारा दिया गया कि अपना नहीं तो परिवार का ख्याल करो, नशा छोड़कर, सबका कल्याण करो। इस कार्यक्रम में वार्ड के प्रबुद्धजन व महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल रहे। इस दौरान नशे से होने वाली नुकसानी व बीमारियों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष ने कहा कि एक व्यक्ति के नशा करने से पूरे परिवार में अशांति रहती है। शराब पीकर लोग घरों में अपनी पत्नी व परिवार के साथ विवाद करते है और आपराधिक गतिविधियों को भी अंजाम देते है। शराब की लत के चलते युवा असमय ही काल के गाल में समा गये है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जो अवैध रूप से शराब बिक रही है उससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। स्थानीय रहवासियों के अलावा बाहर से भी लोग यहां आकर शराब व नशा खोरी करते है जिससे आये दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है। वहीं नशा मुक्ति संगठन से जुड़े संदीप लिल्हारे, दीपक सहित अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि शराब व नशा से कई घर तबाह हो रहे है। कई लोग दिन भर मेहनत मजदूरी कर पैसा कमाते है और उसे शराब के नशे में उड़ा देते है जिससे परिवार में भी आर्थिक तंगहाली बनी रहती है। वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दिला पाते है और घर व मोहल्ले का वातावरण भी गंदा होता है। जिससे हम सभी को संकल्प लेना होगा कि नशा पर पूरी तरह प्रतिबंध लगे जिससे हमारे वार्ड व क्षेत्र का वातावरण व समाज का माहौल अच्छा हो और लोग आर्थिक रूप से अपने जीवन स्तर को सुदृढ़ व मजबूत कर सकें। इस अवसर पर महेश बिसेन, संतोष पांडे, रेखलाल रंगारे, राधेश्याम लिल्हारे, दुलीचंद दौने, अभय पिछोड़े, विकास लिल्हारे, श्रवण लिल्हारे, राकेश बघेल, लख्मीचंद बोरीकर, सुखराम सहारे, तेजलाल सहारे, मुकेश दौने, मदन केकती, रामकिशोर नगपुरे, संतोष लिल्हारे, विजय दौने, मोहन लिल्हारे, सुषमा लिल्हारे, दुर्गावंती लिल्हारे, रेखा तुरकर, जिजन राऊत, सुहागा बाई लिल्हारे, ज्योति नगपुरे, ठगनबाई पन्द्राम, मोहरलाल, बब्बूलाल मेश्राम सहित अन्य मौजूद रहे।



# बालाघाट खेल उत्सव और कुम्हारी प्रीमियर लीग 4 से

## ग्राम पंचायत कुम्हारी मैदान मे होगी खेल प्रतियोगिता

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट खेल उत्सव और क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन पांच मे खिलाड़ियों के द्वारा अपना दम-खम दिखाया जायेगा शिक्षा संत शिरोमणि स्वामी ब्रम्हानन्द जी की जयंती के अवसर पर छू लो आसमान किसने रोका हैं संस्था, आज़ाद हिन्द डिफेन्स एकेडमी और ग्राम कुम्हारी के द्वारा आयोजित खेल उत्सव 4 दिसंबर से प्रारम्भ होगा जिसको लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### लगभग 200 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

इस सम्बन्ध मे आयोजक समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे और छू लो आसमान किसने रोका हैं की डाइरेक्टर श्रीमती शाक्षी लिल्हारे के मार्गदर्शन मे खेल उत्सव दूसरा वर्ष 4 दिसंबर से और कुम्हारी प्रीमियर लीग सीजन पांचवा पांच दिसंबर से प्रारम्भ होगा जिसको लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों मे गजब का उत्साह देखने को मिल रहा हैं इसके आलावा आयोजन के बेहतर संचालन और खेल मैदान मे सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं जिसके लिए आयोजन समिति के द्वारा हर स्तर पर बेहतर व्यवस्था बनाई जा रही हैं. इस आयोजन मे जँहा जिलाध्यक्ष स्तरीय खेल उत्सव मे दौड़, लम्बी कूद,गोला फेक सहित अन्य प्रतियोगिता को इसलिए बढ़ावा दिया जा रहा हैं की पुलिस आरक्षक, वन रक्षक जैसी अन्य परीक्षाओ के लिए ग्रामीण स्तर से ही बच्चो का मार्गदर्शन और मनोबल बढ़ाया जा सके ताकि उन्हें विभिन्न प्रकार की परीक्षाओ के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार किया जा सके, वंही जानकारी के अनुसार खेल उतसव के लिए लगभग 200 प्रतिभागी खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया हैं तो वंही 10 टीमों के द्वारा क्रिकेट खेला जायेगा.इसके आलावा क्रिकेट के माध्यम से ग्रामीण क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म के जरिये आगे बढ़ाया जा सके,विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से कुम्हारी ग्राम पंचायत की धरती पर खेलो का समागम हो पाए आयोजक समिति के पंकज सोनी, इमरान खान ,आलोक सोनी ,अभिषेक डहारे, महेन्द्र बिसाने, संकेश सोनी, शुभम रनगिरे , मोहपत लिल्हारे, राजू केवट, शिवशंकर लिल्हारे, लक्ष्मी पिछोड़े, ,अनिल बिसाने,इंद्रजीत उपवंशी, प्रमोद सोनी , प्रताप उइके, सुमित उइके, दिनेश रनगिरे, संकेत उइके एवम समस्त ग्रामीण ग्राम कुम्हारी ने खेल उत्सव और कुम्हारी प्रीमियर लीग मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होने की अपील की हैं।

# पांढरवानी के भूतपूर्व सरपंच पर किसानों ने नहर के कुलापे एवं नाली को बंद करने का लगाया आरोप

## किसानों ने नहर के बंद कुलापे एवं नाली को खुलवाकर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

**लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के अंतर्गत आने वाले ग्राम आमाटोला में विगत कई वर्षो से सर्राटी माइनर नहर के माध्यम से किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए जाता है और किसानों की सुविधा अनुसार नहर के कुलापे के साथ ही छोटी-छोटी नालियों का निर्माण किया गया है। जिससे किसान खेतों में लगी फसल को सिंचित कर फसल उत्पादन करते है परन्तु आमाटोला के किसानों का आरोप है कि पांढरवानी के भूतपूर्व सरपंच फैज मो. फैज के द्वारा अपनी निजि भूमि बताकर विगत कई वर्षों से सिंचाई के लिए बनी नाली एवं कुलापे को बंद कर दिया गया है। जिससे किसान अपने खेतों में रबी सीजन में लगाई की चना, अलसी सहित अन्य फसलों में सिंचाई एवं जिन किसानों की जमीन सूख गई है वे नहर का पानी चलाकर बुवाई करना चाहते है परन्तु नाली एवं कुलापे बंद हो जाने के कारण फसल में सिंचाई करने के साथ ही बुवाई का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। साथ ही किसानों ने यह भी कहा कि जब हमारे द्वारा भूतपूर्व सरपंच से कहा जाता है कि पुर्वजों के समय से इसी स्थान से किसानों के खेतों में पानी सिंचाई के लिए पहुंचता है परन्तु वे मानने को तैयार नही है और किसानों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि जिस स्थान से पूर्व से सर्राटी जलाशय माइनर नहर आमाटोला स्थित नाली एवं कुलापे से पानी आता है। जिससे बंद कर दिया गया है उसे खुलवाकर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाये।**





### खेतों में पानी नही पहुंचने पर ६० से ७० एकड़ की फसल होगी प्रभावित, जिम्मेदार मौन

आपकों बता दे कि लालबर्रा मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. स्थित सर्राटी जलाशय से रामजीटोला माइनर नहर पूर्व में मिट्टी की बनी हुई थी और जिस ग्राम के समीप से नहर गुजरी है उक्त ग्रामों के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने के लिए जगह-जगह नहर में कुलापे एवं छोटी-छोटी नालियों का निर्माण किया गया है जिससे किसान फसल में सिंचाई करते आ रहे है। वहीं मिट्टी की बनी नहर जीर्णशीर्ण होने जाने के कारण एक वर्ष पूर्व लाखों रूपयों की लागत से सीमेन्टीकरण नहर का निर्माण किया गया है और पूर्व में जिस स्थान पर कुलापे बने थे उसी स्थान पर कुलापे बनाये गये है। जिससे किसान खरीफ एवं रबी की फसल में नहर में पानी आने पर अपनी फसल में सिंचाई कर फसल उत्पादन लेते है। पांढरवानी के आमाटोला स्थित पावर हाउस रोड़ के समीप से सर्राटी जलाशय माइनर नहर गुजरी है और किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सके उसके लिए नहर किनारे से छोटी नाली एवं कुलापे बनाये गये है परन्तु पांढरवानी के भूतपूर्व सरपंच फैज मो. फैज के द्वारा अपनी निजि भूमि बताकर कुलापे एवं नाली को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण खरीफ सीजन की धान की फसल कटाई कर जिन किसानों की खेती में नमी थी उन्होने रबी की फसल बो दिये है एवं जिनकी जमीन सूख सुखी थी वे सिंचाई कर बुवाई करना चाहते है परन्तु कुलापे व नाली बंद होने के कारण फसल में सिंचाई एवं रबी फसल की बुवाई नही कर पा रहे है जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही आमाटोला के कुलापे एवं नाली बंद होने से करीब ६० से ७० एकड़ की फसल में सिंचाई नही हो पायेगी जिससे किसानों की फसल प्रभावित हो सकती है इसलिए किसानों ने बंद कुलापे एवं नाली को खुलवाकर सिंचाई के लिए पानी देने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### पूर्वजों के जमाने से इसी नाली से होती है सिंचाई - संतोष



किसान संतोष बिसेन ने बताया कि सर्राटी जलाशय माइनर नहर के माध्यम से आमाटोला के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है और आमाटोला स्थित नहर के कुलापे एवं नाली से हमारे पूर्वजों के समय से किसानों के खेतों की ओर पानी जाता है। लेकिन पांढरवानी के भूतपूर्व सरपंच फैज मो. फैज के द्वारा नाली एवं कुलापे को बंद कर दिया गया है। जिसके कारण खेतों में पानी नही पहुंच पा रहा है ऐसी स्थिति में रबी सीजन में लगने वाली फसल की बुवाई नही कर पा रहे है एवं जिन्होने पूर्व में कर दिये है वे सिंचाई नही कर पायेगे जिससे उनकी फसल प्रभावित हो सकती है। श्री बिसेन ने बताया कि जिस स्थान पर किसानों के खेतों में पानी जाता है वह सिंचाई विभाग की है लेकिन फैज मो. फैज का कहना है की जमीन हमारी है बोलकर नाली एवं कुलापे को बंद कर दिये है जिससे खोलने नही दे रहे है जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। हमारी मांग है कि पूर्वजों के समय से जिस स्थान से नाली से सिंचाई हो रही है उसी स्थान से होनी चाहिए।

### ६० से ७० एकड़ खेती होगी प्रभावित - पैकराम



किसान पैकराम साहू ने बताया कि आमाटोला स्थित नहर के कुलापे एवं नाली के माध्यम से विगत वर्षों से किसानों के खेतों में पानी जाता है और खरीफ एवं रबी सीजन की फसल में बारिश नही होने पर किसान नहर के पानी से सिंचाई कर फसल उत्पादन लेते है। लेकिन वर्तमान समय में नाली एवं कुलापे को बंद कर दिया गया है जिसके कारण रबी सीजन में लग चुकी फसल में पानी के अभाव में खराब हो जायेगी एवं जिन लोगों ने बुवाई नही किये है वे बुवाई नही कर पा रहे है जिससे करीब ६० से ७० एकड़ की फसल प्रभावित हो सकती है और किसानों को नुकसानी का सामना करना पड़ेगा। श्री साहू ने बताया कि किसानों के द्वारा खेत की जुताई कर पानी का इंतजार किया जा रहा है क्योंकि सिंचाई कर चना, गेंहू, अलसी, सरसो सहित अन्य फसलों की बुवाई एवं जिन लोगों ने पूर्व में बुवाई कर चुके है उसे सिंचित करना है। रबी सीजन में सभी किसान नहर के पानी पर निर्भर है इसके अलावा कोई दुसरा साधन नही है इसलिए प्रशासन से मांग है कि जो नाली बंद है उसे खुलवाये।

### बंद नाली एवं कुलापे को खुलवाये प्रशासन - प्रहलाद

किसान प्रहलाद मेश्राम ने बताया कि आमाटोला के पावर हाउस रोड़ स्थित नहर की वर्षो पुरानी नाली के माध्यम से किसानों के खेतों में सिंचाई होती है लेकिन वर्तमान में पांढरवानी के भूतपूर्व सरपंच फैज मोहम्मद फैज़ के द्वारा अपनी जमीन बताकर नाली को बंद कर दिया गया। जिससे नहर का पानी किसानों के खेतों तक नहीं जा पा रहा है। यदि नाली बंद रही और किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पानी नही पहुंचेगा तो फसल उत्पादन नही ले पायेगें और खेत पड़ती रहे जायेगी। श्री मेश्राम ने बताया कि सभी किसानों ने जिसने नाली बंद किया है उससे कहा गया कि नाली को खोल दे लेकिन वह नही मान रहे है इसलिए किसान परेशान है और जल्द प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर उक्त समस्या से अवगत करवाकर बंद नाली को खोलने की मांग की जायेगी। अगर किसानों के खेतों में नहर का पानी नही पहुंचेगा तो किसान फसल उत्पादन नही ले पायेगें जिससे किसानों को आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ेगा।



### मेरी निजि भूमि है, प्रशासन किसानों की वैकल्पिक व्यवस्था करें - फैज मो. फैज



पांढरवानी के भूतपूर्व सरपंच फैज मोहम्मद फैज ने बताया कि किसान मेरी निजि भूमि से पानी निकासी के लिए जगह मांग रहे है जबकि मेरे द्वारा पहले ही किसानों को जानकारी दे दी गई थी कि यह मेरी निजि भूमि है, आप अन्य जगह से पानी ले जाने की व्यवस्था करें । लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं मानी और जब तक खाली जमीन थी मैंने पानी जाने दिया, अब मेरे द्वारा अपनी भूमि को बेचा जा रहा है इसलिए मेरी निजि जमीन से पानी ले जाने से मना किया जा रहा है। श्री फैज ने बताया कि प्रशासन किसानों के खेतों तक नहर का पानी पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करें और किसानों के द्वारा कहा जा रहा है कि यह शासकीय भूमि है तो वे सीमांकन करवा सकते है, सीमांकन में स्पष्ट हो जायेगा कि शासकीय भूमि है या निजि, यदि शासकीय भूमि निकलती है तो हम अपनी जमीन छोड़ने तैयार है परन्तु निजि भूमि से पानी नही जाने देगें।

# कानूनी जागरूकता पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गर्रा स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल में कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशानुसार, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी, परियोजना अधिकारी श्रीमती रानू शिवहरे के मार्गदर्शन में हम होगें कामयाब पखवाड़ा अभियान के तहत शनिवार को कानूनी जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हम होगें कामयाब पखवाड़ा अभियान के आयोजन प्रभारी, पर्यवेक्षक श्रीमती माधुरी जैन एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। हम होगें कामयाब पखवाड़ा पर आयोजित कानूनी जागरूकता कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक संस्थान, समुदाय में घरेलु हिंसा होने पर उसके खिलाफ विरोध कर जानकारी देने सहित अन्य जानकारी दी गई और उनके अधिकारों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। चर्चा में महिला एवं बाल विकास विभाग लालबर्रा पर्यवेक्षक, आयोजन प्रभारी श्रीमती माधुरी जैन ने बताया कि शैक्षणिक संस्थान व समुदाय में घरेलू हिंसा अधिनियम २००५ कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम निषेध और निवारण) अधिनियम २०१३, पास्को एक्ट (यौन अपराध से बच्चों का निवारण) अधिनियम २०१२ भारतीय न्याय संहिता २०२३ और पीड़ित मुआवजा के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता २०२३ के तहत विशेष अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशाला का आयोजन एवं घरेलू हिंसा की रिपोर्ट करने और उपलब्ध सहायता सेवाओं तक पहुंचाने के महत्व पर केंद्रित गतिविधियों के बारे में गर्रा के माध्यमिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को समझाइश दी गई। साथ ही महिला सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक हेल्पलाइन नंबर बताये गये है जिसमें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर ११२, महिला हेल्पलाइन नंबर १८१, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर १०९८, साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर १९३० आदि के बारे में बताया गया ताकि किसी प्रकार की परेशानी होने पर उक्त नंबर पर कॉल लगाना मदद ले सकते है। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का हुआ आयोजन

## ३ परीक्षा केन्द्र में ९८६ विद्यार्थियों ने हल किया पर्चा, १६ विद्यार्थी रहे अनुपस्थित





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा १ दिसंबर को संपन्न हुई। लालबर्रा विकासखण्ड में बनाये गये ३ परीक्षा केन्द्र सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उज्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा, शासकीय कन्या उमावि. अमोली, वैदिक कांवेट इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा में १ दिसंबर को राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा में ९८६ छात्र-छात्राओं ने प्रात: १०.४५ से दोपहर २ बजे तक शांतिपूर्वक तरीके से पर्चा हल किये एवं १६ छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। साथ ही किसी भी परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार का नकल प्रकरण नही बना है। नगर मुख्यालय स्थित सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का केन्द्र बनाया गया था और प्रात: १०.४५ बजे से विकासखण्ड से पहुंचे कक्षा ८ वीं के पंजीकृत ४०५ छात्र-छात्राओं में से ४०० छात्र-छात्राओं ने दोपहर २ बजे तक शांतिपूर्वक पर्चा हल किये। इसी तरह शासकीय कन्या उमा. वि. अमोली में २६५ में से २६२ उपस्थित, ३ अनुपस्थित, वैदिक कान्वेंट इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा में ३३२ में से ३२४ विद्यार्थी उपस्थित, ८ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह कुल पंजीकृत १००२ में से ९८६ विद्यार्थी शामिल हुए एवं १६ विद्यार्थीअनुपस्थित रहे। आपकों बता दे कि प्रतिवर्ष शासन के द्वारा राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है । इसी निर्देश के परिपालन में १ दिसंबर २०२४ को भी राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा आयोजित की गई जिसमें लालबर्रा विकासखण्ड में स्थित स्कूलों के कक्षा ८ वीं के पंजीकृत ९८६ छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में शामिल होकर पर्चा हल किया है। साथ ही राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा में चयनित छात्र-छात्राओं को प्रतिवर्ष आगे की पढ़ाई करने के लिए १२ हजार रूपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति शासन के द्वारा प्रदान की जायेगी जिससे उन्हे पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि शासन के निर्देश पर राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन १ दिसंबर को किया गया और नगर मुख्यालय में तीन परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। जिसमें सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोली, वैदिक कान्वेंट इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा शामिल है और पंजीयकृत १००२ छात्र-छात्राओं में से कुल ९८६ छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, १६ अनुपस्थित रहे एवं परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई है। श्री तुरकर ने बताया कि राष्ट्रीय मिन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा में विकासखण्ड के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं शामिल हुए है और परीक्षा का परिणाम एक महीने बाद आयेगा। साथ ही यह भी बताया कि जो छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण होगें और कक्षा नवमीं में ६० प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण होने के बाद उन्हे कक्षा बाहरवीं तक की पढ़ाई करने पर १२ हजार रूपये प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति मिलेगी।

# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का हवन-पूजन के साथ हुआ समापन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १४ किमी. दूर ग्राम पंचायत बुट्टा ह. स्थित नेहरू चौक में गत २४ नवंबर से जारी संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का १ दिसंबर को हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर दोपहर में यजमान की उपस्थित में पंडित के द्वारा हवन-पूजन संपन्न करवाया गया। जिसमें उपस्थित श्रध्दालुजनों ने हवन कुण्ड में पुर्णाहुति डालकर धर्मलाभ अर्जित किये तत्पश्चात आरती करने के बाद भंडारा रूपी महाप्रसादी का वितरण किया गया। गत २४ नवंबर से जारी संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक पं. घनश्याम शुक्ला के द्वारा सात दिवस तक प्रतिदिन शाम ७ बजे से रात ११ बजे तक भगवान श्रीकृष्ण के जीवन गाथाओं पर संगीतमय प्रवचन दिया गया। इस भागवत कथा में उपस्थित श्रध्दालुओं ने कथा श्रवण किया साथ ही भगवान की भक्ति में लीन होकर नृत्य भी किये और इस भागवत कथा से पूरे ग्राम में ज्ञान की गंगा बही है एवं क्षेत्रीयजनों ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित किये। वहीं कथावाचक पं. घनश्याम शुक्ला ने उपस्थितजनों से कहा कि कथा से जो ज्ञान प्राप्त हुआ है उसे अपने जीवन में आत्मसात कर सत्य के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को बेहतर बनाने और जो ज्ञान प्राप्त हुआ है उसे जन-जन तक पहुंचकर उनके जीवन में भी परिवर्तन लाने का प्रयास करने की बात कही। चर्चा में श्री सत्य सांई सेवा समिति बुट्टा ह. के संयोजक लक्ष्मीनारायण झंझाड़े ने बताया कि ग्राम के नेहरू चौक में गत दिवस से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा जारी था जिसका समापन रविवार को हवन-पूजन एवं महाप्रसादी वितरण के साथ किया गया। साथ ही आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक पं. घनश्याम शुक्ला के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवनगाथाओं के बारे संगीतमय प्रवचन दिया गया एवं ग्रामीणजनों ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित किये। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रार्थना करते है कि सभी के जीवन में हमेशा खुशहाली बनाये रखे।



# विधायक अनुभा मुंजारे ने पीड़ित किसान एवं मृतक युवक के परिजनों से की मुलाकात

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रमपुरी के चिंतामन मंडलवार एवं प्रभु मंडलवार दोनों किसानों के खेत में रखी ४ एकड़ की धान की खराई में गत दिवस आग लग जाने से फसल जल चुकी थी। जिससे दोनों किसानों को लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं मोहगांव जाम निवासी रूपसिंह परते का बेटा मयंक परते का विगत दिवस आकस्मिक निधन हो गया था। रमपुरी के दो किसानों के खेत में रखी धान की खराई में आग लगने से फसल जल जाने एवं मोहगांव जाम निवासी रूपसिंह परते के बेटे का निधन हो जाने की जानकारी बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे को लगने के बाद वे गत दिवस रमपुरी के किसानों के खेत पहुंचकर उनसे मुलाकात कर हर संभव मदद दिलवाने आश्वास्त किया। वहीं मोहगांव जाम पहुंचकर मृतक युवक के परिजनों से मुलाकात कर मृतात्मा की शांति एवं परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के साथ पांढरवानी सरपंच, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा आयोजित

## वारासिवनी खैरलांजी में १४५० में से १२९९ परीक्षार्थियों ने हल किया पेपर





**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी किया गया। जिसमें १ दिसंबर को नगर के सीएम राइस टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी,सीएम राइज खैरलांजी, शासकीय कन्या शाला खैरलांजी को परीक्षा केंद्र बनाया गया। जहां वारासिवनी के ७५३ ,खैरलांजी के ५४६ इस प्रकार दोनों क्षेत्र के प्रतिभावान १२९९ छात्र छात्राओं के द्वारा पर्चा हल किया गया। इस दौरान उड़न दस्ते के रूप में परीक्षा की मानिटरिंग करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी विद्यालयों में पहुंचकर परीक्षा का जायजा लिया जिससे वे खुश नजर आयें। यह परीक्षा सुबह १०.४५ मिनट पर प्रारंभ की गई जो १२.१५ तक चली इस दौरान समस्त प्रतिभागियों के द्वारा पेपर हल किया गया। उक्त परीक्षा वारासिवनी और खैरलांजी दोनों विकासखंड में शांति पूर्वक संपन्न हुई।**

### वारासिवनी में ७७८ में से ७५३ परीक्षार्थियों ने किया पर्चा हल

नगर के दो शासकीय विद्यालय में इस वर्ष परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सीएम राइस टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में ४२३ परीक्षार्थी दर्ज थे। जिसमें से ४१० परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर पेपर हल किया। वहीं १३ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे जिनकी बैठक व्यवस्था विभिन्न कमरों में की गई। इसी प्रकार कमला नेहरू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ३५५ परीक्षार्थी दर्ज थे। जिसमें से ३४३ परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया जिसमें १२ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे इनकी बैठक व्यवस्था विभिन्न कमरों में की गई थी। इस प्रकार कुल ७७८ परीक्षार्थियों में से ७५३ परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया २५ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### खैरलांजी में ६७२ में से ५४६ परीक्षार्थियों ने पेपर किया हल

खैरलांजी विकासखंड के दो शासकीय विद्यालय में राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें सीएम राइस शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरलांजी में ३३१ परीक्षार्थी दर्ज थे। जिसमें से २५२ परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर पेपर हल किया। वहीं ७९ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे जिनकी बैठक व्यवस्था हाल एवं कमरों में की गई। इसी प्रकार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरलांजी में ३४१ परीक्षार्थी दर्ज थे। जिसमें से २९४ परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया जिसमें ४७ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल ६७२ परीक्षार्थियों में से ५४६ परीक्षार्थियों ने पेपर हल किया १५१ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा में खैरलांजी में सबसे ज्यादा छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे जो चिंता का विषय प्रतीत हो रहा हैं।

### बहेतर पढ़ाई करने मिलती है छात्रवृत्ति

राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा प्रतिवर्ष प्रतिभावान छात्र छात्राओं को शिक्षा सहायता के रूप में छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने के लिए आयोजित की जाती है। जिसमें कक्षा आठवीं के छात्र.छात्राएं भाग लेकर परीक्षा पास होने पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती हैं। उन्हें शासन के द्वारा प्रति वर्ष १२००० रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिससे वह आगे की शिक्षा अच्छे से प्राप्त कर सके। जिसमें वारासिवनी के ७७८ खैरलांजी के ६७२ इस प्रकार क्षेत्र के करीब १४५० विद्यार्थियों के द्वारा पंजीयन कराया गया था। उक्त परीक्षा वर्ष में एक बार होती है जिसके लिए अधिकांश ऐसे निर्धन परिवार जो प्रतिभावान है वह रास्ता देखते रहते हैं । कि वह इस परीक्षा में पास होकर छात्रवृत्ति प्राप्त करें और अपने आगे की शिक्षा बिना किसी बाधा के प्राप्त कर सकें। जिसका उदाहरण विद्यालयों के बाहर देखने मिला की क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से अनेकों माता पिता अपने बच्चे को लेकर स्कूल पहुंचे और पूरी धूप बाहर खड़े हो कर परीक्षा खत्म होने का इंतजार करते रहे।

### वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा स्कुल की जाती रही मोनिटरिंग

उक्त परीक्षा की मॉनिटरिंग के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया जिसके द्वारा विद्यालयों में पहुंचकर स्कूल व्यवस्था एवं परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जिसमें वारासिवनी के अधिकारियों ने वारासिवनी, खैरलांजी क्षेत्र के परीक्षा केंद्र का भ्रमण किया। वहीं बीआरसी के द्वारा बीएसी की ड्यूटी परीक्षा केंद्रों में लगाई गई । जिनके द्वारा प्रारंभ से अंतिम तक परीक्षा में उपस्थिति बनाकर व्यवस्था पर नजर बनाकर रखी गई।

### शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई परीक्षा- सतेंद्र शरणागत

पद्मेश से चर्चा में बीआरसी सतेंद्र शरणागत ने बताया कि राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी किया गया। जिसमें सभी विकासखंड में परीक्षा केंद्र बनाए गए। जहां पर विद्यार्थियों के द्वारा उपस्थित होकर अपना पेपर हल किया गया । इसी दौरान वारासिवनी विकासखंड में भी दो परीक्षा केंद्र शासकीय स्कूल को बनाया गया। जहां पर ७७८ में से ७५३ परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी २५ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। श्री शरणागत ने बताया कि यह परीक्षा शासन के द्वारा विद्यार्थियों को आगे निरंतर शिक्षा अध्ययन करने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिसमें कक्षा आठवीं के अध्यनरत विद्यार्थियों के द्वारा भाग लिया जाता है जिसके तहत इन्हें १२००० वार्षिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है।

# आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

## महापंचायत घोषणा का आदेश जारी करवाने की मांग

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। आजाद अतिथि शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने १ दिसंबर को विधायक निवास पहुँच कर विधायक विवेक पटेल को ज्ञापन



सौंपकर अतिथि शिक्षक महापंचायत २ सितंबर २०२३ में हुई घोषणा के परिपालन हेतु आदेश जारी करवाने तथा नियमितीकरण हेतु योजना बनवाने की मांग की गई। जिन्होंने ज्ञापन में बताया कि तात्कालिन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विधानसभा चुनाव के पहले २ सितंबर २०२३ को अतिथि शिक्षकों की महापंचायत का आयोजन किया गया था। जिसमें उनके द्वारा घोषणाओं को केबिनेट में द्वारा लागू कर आदेश जारी करवाने तथा राजपत्र एवं शिक्षक भर्ती चयन परीक्षा में सभी बिन्दुओं को शामिल करवाने की बात कहते हुए घोषणा की थी। परन्तु उन सभी घोषणाओं का पालन नही किया जा रहा है तो हम चाहते है कि अतिथि शिक्षकों को २५ प्रतिशत के स्थान पर ५० प्रतिशत आरक्षण शिक्षक भर्ती चयन परीक्षा के नियम पुस्तिका में लागू किया जायें। अतिथि शिक्षकों को उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार प्रति वर्ष ४ अंक तथा अधिकतम २० अंक बोनस के रूप में स्कुल शिक्षक भर्ती चयन परीक्षा में दिया जायें। अतिथि शिक्षकों का अनुबंध पूरे एक साल का लागु किया जायें। अतिथि शिक्षकों की विभागीय परीक्षा लेकर गुरुजी की तर्ज पर नियमितीकरण करने हेतु निति बनाई जायें। उक्त बिंदुओं को वर्तमान में चल रही प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती चयन परीक्षा २०२३ के नियम पुस्तिका में संशोधन कर इन घोषणाओं को शामिल कर आदेश जारी किया जायें। अतिथि शिक्षकों के लिये की गई घोषणाओं को केबिनेट की बैठक में प्रस्ताव पारित कर अतिशीघ्र अतिथि शिक्षकों के भविष्य सुरक्षित किया जायें। जिसके लिये अतिथि शिक्षक संघ ने विधायक से विधानसभा में एक बार फिर से प्रश्न कॉल लगाने अपील की है। जहां उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से प्रदेश सरकार के द्वारा व्यवहार किया जा रहा है उससे हमें परेशानी हो रही है। हमारे द्वारा लगातार विभिन्न मांगे की जाती रही है पर उनको महापंचायत में तत्कालीन सरकार के मुखिया ने बातें कही थी। जिसमें चेहरा बदला है सरकार वही है जिन्हें घोषणाओं को पूरा करना चाहिए। सरकार के इस प्रकार के रवैये से हर अतिथि शिक्षक परेशान है। जिनके द्वारा सरकार से अपनी कही बातों पर अमल करने की मांग की जा रही है। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष मुनेंद्र बोरकर, कटंगी ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेंद्र मेश्राम, वारासिवनी खैरलांजी ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार राणा ,वारासिवनी खैरलांजी ब्लॉक सचिव देवेंद्र कुमार पंचेश्वर सहित अन्य अतिथि शिक्षक साथी मौजूद रहे।

# खंडवा पूल निर्धारित समय सीमा में बनकर तैयार, प्रदीप जायसवाल ने किया निरीक्षण

## वारासिवनी आना सभी लिये हुआ आसान-प्रदीप जायसवाल




वारासिवनी( पद्मेश न्यूज ) । वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खंडवा के चंदन नदी पर बने पुल का केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कार्य एंजेसी व संबंधित विभाग को रिटर्निंग वाल, एप्रोच सड़क, सड़क की चौड़ाई जैसे अनेको विषयो में भी निर्देश दिये। ज्ञात हो कि पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के अथक प्रयासो से लगभग १३ करोड़ की राशि से ७ मीटर उंचा व २५० मीटर लंबा पूल बनकर पुरी तरह तैयार हो गया है। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य एंजेसी के साइड इंजीनियर मनोज पटेल ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के सवालो का जवाब देते हुये कहा की हमने समय सीमा १८ माह के भीतर पूल का कार्य पूर्ण कर दिया है। पुल पर फिनिंशग, पेंटिग सहित दोनो तरफ ७८० मीटर व ४१० मीटर की ऐप्रोच रोड़ का कार्य शुरू किया जा रहा है। जिसे हरहाल में मात्र एक माह के भीतर कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा। वहीं संबधित विभाग के एसडीओ श्री सनोडिया लोक निर्माण सेतू विभाग उपसंभाग बालाघाट व उपयंत्री को दूरभाष पर निर्देशित करते हुये कहा की जंहा सीसी सड़क जरूरी है और जंहा डामरीकरण की सड़क जरूरी उसे ही बनाकर हरहाल में एप्रोच सड़क की चौडाई ५-५ मीटर रखी जायें। जिससे दो बड़े वाहन एक साथ मुख्य सड़क तक आवागमन कर सके। यह मार्ग अब बढ़ते आवागमन को कम करने में भी बेहद मददगार साबित होगा। ऐथेनाल प्लांट सहित कंटगी दिशा में जाने वाले बड़े वाहनो के लिये यह मार्ग एक सुगम रास्ते के रूप में सामने आ रहा है। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा की मात्र एक माह के कार्य के बाद इस पुल को जनता के लिये समर्पित कर दिया जायेगा। जिसके लिये समारोह के साथ कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। अभी तो वर्तमान में ही आवागमन तक प्रारंभिक स्तर पर शुरू हो गया है। जिसे देखकर एक ग्राम के सैकड़ो ग्रामीणो की खुशियो का ठिकाना भी नजर आ रहा है। श्री जायसवाल ने कहा कि खंडवा ग्राम के वासियो की सबसे ज्यादा परेशानी पूल बनने के पहले बरसात के दिनो में नजर आती थी। पूल नही होने के कारण चंदन नदी पर बाढ़ के दिनो में उन्हे तीन ग्रामों का कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर वारासिवनी आना पडता था। ग्राम के शिक्षा अध्धयन करने के लिये वारासिवनी आना विद्यार्थियों के लिये बेहद परेशानी का कार्य प्रतित होता था। इसी तरह की परेशानी किसानो के साथ भी देखी जा रही थी। किंतू अब पूल बनने के कारण खंडवा वासीयों को पूल पारकर वारासिवनी मुख्यालय आने में मात्र तीन सौ मीटर की ही दूरी सुगमता से तय करनी पडेगी। और यह सुविधा की राह वे पिछले कई सालो से देख रहे थे। अनेक दलों के जनप्रतिनिधीयों के समक्ष गुहार लगाने के बाद आखिर उनकी इस पीडा को दूर करके प्रदीप जायसवाल ने उनकी जिदंगी को बेहद सरल और आसान तक बना दिया है।

# कैरियर स्कुल में एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) । स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना स्वंय सेवकों एवं सेविकाओं सहित अन्य छात्र छात्राओं से एड्स की खतरनाक बिमारी से बचाव हेतु एक विषेश अभियान चलाने का आव्हान किया गया। आयोजित सभा को स्कूल संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन ,कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना राकेश कुमार मिश्रा के अतिरिक्त स्कूल के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा संबोधित करते हुए एड्स फैलने के कारण एवं रोकथाम के उपाय पर प्रकाश डाला गया। इसके अतिरिक्त एक जागरूकता रैली भी निकाली गई जो पटेल टोला, पीपर टोला सहित गोद ग्राम सिकन्द्रा का भ्रमण करते हुए स्कूल पहुंची। जागरूकता रैली एवं सभा में शाला परिवार की विशेष उपस्थित रही।



# स्काउट गाइड का पर्यावरण परिवर्तन कार्यशाला आयोजित

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। टिहलीबाई माध्यमिक शाला परिसर में भारत स्काउट गाइड जिला प्रशिक्षण कार्यालय में क्लैप प्रोजेक्ट अंतर्गत जिला स्तरीय पर्यावरण परिवर्तन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला २६ से ३० नवंबर तक पांच दिवसीय आयोजित की गई। जो जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव वॉ के स्काउट गाइड ने क्लेप प्रोजेक्ट का प्रशिक्षण भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में चलाये जा रहे प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत जिला स्तर पर पर्यावरण परिवर्तन कार्यशाला २६ से ३० नवबंर तक किया गया। जिसमें सभी ब्लॉक से ६० स्काउट गाइड एवं प्रभारी शिक्षक रोवर रेंजर ने भाग लिया। जिसमें प्रशिक्षण देने के लिए कुमारी रिया कन्नोजे डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कटनी एवं राहुल राजपूत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर जबलपुर के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



के द्वारा चलाये जा रहे मिशन लाइफ के अंतर्गत ७ थीम सेव एनर्जी, सेव वाटर, सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध, स्वस्थ जीवन शैली, रीसायकल करना, रीसायकल ई. वेस्ट, आदि विषयों पर स्काउट गाइड, रोवर्स. रेंजर को प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें प्रतिभागियों के द्वारा नए नए प्रेजेंटेशन के द्वारा क्लाइमेट चेंज पर प्रदर्शन किया गया। इस प्रशिक्षण में स्काउट गाइड के सम्मिलित होने में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव वॉ की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती ऊषा देशमुख का सराहनीय योगदान रहा। जिससे इस संस्था के ४ स्काउट एवं ६ गाइड ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया जो यूनिसेफ के वालंटियर के रूप में कार्य कर अपने क्षेत्र के लोगों को जलवायु परिवर्तन से अवगत कराकर यूनिसेफ के ७ थीम के विषयों पर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर इनेन्द्र डहरवाल ,डोलीराम भगत ,भेंजेद्र चौधरी, ललित कुमार मिश्रा ,आर के टेंभरे ,रघुवीर सिंह ठाकुर ,एस एल पटले ,हरि प्रसाद देशमुख ,श्रीमती लक्ष्मी पटले ,एम एम कुरैशी ,अरुण पटले, लुरेन्द्र पटले ,दीपांकर भार्गव सहित अन्य भारत स्काउट गाइड प्रतिभागी प्रशिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# वैश्विक व्यापार पर ट्रंप की धमकी और उसके निहितार्थ

अमेरिका के दोबारा राष्ट्रपति बनने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को धमकी भरे स्वर में चेतावनी दे डाली है कि यदि ये देश अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने या अपनी स्वतंत्र मुद्रा लाने का प्रयास करेंगे, तो वे उनके उत्पादों पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे। वैसे तो ट्रंप की धमकी उन नौ देशों के लिए है जो ब्रिक्स गठबंधन का हिस्सा हैं। ब्रिक्स समूह यानी ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका वर्तमान वैश्विक शासन प्रणाली में एक महत्वपूर्ण उभरती हुई ताकत की हैसीयत रखता है। यही वजह है कि ब्रिक्स 2024 में मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नए पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हुए, जिसने संगठन के बढ़ते अधिकार और अंतरराष्ट्रीय मामलों में इसकी भूमिका को रेखांकित कर दिया है। ऐसे में दुनिया की खुद को महाशक्ति बताने और बनाने के लिए सदा तैयार रहने वाले अमेरिका की चिंता समझ आती है। अमेरिकी डॉलर लंबे समय से वैश्विक व्यापार की प्रमुख मुद्रा रही है, लेकिन ब्रिक्स देशों ने इसे अब चुनौती देने का इरादा जाहिर किया है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इन देशों ने एक कॉमन करेंसी बनाने का प्रस्ताव रखा था। इस पहल का उद्देश्य अमेरिकी डॉलर पर वैश्विक निर्भरता को कम करना और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। रूस और चीन तो विशेष रूप से डॉलर पर निर्भरता घटाने के प्रयास में काफी लंबे समय से लगे हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तो अमेरिका पर डॉलर को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने जैसा गंभीर आरोप भी लगाया है। इसके साथ ही रूस ने एक वैकल्पिक वैश्विक भुगतान प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे पश्चिमी प्रतिबंधों से बचा जा सके। ऐसे हालात में अमेरिका के भावी राष्ट्रपति ट्रंप ने जो धमकी दी है उसाका विशेष प्रभाव भारत जैसे विकासशील देशों पर पड़ना तय है। दरअसल अमेरिका भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 118.3 बिलियन डॉलर रहा, जिसमें भारत का निर्यात 41.6 अरब डॉलर था। इसलिए ट्रंप ने जो कहा है, यदि वैसा हो जाता है तो यह कदम भारत के लिए वाकई चिंताजनक हो सकता है। अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग घटने का अंदेशा है। किसी भी प्रकार की बाधा से भारतीय अर्थव्यवस्था को भी झटका लग सकता है, खासकर आईटी, फार्मास्युटिकल्स और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में इसका असर सबसे पहले देखने को मिल सकता है।

वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो ब्रिक्स देशों के पास वैश्विक व्यापार में डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देने की मजबूत इच्छाशक्ति और पर्याप्त कारण भी हैं। उनके पास प्राकृतिक संसाधन, बड़ी जनसंख्या और उभरती अर्थव्यवस्थाओं का आधार है, जो उन्हें इस दिशा में कदम आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रेरित कर रहा है। ऐसे में यदि ब्रिक्स एक साझा करेंसी लॉन्च करता है और व्यापार के लिए इसे अपनाता है, तो यह डॉलर की वैश्विक स्थिति को वाकई कमजोर करने वाला साबित हो सकता है। यह अलग बात है कि ऐसा करते हुए ब्रिक्स देशों को अनेक चुनौतियों का सामना भी करना पड़ेगा। सबसे पहले तो नई करेंसी की स्वीकार्यता, स्थिरता और वैश्विक वित्तीय प्रणाली में भरोसे को स्थापित करना कोई आसान बात नहीं होगी।

# दहेज ही सबसे बड़ी योग्यता, दहेज की बलि चढ़ती बेटियां?

18 से 20 वर्ष की लड़कियों की संख्या के ज्यादा मामले प्रकाश में आ रहे हैं।इकलौती बेटियां बलि च ?ाई जा रही है।समझ नहीं आता कि समाज के लोग चुप क्यों है अगर आज दूसरों की बेटी जलानें के मामले में चुप है मगर कल जब उनकी बेटियों के साथ ऐसा होगा तब भी क्या चुप रहेगें।समाज को इन लोभियों का खात्मा करना होगा। दहेज प्रथा ने आज इतना भयानक रुप धारण कर लिया है कि समाज का प्रत्येक वर्ग इसके कारण दुखी है इसकी भयानकता का प्रमाण प्रतिदिन हो रही घटनाओं में साक्षात नजर आ रहा है। आज सोना 77350 रूपये और चांदी 90297 हो चूका है द्य गरीब लोग कहाँ से जेवर देंगें सरकार को सख्त कानून बनाना होगा तभी यह आभिशाप मिट सकता है द्य दहेज उन्मूलन के लिए प्रतिवर्ष लाखों रुपया खर्च किया जाता है सैमीनार लगाए जातें है रैलियां निकाली जाती है नारे लिखे जाते है, मगर नतीजा कुछ नहीं निकलता। जो जनता के मसीहा ऐसे कानून बनाते है वही लोग इसका सरासर उल्लघन करते हैं।बेशक देश में दहेज के खिलाफ ढेरों कड़े कानून बनाए है मगर यह कानून फाईलों की धूल चाट रहे हैं। पिछले बीते दस सालों के यह आंकडे बहुत ही खौफनाक तस्वीर प्रस्तूत कर रहे हैं। आज बेटियों को जलाया जा रहा है यातनाएं दी जा रही हैं ऐसे कई रुह कंपा देने वाले मामले हर रोज देखने को मिल रहे हैं। गरीब घरों की बेटियां चारदीवारी के अन्दर ही अन्दर घूटती रहती है उनकी सिसकियां देखने वाला कोई नहीं है क्योकि उन्हे डर होता है कि यदि विरोध किया तो न घर की रहेगी न घाट की रहेगी इसलिए चुपचाप नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड व्यूरों में दर्ज मामले चैकानें वाले है हर वर्ष इन घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हो रही है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं।कानूनों का उल्लघन हो रहा है।दहेज प्रथा की जड़े गहरी होती जा रही है अगर समय रहते इन जड़ों को काटा नहीं गया तो बाद में पछतानें के सिवाय कुछ हासिल नहीं होगा।आज गरीबों की बेटियों को दहेज के लिए मारा जा रहा है।दहेज लोभियों को जमानतों पर छोड़ा जा रहा है।पैसें के बल पर जेलों से रिहा हो रहे है।फिर न्याय की उम्मीद किस से करें।गरीब आदमी कुछ नहीं कर पा रहे है।न्याय के लिए भटक रहे है पर न्याय नहीं मिल रहा है।दहेज लालची अपने बिगडैल लाडलों की दूसरी शादियां कर रहे हैं।विडम्बना देखिए की लोग इन अपराधियों से अपनी बेटियों की शादियां कर रहे है।समाज को ऐसे लोगों का बहिष्कार करना चाहिए




दहेज का दानव प्रतिदिन बेटियों को निगल रहा है दहेज के दानव का खात्मा करना होगा द्य आज भले ही लडकी कितनी भी उच्च शिक्षित हो मगर पहली शर्त यही होती है कि यहां से कितना दहेज मिल सकता है दहेज ही सबसे बड़ी योग्यता बन गई हैं। विश्व गुरु कहलाने वाले भारत में बड़ रही दहेज की संस्कृति को रोकना होगा।प्रतिदिन दहेज के लालचियों द्वारा बेटियों को दहेज की बलि चढ़ाया जा रहा है।देश के हर राज्य में दहेज के मामले प्रकाश में आ रहे हैद्य दहेज हत्याओं की बढती घटनाएं अशुभ सकेत है आखिर दहेज हत्याऐ क्यों नहीं रुकती है यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है।भारत में दहेज हत्याओं की प्रतिशतता दर बढ़ती ही जा रही है।

जो दहेज के लिए मार चुके अपराधियों को अपनी बेटियां सौंप रहे है।ऐसे लोगों को तब होश आएगा जब उनकी बेटियां भी मौत के घाट उतारी जाएगी।ऐसे लोग समाज पर कलंक है जो दहेज लोभियों का साथ देते है। दहेज की प्रताड़नाओं से दुखी होकर बेटियां आत्महत्या कर रही है छोटे-छोटे व दूधमुहें बच्चे-बच्चियां छूट रहे है। बिना मां के इन मासूम बच्चों का जीवन नरक बन रहा है।क्योकि दहेज लोभी दूसरी शादियां कर रहे है।फिर इन बच्चों को नारकीय जीवन जीनें के लिए मजबूर होना पड़ता है।कानून के अनुसार दहेज लेना व देना कानूनी जुर्म है मगर इस नियम की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।आज लोग भारी-भरकम दहेज दे रहे हैं जिस कारण यह प्रचलन दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है।गरीब लोग दहेज देने में असमर्थ है नतीजन ससुराल पक्ष के लोग उन्हे प्रताड़ित करते हैं।देश का कोई भी राज्य इस दहेज की बीमारी से अछूता नहीं है हर राज्य में दहेज हत्याओं के मामले घटित हो रहे हैं।सामाजिक संस्थाएं भी ऐसे मामलों पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है वे भी कुछ मामलो को ही तरजीह देती है दहेज हत्याओं का ग्राफ घटनें के बजाए निरंतर बढता ही जा रहा है। कानून का लचीलापन तथा सरकारें इसके लिए जिम्मेवार हैं।आज पंजाब ,हरियाणा, हिमाचल व उतर प्रदेश,राजस्थान जैसे राज्यों मे प्रतिदिन ऐसे मामले हो रहे है। मुम्बई, कोलकाता ,दिल्ली व चैन्नई जैसे महानगरों में तो ऐसे मामले हदें पार कर चुके हैं क्योकि यहां हर दिन दहेज हत्याएं होती है । मगर दहेज के लोभियों पर कोई सख्त कारवाई नहीं हो रही है नतीजन यह प्रथा विकराल रुप धारण करती जा रही है यदि सरकारें इन दहेज के लालचियों पर शिकंजा कसे तो इस प्रथा को रोका जा सकता हे मगर राज्य सरकारें हाथ पर हाथ धरे तमाशा देख रही हैं।दहेज न देने के कारण आज गरीब लड़कियों की शादीआं नहीं हो रही है क्योकि आज लोग दहेज के लालची हो गए हैं।आज लोग अपनी जमीन-जायदादे तथा सोने-चांदी के आभूषणों को गिरवी रखकर दहेज दे रहे है साहूकारों से पैसा उधार लेकर बेटियों के हाथ पीले कर रहे है ताकि शादी हो सके उसके बाद भी लालचियों का पेट नहीं भरता है। उसके बाद भी और दहेज लाने के लिए तंग करते हैं। अमीर व साधन-संपन्न लोग लाखों रुपयों का दहेज देते है मगर इसकी मार प्रत्यक्ष रुप से गरीबों पर पड़ रही है लोग देखा-देखी में ज्यादा से ज्यादा दहेज दे रहे है। धन्नासेठ इतना दहेज देते है कि उसकी कीमत लाखों में होती है। अक्सर देखा गया है कि कई रईस लोग नकद पैसा भी देते हैं। कार व कोठी तक देते हैं। जबकि संस्थाओं को ऐसे लोगों को कटघरे में खड़ा करके सजा दिलवानी चाहिए ताकि आने वाले समय में दहेज प्रथा पर पूर्ण रुप से प्रतिबन्ध लगाया जा सके। क्यांकि राजनेता से लेकर धन्नासेठ इतना दहेज देते है कि उसकी कीमत लाखों में होती है। अक्सर देखा गया है कि कई रईस लोग नकद पैसा भी देते हैं। कार व कोठी तक देते हैं। दहेज के विरुद्ध कुछ वर्ष पहले मेरठ की एक बहादुर लडकी निशा ने दहेज के लोभियों को ऐसा सबक सिखाया था कि उन्हे ताउम्र सबक याद रहेगा निशा एक मिसाल बन गई थी जब उसने बारात को वापिस भेजा ओर दहेज के लालचियों को पुलिस के हवाले करके हवालात भिजवाया था निशा के इस जज्बे को पूरा भारत सलाम करता है कि यदि हर लडकी निशा जैसा संबल दिखाए तो इस प्रथा का अंत हो जाएगा।सरकारों को इन मामलों को अनदेखा नहीं करना चाहिए।दहेज के कारण आज बेटियों का जीवन बरवाद हो रहा है कई घरों की इकलौती बेटियां दहेज की बलि चड़ाई जा रही हैं। सरकारों को एक ऐसी कमेटियां गठित करनी चाहिए कि जो लोगों को जागरुक कर सके ताकि एकजुट होकर इस प्रथा के खिलाफ कदम उठ सकें। समाज को इस कुरीती के विरुद्ध खडा होना पड़ेगा तब इस पर विराम लग सकता है।दहेज के लिए मानव से दानव बन चुके इन लोगों को सजा ए मौत देनी चाहिए।सरेआम चोराहो पर सजा देनी चाहिए ताकि समाज के दूसरे लोग भी सबक सीख सकें। अगर अब भी सरकारों से लापरवाही बरती तो दहेज हत्याएं होती रहेगी। निति-नियंताओं को चाहिए कि इस पर रोक लगाने के लिए कारगर कदम उठाएं ताकि इस दहेज के दानव से निजात मिल सके।वक्त अभी संभलने का है।दहेज विरोधी संस्थाओं को ऐसे लोगों को कटघरे में खड़ा करके सजा दिलवानी चाहिए ताकि आने वाले समय में दहेज प्रथा पर पूर्ण रुप से प्रतिबन्ध लगाया जा

**- नरेन्द्र भारती**

## बाबा की नेतागिरी पर बाबाजी की सीख

7 मै धीरेन्द्र शास्त्री को कभी गंभीरता से नहीं लेता। धीरेन्द्र अभी हमारी नजर में बाबा [बच्चा] ही है ,लेकिन कुछ बच्चे समय से पहले परिपक्व हो जाते हैं ,इसलिए पढ़ाई-लिखे के बजाय बाबागिरी पर उतर आते हैं। धीरेन्द्र शास्त्री भी उन्हीं बच्चों में से एक है। उनके सितारे अभी बुलंद हैं और इसी के आधार पर वे हिन्दू हृदय सम्राट बन जाने की जल्दबाजी में है। उन्हें धूर्त राजनीतिज्ञों ने अपने स्वार्थ के लिए हिन्दू हृदय सम्राट बनाने में कोई कसर छोड़ी भी नहीं है ,लेकिन शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने सही समय पर बाबा धीरेन्द्र को सही तरीके से डपट दिया। धीरेन्द्र शास्त्री पर लिखने का मेरा कोई मन नहीं था,लेकिन स्वामी अविमुक्तेश्वरानद बोले तो मुझे भी लिखना पड़ा । बाबा धीरेन्द्र ने हाल ही में सनातन हिन्दू एकता यात्रा निकाली । इस यात्रा में खूब भीड़ उमड़ी । तमाम बाबा इसमें शामिल हुए । इनमें फिल्मी दुनिया के बाबा और कथावाचक बाबा भी शामिल हुए। बेरोजगारों की भीड़ को तो इसमें शामिल होना ही था। बाबा ने सड़क पर चुकट्टों में चाय सुड़ककर आम आदमी होने का खूब तमाशा किया। मीडिया के लिए बाबाओं की ये बाबागीरी बड़े काम की साबित हुई ।टीवी चैनलों को अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए ऐसे ही तमाशों की जरूरत होती है। बाबाओं को पैसे देकर फिल्मी बाबा भी बुलाने पढ़ते हैं। वरना फिल्मी बाबा चिरी ऊँगली पर न मूतें । बहरहाल बात हम शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानद जी की कर रहे हैं। अविमुक्तेश्वरानद भी कांग्रेसी शंकराचार्य के रूप में बदनाम स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के उत्तराधिकारी है। वे अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी नहीं गए थे , मुकेश अम्बानी के बेटे की शादी में गए थे । लेकिन उन्होंने फिर भी एक मार्के की बात कही है कि बाबा धीरेन्द्र शास्त्री राजनीतिक शक्ति के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। हम भी यही सब कहते तो हमें शहरी नक्सल या वामपंथी कहकर अनसुना करने की कोशिश की जाती ,लेकिन जब यही बात एक शंकराचार्य जी कह रहे हैं तो उसका कुछ महत्व बनता है। शास्त्री के मुकाबले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को हैसियत बड़ी है। बाबा धीरेन्द्र शास्त्री ,जिन्हें बुंदेलखंड के धर्मभीरु लोग बागवश्वर बाबा कहते हैं , अपनी यात्रा के आरम्भ से अंत तक उत्तर प्रदेश के बाबा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चुनाव मंत्र बटोगे तो कटोगे का जाप करते आये। उन्होंने अपने आपको प्रगतिशील बताने के लिए जाति-पांत का भी विरोध किया ,लेकिन बाबा धीरेन्द्र शास्त्री उन बाबाजी के शिष्य हैं जो जाति-पांत में अखंड भरोसा रखने वाले स्वामी रामभद्राचार्य जी के शिष्य हैं। इसलिए सभी को पता है कि धीरेन्द्र के मन में जाति-पांत की जड़ें कितनी गहरी हैं? उनके गुरु तो ब्राम्हणों में भी ऊंच-नीच की बात करते हैं। बाबा धीरेन्द्र को सबसे पहले अपने गुरूजी को जाति-पांत की बीमारी से मुक्त करना चाहिए था। लेकिन बाबा तो बाबा होते हैं। बर्र और बालक का एक जैसा स्वभाव होता है। बाबा धीरेन्द्र भी शास्त्री कम, बर्र ज्यादा हैं। बर्र समझते हैं न आप बुंदेलखंड और अवध में बर्र एक ऐसा कीट है जो बहुत आक्रामक होता है । आदमी पर टूट पड़े तो जान तक ले ले। अभी हाल हमें शिवपुरी में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके भक्तों पर हमला कर दिया।

# राहुल गांधी को राजनीति के कुछ सबक सीखने होंगे

कांग्रेस की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। महाराष्ट्र के नतीजे इसी बात को रेखांकित कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस न तो भारतीय जनता पार्टी को टक्कर दे पा रही है और न ही देशहित के प्रभावी मुद्दे उठा पा रही है। देश में कॉर्पोरेट विरोधी जो एकसूत्री एजेंडा राहुल ने अपनाया है, या संविधान-रक्षा एवं धर्म-निरपेक्षता के नाम पर एक सम्प्रदाय-विशेष की जो राजनीति वह कर रहे हैं, उसके सकारात्मक परिणाम नहीं आ रहे हैं, उनके इन मुद्दों के पक्ष में वोट नहीं मिले हैं। निश्चित ही राष्ट्रीय राजनीति में अगर कोई एक चीज है, जो नहीं बदली है, तो वह है भाजपा को मात देने में कांग्रेस की अक्षमता। भाजपा से सीधी टक्कर में कांग्रेस की हार का औसत प्रतिशत बढ़ता ही जा रहे हैं। अब तो कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोग दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। कांग्रेस के लिये जटिल से जटिलतर होते हालातों में केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश हो सकता है। निश्चित रूप से प्रियंका के राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व पर लगा अक्षमता एवं अपरिपक्व राजनीति का दाग इससे कैसे कम हो सकता है?



राहुल गांधी संसद के बाहर और भीतर दोनों जगह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर पूरी तरह हमलावर रहते हैं, वे गैर-जरूरी मुद्दों को लेकर अक्सर संसद की कार्रवाई को बाधित करते हैं। अडाणी एवं कॉर्पोरेट विरोधी उनका एजेंडा देश की अर्थ-व्यवस्था के लिये कितना नुकसानदायी साबित होता रहा है, देश की जनता ने इसे महसूस किया है। राहुल दस साल से यह गलती कर रहे हैं और उनकी पार्टी इसकी कीमत चुका रही है। कांग्रेस और विशेष रूप से उसके नेता राहुल गांधी न जाने कब से अदाणी समूह को कोस रहे हैं। एक अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद वह हाथ धोकर इस समूह के पीछे प ? गए हैं, लेकिन शायद वह यह देखने से इन्कार कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल कांग्रेस के इस रवैये से सहमत नहीं है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे ऐसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं।

ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं? यदि राहुल गांधी को यह लगता है कि अदाणी समूह दागदार है तो वह अपनी सरकारों को उससे कोई नाता न रखने के लिए क्यों नहीं कह पा रहे हैं? यह समझना भी कठिन है कि कांग्रेस अमेरिकी अदालत के आकलन को अंतिम सत्य की तरह क्यों ले रही है और वह भी तब, जब उसने रिश्वत के कथित लेन-देन के कोई प्रमाण नहीं पेश किए हैं?

नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी अपनी इस आक्रामकता से हासिल क्या करना चाहते हैं। विडम्बना देखिये कि संयुक्त अरब अमीरात, तंजानिया और श्रीलंका जैसे देश अदाणी समूह पर अमेरिकी अदालत की टिप्पणी को महत्व नहीं दे रहे हैं, लेकिन भारत में कांग्रेस के नेता और कुछ अन्य लोग उसे बिनी किसी जांच-पड़ताल दंडित करने को उतावले हैं। यह उतावलापन इसलिए भी ठीक नहीं, क्योंकि निवेशक अदाणी समूह पर भरोसा जता रहे हैं और इसी कारण उसके शेयरों में तथाकथित अमेरीकी कार्रवाई से भारी गिरावट के बाद पुन: तेजी देखने को मिल रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है।

हर जगह कांग्रेस अपने मजबूत सहयोगियों के बूते सीटें जीतने में कामयाब रही है। ओडिशा में कांग्रेस का वजूद खत्म हो चुका है। एक वक्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन अब वहां भाजपा छाई हुई है। जबकि इन राज्यों की डेमोग्राफी कांग्रेस के पक्ष में हैं, लेकिन सरकारें भाजपा की है। कांग्रेस मुद्दे नहीं तय कर पा रही है। बीजेपी हर राज्य के हिसाब से मुद्दे तय करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर सीट के हिसाब के मुद्दों के हिसाब से बोलते हैं। वहां के इतिहास, भूगोल, राजनीतिक परिस्थितियां सबको ध्यान में रख कर बोलते हैं। लेकिन कांग्रेस इसके हिसाब से मुद्दे और रणनीति तय नहीं कर पाती। बड़ा सवाल ये है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित दिख रही कांग्रेस इसके बाद एक भी राज्य का चुनाव क्यों नहीं जीत पाई। आखिर उसकी रणनीति में कहां खामी है और वो बार-बार कहां चूक रही है?

लगभग जीत के मुहाने पर खड़ी कांग्रेस को हरियाणा में हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के साथ यही किस्सा अब राजनीतिक तौर पर देश के दूसरे बड़े अहम राज्य महाराष्ट्र में भी दोहराया गया। झारखंड में पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुआई वाले गठबंधन में शामिल थी और वो 2019 में जीती 16 सीटों में एक भी सीट का इजाफा नहीं कर पाई। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस बुरी तरह नाकाम रही। कांग्रेस 90 में से छह सीटें ही जीत पाईं और नेशनल कॉन्फ्रेंस की जूनियर पार्टनर बन कर किसी तरह अपनी नाक बचा पाई। भाजपा ने महाराष्ट्र में हिंदू मतदाताओं के रुझान का ख्याल रखा। इसी के हिसाब से नारे गढ़े। लाडकी बहिन जैसी लाभार्थी योजना, आरक्षण के सवालों और महाराष्ट्र के किसानों के मुद्दों के इर्द-गिर्द अपनी रणनीति बनाई। लेकिन राहुल गांधी ऐसे चुनावी मुद्दों को गड़ने में क्यों असफल रहे? आखिर कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी इन स्थितियों पर गंभीर मंथन क्यों नहीं करते?

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुस्लिम तुष्टीकरण का राग अलापते हुए देश में मुस्लिमों का तो पक्ष लेते हैं लेकिन बांग्लादेश एवं पाकिस्तान में हिन्दुओं पर हो अत्याचारों पर मौन साध लेते हैं। उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। राहुल गांधी बेतुकी आक्रामकता से उपरत क्यों नहीं हो रहे हैं? वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी दल अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है।

**- ललित गर्ग**

# शक्तिशाली व्यक्ति या नेता अथवा धर्मगुरु- इंसानियत के लिए शुभ नहीं होते!

अक्सर हम सुनते है की फलां नेता बुद्धिमान है और भला भी है -परंतु प्रकटिकाल नहीं हैं। इसका अर्थ यह होता है की वह व्यक्ति योग्य भले ही हो , परंतु लोगों के काम कराने लायक नहीं हैं। कुछ ऐसा ही हम राज्य और देश के नेत्रत्व के चुनाव मे भी सोचते है और करते है। लोकतंत्र को जनता द्वारा चुनी हुई सरकार समझा जाता हैं। परंतु हकीकत में ऐसा होता नहीं हैं। क्यूंकी हम उनमुद्दों पर अपना प्रतिनिधि चुनते है अथवा चयन प्रक्रिया में भाग लेते है , जो हमारे चुनाव को वास्तव में प्रतिफलित करती ही नहीं हैं जिनको जनता के शिक्षा - स्वास्थ्य - रोजगार और भोजन से कोई सरोकार नहीं होता। हालांकि सत्ता से जुड़े पार्टी के कार्यकर्ता से लेकर सर्वोच्च शिखर पर बैठे हुए व्यक्ति इन्ही मुद्दों को भाषणों से ---विज्ञपनों से और मीडिया के भिन्न तंत्रों में दुहराते सुन जाएगा। सत्ता के अन्य स्तरों पर भी इन वादों को दुहराया जाता है ---और शिखर पर विराजमान महाशय के शब्दों को ऐसे दुहराया जाएगा --मानो वे वेद सूक्ति हो! हालांकि उनके शब्द ढपोर शंख ही होते है। काम से काम विगत दस सालों का अनुभव तो यही हैं। वैसे इनको विश्व का एक ताकतवर नेता ही प्रचारित किया जाता हैं। वैसे दुनिया के सभी देशों के नेता राष्ट्रपति --प्रधान मंत्री आदि को विश्व के पटल पर ऐसे ही परोसा जाता हैं। अभी हाल मे संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव हुए , जिसमे डोनाल्ड ट्रम्प साहब विजयी हुए। अब दुनिया में तो क्या उनके अपने देश के बुद्धिजीवी - भी उनके वचनों और कर्मों को जानकार भयभीत है। पर उन्होंने अपनी निरंकुश और जिद्दी छवि के चलते मतदाताओ का मन मोह लिया है। हालांकि अमेरिका के मित्र राष्ट्रों को उनकी नीतियों का तो पता नहीं , परंतु उनके बयानों से वे काफी चिंतित है। बात चाहे यूक्रेन को सैन्य मदद की हो अथवा रूस से उसके विवाद की बात हो सभी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। क्यूंकी पिछली बार की भांति अगर उन्होंने नाटो सैन्य संगठन मे सहायता देने से मना कर दिया जिसकी उम्मीद ज्यादा है तब रूस के विरुद्ध यूरोप की लामबंदी थप हो जाएगी।

फलस्वरूप ट्रम्प अपनी 卐महान卐 छवि को मतदाताओ के सामने बनाए रखे , परंतु विश्व का शक्ति संतुलन तो भहर जाएगा। ऐसा नहीं की ट्रम्प स्थिति को जानते नहीं हैं , लेकिन वे अपनी महान छवि के लिए अमेरिका और दुनिया को एक ओर रख देंगे। उनकी छवि के बारे मे यही कहा जा सकता है की ---उनके विरुद्ध यौन उत्पीड़न --- रिश्वत देने और देश के कानून के तहत जांच मे असत्य बोलने के मुकदमे चल ही रहे हैं! परंतु राजनीतिक दबाव और कानूनी प्रक्रिया के चलते अब उन्हे दोषी या अपराधी कैसे ठहराया जाएगा!

भारत मे उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने विरुद्ध अदालतों में चल रहे दर्जनों मुकदमों को अपनी कलम से वापस लिए जाने का सरकारी आदेश जारी कर दिया। फलस्वरूप वे एक शरीफ नागरिक बन गए! अब ऐसा तो डोनाल्ड ट्रम्प भी कर ही सकते हैं। यानि शक्तिशाली होने के लिए वह सब कुछ करना जायज है जो नैतिक नहीं है। कुछ ऐसा ही कारनामा केन्या के राष्ट्रपति ने किया। जिन्होंने देहरादून के दी व्यवसायी भाइयों को सरकार ठेकों को अनाप -सयानप भावों मे दे दिया , इस प्रक्रिया मे मे उनको भी करोड़ों रुपये का अनीतिक लाभ भी हुआ। बाद मे हो हाल होने पर गुप्ता बंधुओ को भारत लौटना पड़ा। अभी अदानी समूह को भी जीतने ठेके मिले थे उन्हे केन्या सरकार ने रद्द कर दिया।

यंहा अदानी समूह का जिक्र भी जरूरी है, श्री लंका की पुरानी सरकार के समय मे अदानों बंधुओ को विद्युत छेत्र मे काफी बड़े ठेके वनहा की सरकार ने दिए थे। परंतु श्री लंका मे चुनाव मे साम्यवादी पार्टी को सत्ता मिली। तब उन्होंने अदानी बंधुओ का ठेका निरस्त कर दिया। परंतु भारत में अदानी समूह विद्युत उत्पादन मे सरकार को बहुत महंगे रेट पर कोयला बेचता था। कहा जाता है की झारखंड का कोयला आस्ट्रेलिया से घुमाया फिर बहुत मंहगे दामों पर सरकार को सप्लाइ किया। अब ईद धंधे मे सप्लाइ करने वाले और खरीदने वाले दोनों ही मालामाल हुए।

अब अमेरिका की अदालत ने अदानी समूह पर अमेरिकी निवेशकों के पैसे को रिश्वत के तौर पर भारतीय अधिकारियों को सोलर ऊर्जा के ठेके प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किया जो की अमेरिकी कानून मे भयंकर अपराध हैं। अब होने को तो अदानी समूह भी बहुत शक्तिशाली है ! अदानी समूह की हैसियत भारत के सत्ता के गलियारों मे अच्छे से जानी और मानी जाती है। उनके पहले जिओ यानि की अंबानी समूह की देश मे तूती बोलती थी। परंतु विगत पाँच -छह वर्षों से अब मोदी जी के प्रिय गौतम अदानी ही देश के व्यापार में --बैंक और स्टॉक मार्केट मे सुप्रीमो माने जाते है। तो यह है कुछ शक्तिशाली लोगों की कुंडली!!

**-विजय कुमार**

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 16.50 रुपए महंगा हुआ

नई दिल्ली। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम एक बार फिर बढ़ गए हैं। तेल कंपनियों ने 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 16.50 रुपये की वृद्धि कर दी है। दिल्ली में यह सिलेंडर अब 1818.50 रुपये का है। यह पांचवां महीना है जब इन सिलेंडरों की कीमतें बढ़ रही हैं। इस बढ़ती कीमतों का असर हवाई ईंधन के भी दामों पर पड़ रहा है। एटीएफ का दाम भी 13.18.12 रुपए किलो लीटर महंगा किया गया है। यह दर भी पिछले महीने की तुलना में बढ़ी है। अब एलपीजी सिलेंडर की कीमतें नवंबर में भी बढ़ी थीं। इसमें कोलकाता में 1927.00 रुपये, मुंबई में 1771.00 रुपये और चेन्नई में 1980.50 रुपये की कीमतों का घोषणा की गई थी। उज्ज्वला योजना के तहत घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में सब्सिडी के बिना इस सिलेंडर की कीमत 803.00 रुपये में है। कंपनियों ने यह भी जाहिर दिया कि हवाई ईंधन के दाम में इजाफा कर दिया गया है, जिससे उड़ान भरने वालों के लिए टिकट की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। इस बढ़ोतरी की क्या होगा अनुमान लगाना बेहद मुश्किल है।

## मुफिन ग्रीन फाइनेंस- निवेशकों को किया मालामाल

नई दिल्ली। हर निवेशक अब मल्टीबैगर स्टॉक की तलाश में रह रहा है और मुफिन ग्रीन फाइनेंस इस तलाश में एक चमकता हुआ सितारा बन गई है। इस छोटे स्केल एनबीएफसी कंपनी ने पिछले 5 वर्षों में अपने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। अत्याधुनिक वित्तीय सेवाओं प्रदान करने वाले मुफिन ग्रीन फाइनेंस ने नई पहल शुरू की है और 15 करोड़ रुपए के निवेश के लिए गैर-सूचीबद्ध, सुरक्षित और कर योग्य नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) जारी करने की योजना बनाई है। इस प्रक्रिया में बोर्ड की मंजूरी के बाद अब नियामक प्राधिकरणों की मंजूरी की प्रतीक्षा है। मुफिन ग्रीन फाइनेंस के नाम को स्टॉक मार्केट में एक नए उच्चस्तर पर पहुंचाने में सफलता मिली है और निवेशकों के लिए यह एक बेहद सुनहरा मौका साबित हो सकता है। आपका माल न देखकर इस सूची में जगह बुक करने के लिए तैयार रहें, क्योंकि यह नई आयाम स्थापित करने का समय है।

## न्यूज स्कोर पर मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस शीर्ष पर कायम

मुंबई। राजस्व, लाभ, बाजार मूल्य और सामाजिक प्रभाव के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज मीडिया में भारत की सबसे अधिक विजिबिलिटी वाली कंपनी है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया कि मीडिया में रिलायंस की विजिबिलिटी भारत की अग्रणी एफएमसीजी या बैंकिंग और वित्त कंपनियों की तुलना में काफी अधिक है। साल 2024 के लिए न्यूज स्कोर पर मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस ने 100 में से 97.43 अंक हासिल किए। साल 2023 में यह 96.46, 2022 में 92.56 और 2021 में 84.9 था। कंपनी लगातार टॉप पर बनी हुई है और इसकी विजिबिलिटी बढ़ रही है। दरअसल विजीकी का न्यूज स्कोर खबरों की संख्या, शीर्षक उपस्थिति, प्रकाशनों की पहुंच और पाठकों की संख्या के आधार पर निर्धारित होता है। रिलायंस विजीकी की स्थापना के बाद पिछले पांच वर्षों से वार्षिक रैंकिंग में शीर्ष पर कायम है। विजीकी रैंकिंग में रिलायंस की रैंकिंग 97.43 के न्यूज स्कोर के साथ बाकी कंपनियों से ऊपर रही। इसके बाद भारतीय स्टेट बैंक (89.13), एचडीएफसी बैंक (86.24), पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस (84.63), आईसीआईसीआई बैंक (84.33) और जोमैटो (82.94) का स्थान रहा। विजीकी न्यूज स्कोर एक गणना है, जो विभिन्न कारकों पर विचार करके भारत में किसी ब्रांड की मीडिया उपस्थिति को दिखाता है। इसमें समाचार की संख्या (ब्रांड के बारे में समाचार की संख्या), शीर्षक उपस्थिति (ब्रांड का नाम कितनी बार सुर्खियों में दिखाई दिया), प्रकाशन पहुंच (ब्रांड को कवर करने वाले प्रकाशनों की पहुंच) और पाठक संख्या (ब्रांड को कवर करने वाले प्रकाशनों की पाठक संख्या) शामिल हैं। स्कोर शून्य से 100 तक होता है और यह चार लाख से अधिक प्रकाशनों की निगरानी पर आधारित है।

## आठ शहरों में मॉल और प्रमुख बाजारों में खुदरा स्थान की पट्टा गतिविधियों में बढ़ोत्तरी

मुंबई। जनवरी-सितंबर 2024 के दौरान प्रमुख आठ शहरों में शॉपिंग मॉल और प्रमुख बाजारों में खुदरा स्थान की पट्टा गतिविधियों में करीब पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी ने एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष आठ शहरों में श्रेणी 'ए' के मॉल और मुख्य खुदरा बाजारों में पट्टा गतिविधियां जनवरी-सितंबर 2024 के दौरान 55.3 लाख वर्ग फुट थीं, जबकि पिछले वर्ष की सामान अवधि में यह आंकड़ा 52.9 लाख वर्ग फुट था। ये आठ शहर दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद हैं। रिपोर्ट में कहा, भारत की खुदरा अचल संपत्ति की वृद्धि बरकरार है। यह मॉल और मुख्य बाजारों, दोनों में मजबूत पट्टा संख्या से देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि विवेकाधीन खर्च में वृद्धि और उपभोक्ता की बदलती प्राथमिकताएं प्रीमियम खुदरा स्थानों की मांग को बढ़ा रही हैं।

## एसडब्ल्यू एमजी मोटर की बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 6,019 इकाई पर

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख मोटरकार कंपनी जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने रविवार का एक मुख्य घोषणा की कि नवंबर 2024 तक उनकी थोक बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 6,019 इकाई पहुंच गई है। कंपनी ने यह भी कहा कि उनके इलेक्ट्रिक वाहन विंडसर ने 3,144 इकाइयों की बिक्री के साथ दूसरे महीने भी तोड़तोड़ की है। कंपनी ने बताया कि उनकी कुल मासिक बिक्री में नए ऊर्जा वाहनों (एनईवी) का हिस्सा 70 प्रतिशत है। यह उछाल उनके इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू है और उन्हें बाजार में भी मजबूती का अहसास करवाता है। इस ताजा विकेन्द्रीकरण के साथ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धा को लेकर नए उत्साह का संकेत दिया है। उनकी विंडसर श्रृंखला और एनईवी सेगमेंट में उच्च बिक्री उनके उद्यमी रुझान के प्रति विश्वास को मजबूत कर रही है।

## आज का राशिफल



**मेष** - आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको बिजनेस की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आपकी अपने बॉस से खटपट हो सकती है, इसलिए कार्यक्षेत्र में लोगों से काम से काम ही मतलब रखें। आप अपने पिताजी से पारिवारिक समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे। आपका कोई पैतृक संपत्ति का बंटवारा होने से आपकी संपत्ति में भी इजाफा होगा।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से कमजोर रहने वाला है। आपका कोई पुराना रोग उभर सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाने की योजना बनाएंगे। आपको परिवार में किसी सदस्य से यदि कोई जिम्मेदारी मिले, तो आप उसे समय रहते पूरा करने की कोशिश करें।

**मिथुन** - आज का दिन आपके लिए किसी नए बिजनेस की शुरुआत करने के लिए रहेगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। आप कामों को लेकर मौज मस्ती के मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में निवेश कर सकते हैं। आप यदि किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने की सोच रहे थे, तो वह भी आपके लिए अच्छी रहेगी।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा। आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा, जिससे आपके कामों में कुछ रुकावट अवश्य आएंगी। कार्यक्षेत्र में आपको किसी स्कॉलरशिप से संबंधित परीक्षा को दे सकते हैं। आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। आपके आस पड़ोस में यदि कोई वाद-विवाद उत्पन्न हो।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपने सहयोगियों से किसी बात को कहने का मौका मिलेगा। किसी पुरानी गलती को आप दोबारा ना दोहराएं। परिवार में सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर खटपट चल रही है, तो उसे बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करें। आपका कोई प्रॉपर्टी संबंधित मामला आपको परेशान करेगा।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको बिजनेस में डूबा हुआ धन भी मिलने की संभावना है। आप किसी नए काम की शुरुआत के लिए भी योजना बना सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलेगा। आपको बड़ों की बातों पर ध्यान देना होगा, क्योंकि वह आपको किसी अच्छे काम की ही सलाह देंगे।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने बिखरे व्यापार को संभालने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपका कोई मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आएगा, जिसमें आप कोई पुराने गले शिकवे न उखाड़े। संतान को आप कहीं घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आप उनकी फरमाइश पर किसी नए वाहन को भी घर ला सकते हैं।

**वृश्चिक** - वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। जीवनसाथी से यदि किसी बात को लेकर खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपका मन धार्मिक कामों में खूब लगेगा और आप अपने धन का कुछ हिस्सा गरीबों की सेवा में भी लगाएंगे। नौकरी में कार्यरत लोग किसी काम में लापरवाही कर सकते हैं, जिससे उनके बॉस से भी उनको डांट खानी पड़ेगी।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपका कोई खास प्रोजेक्ट शुरू हो सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोग थोड़ा सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करें। आपने यदि किसी पर आंख बंदकर भरोसा किया, तो वह आपके भरोसे कर तोड़ सकता है। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लगेगी। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होगी।

**मकर** - आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उनको अपने साथी की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी और आप कहीं घूमने-फिरने जाने की भी प्लानिंग कर सकते हैं। पार्टनरशिप में किसी डील को फाइनल करने से पहले आप उसमें लिखा पढ़ी अवश्य करें, नहीं तो बाद में आपके साथ धोखा हो सकता है। किसी पैतृक संपत्ति मामले में आपको थोड़ी निराशा रहेगी। आप किसी को कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

**कुंभ** - कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन मौजमस्ती से भरा रहने वाला है। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने से परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। आपको बेवजह किसी बात को लेकर गुस्सा करने से बचना होगा और आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखें, नहीं तो लोगों को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से फूले नहीं समाएंगे।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा, क्योंकि आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जिनसे आपको खुशी होगी। आपका कोई लंबे समय से चल रहा कोई कानूनी मामला भी सुलझ सकता है, जो आपको खुशी देगा। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कार्यक्षेत्र में कुछ गलती हो सकती हैं, जिनसे आपको समस्या होगी।

## शब्दजाल - 7737

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मु | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | ट | रा |
| वि | ली | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | ड़ | चु |
| मे | ष | बा | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | क | इं |
| नौ | ब | न | बा | वा | स | थु | ल | ष | क | डि |
| अ | मी | ल | म | चा | न | क्रो | न | भ | च | या |
| ल | न | र | रा | क | ली | ती | ण | घ | र | द |
| सिं | निं | ग | ट्रे | न | र | स | बा | व | स | क |
| ह | ऊ | ई | द | ब | क | फ | चो | श | क | रा |
| म | तु | ला | रा | म | स | या | औ | र | आ | क |
| गॉ | ल | प | लि | जी | कुं | भ | म | प | द | क |
| ड | क | र्क | या | क | र्त | व्य | ब | त | म | श |

शब्दजाल में राशिचक्र की 10 राशियों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

मेष, मकर, वृषभ, कन्या, सिंह, तुला, कुंभ, मीन, मिथुन, कर्क

### शब्दजाल - 7736 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | ग | र | ग | द | रि | सि | या | र | क |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ता | ली |
| गि | स | शे | ल | बा | छ | ची | ता | रा | क | क |
| री | ज | र | दो | पु | ज | न | ह | न | त | क |
| क | खु | दो | भा | लू | लं | का | म | ग | व | क |
| जी | द | ल | प | य | ख | पू | ना | हि | र | को |
| ती | लो | म | ड़ी | या | प | र | श | र | र | ल |
| क | र्ज | ल्जा | ई | धा | ब | क | गो | लो | श | ण |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त्या | री | श | प | क |
| तें | दु | आ | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | हा | त |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | गा | य | द | प | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6681

**ऊपर से नीचे:-**

१. रानी ने इसमें अंधी एवं गूंगी-बहरी लड़की की भूमिका की है-२
२. फिरोज, संजय खान, मुमताज की फिल्म-२
३. 'आज गालो मुस्करालो' गीत वाली फिल्म-४
४. शम्मीकपूर, सायरा की एक फिल्म-३
६. 'सनम तुम हम पे मरते' गीत वाली फिल्म-३
८. 'मैं तुझसे मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, रेखा की 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'संसार है एक नदिया' गीत वाली विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी चटर्जी की फिल्म-३
११. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'ना सतरा से ऊपर ना सोला से कम' गीत वाली नवीन निश्चल, रेखा की फिल्म-२
१३. अशोककुमार, मधुबाला की 'आयेगा आने वाला' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१८. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता भट्ट की 'अब घर आजा' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-३
२१. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की फिल्म-२,१
२२.फिल्म 'आरम्भ' में राकेश के साथ नायिका-२
२५. राजनीकांत, पद्मिनी, विजेयता की फिल्म-४
२६. 'ऐ यार सुन यारी' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूरस रेखा, परवीन बाबी की फिल्म-३
२८. शॉवरअली, तरूण, मेघना नायडू कीफिल्म-३
२९. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
३१. ऋतिक रोशन, करीना कपूर की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अजय, सुनील शेट्टी, प्रियंका, दीया की 'जाना नहीं था' गीत वाली फिल्म-२,२
५. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना की 'मेरा दिल जिस' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चाँद को क्या मालूम' गीत वाली पृथ्वीराज, शेख मुख्तार की फिल्म-२,३
९. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'मुसाफिर जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जाओ जाओ हमसे क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ अमृतासिंह की फिल्म-२,३
१४. राजेश खन्ना, बबीता की 'अकेले हैं चले आओ' गीत वाली फिल्म-२
१५. गुड्डू धनोआ निर्देशित इमरान खान, शाहबाज खान, तब्बू की फिल्म-२
१७. करण दीवान, वैजयंतीमाला की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'तुम मुझे भूल भी जाओ' गीत वाली सुनीलदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
२१. जीतेंद्र, रेखा की 'गाँव में होते हँसते रोते' गीत वाली फिल्म-४
२३. प्रकाश झा निर्देशित मनोहरसिंह, अन्नूकपूर, सरला, दीप्ति नवल की फिल्म-३
२४. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर की 'जिक्र होता है जब कयामत का' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'दिल में जागी धड़कन ऐसे' गीत वाली लक्ष्मी अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२७. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
३०. फिल्म 'जबर्दस्त' में सनी देओल के साथ नायिक कौन थी-४
३२. जैकी, अमरीश, डिम्पल की 'हम न समझे थे' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज वाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6680

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | ग | बा | न | | खु | | स | ल | मा |
| गी | | द | | आ | शी | र्वा | द | | लि |
| | स | ल | मा | न | | | मा | शू | क |
| खौ | फ | | या | | वा | दा | | ल | |
| | र | न | | पा | प | | भू | | प |
| का | | या | दे | | स | पू | त | | रा |
| म | नो | ज | | जीं | | र्णि | | छा | या |
| चो | | मा | चि | स | | मा | ला | | ध |
| र | वी | ना | | | ब्लै | | ड़ | | न |
| | रू | | न | म | क | ह | ला | ल | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**2 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

(कुंडली: १० शुक्र, बुध सूर्य ८, केतु ६, शनि ११, राहु १२, चंद्र गुरु २, मंगल ४)

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.32 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मकर | 09.37 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 11.23 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 12.56 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 14.27 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 16.07 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.05 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.18 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.34 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | कन्या | 00.46 बजे से |
| | | तुला | 02.57 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.12 ब.से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 337 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 12.44 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 15.46 बजे को समाप्त। **योग** धृति 16.01 बजे को समाप्त। **करण** बव 12.44 बजे तदनन्तर बालव 01.00 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 59' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 18721781 **जूलियन दिन** 2460646.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 29 **विशेष** चन्द्रदर्शन।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: ईश्वर की रचना

किर्चनर एक बहुत बड़े खगोल शास्त्री थे। उनके विषय में एक कहानी प्रचलित है। उनका एक नास्तिक मित्र था। वह हमेशा कहा करता था कि मैं ईश्वर में विश्वास नहीं करता। उस दोस्त को समझाने के लिए उन्होंने एक सरल सा तरीका सोचा। उन्होंने पृथ्वी का एक नमूना (ग्लोब) बनवाया और अपने उस मित्र को अगली सुबह चाय पर आमंत्रित किया। दूसरे दिन जब उनका मित्र आया, तो उसका ध्यान सर्वप्रथम मेज पर रखे, ग्लोब पर गया। किर्चनर उसे बार-बार उंगलियों से नचा रहे थे और आनंद ले रहे थे। मित्र ने कहा, सुंदर है, किसने बनाया? किर्चनर ने कहा, यह अपने आप बन गया। मित्र हंसने लगा। जब वह चुप हुआ तो किर्चनर ने कहा, तुम इसलिए हंसे, क्योंकि मैंने बिलकुल बेतुकी, हास्यास्पद बात कह दी। तुम्हारा हंसना ठीक है। पर जरा सोचो कि किस बात पर विश्वास करना अधिक सरल होगा, यह छोटा सा ग्लोब स्वयं बन गया होगा या इसे किसी ने बनाया होगा? यदि तुम्हें लगता है कि यदि यह ग्लोब अपने आप नहीं बन सकता तो फिर यह सोचो कि यह विशाल ग्लोब, जिस पर हम रहते हैं, यह भी अपने आप कैसे बन गया होगा? जब तक मानव स्वयं अपनी आंखों से नहीं देख लेता, तब तक उसको किसी चमत्कार या करामात पर विश्वास करना कठिन होता है। पर यदि गौर से देखें तो हमारे चारों ओर चकाचौंध कर देने वाले अनेक चमत्कार भरे पड़े है। फिर भी हम किसी प्रकार की उथल-पुथल महसूस नहीं करते। कभी-कभी हम सोचते हैं कि यह ग्रह अर्थात हमारी पृथ्वी विश्व का केंद्र है, पर शून्य के महासागर में हमारा ग्रह एक बूंद मात्र है। अभी तक वैज्ञानिक इस बह्मांड के एक छोटे से अंश का भी निरीक्षण नहीं कर सके हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार यदि हम इस पूरे बह्मांड की यात्रा करें, तो उस यात्रा में छह अरब प्रकाश वर्ष से भी ज्यादा समय लग जाएगा।

## सूडोकु नवताल- 6990

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6989 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 8205

**बाएँ से दाएँ**

1.कवि की रचना,गजल-3
3.अनुमान,अंदाज-3
5.सदपुरुष-2
6.अयोग्य,असंगत -2
8.स्वार्थ,लोभ-4
10.सहयोग,सहकार-3
11.उन्माद,सनक-3
12.भगवान का अराधक-2
13.ठंडक,शीतलता-2
14.दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16.चांदी-3
18.गंवारपन,अशिष्टता-4
20.पैंदा,तला-2
22.वर्तमान दिन-2
23.बहने का भाव-3
24.गमन, विदा होना-3

**ऊपर से नीचे**

1.हुनर,फन,आर्ट-2
2.बल,दम,जोर-3
3.समीप,नजदीक-3
4.गलत का विलोम-2
5.भ्रम,संदेह-3
7.उपनदी,कैनाल-3
8.नशे से भरपूर-4
9.लाख,सौ हजार-2
11.स्वभाव,आदत-4
14.स्वास्थ्य-3
15.इस जगह-2
17.तहजीब,शिष्टता-3
18.इकट्ठा होना-3
19.रेखा,लाइन-3
21.होठ,अधर-2
22.आगमन-2

### शब्द पहेली - 8204 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ह | ल | ज | | | कु | ली | न |
| रि | | | र | सा | त | ल | | फा |
| ता | ना | | | ग | म | | | स |
| | जा | म | | र | | | स | त |
| | य | म | ज | | आ | रा | म | |
| ह | ज | | | ह | | न | त | |
| ज | | | क | र | | | ल | ब |
| र | | स | ला | म | त | | | द |
| त | बा | ही | | | य | की | न | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## बीते सप्ताह मजबूत वैश्विक बाजार, आवक घटने से तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच देश में सोयाबीन, सूरजमुखी और कपास के हाजिर दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से लगभग 10-15 प्रतिशत कमजोर रहने की वजह इन तिलहनों की आवक घटने के कारण बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। मूंगफली की आवक बढ़ने के बीच मांग कमजोर रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह सरसों की आवक घटकर प्रतिदिन करीब 1.5 लाख बोरी रह गई जबकि सरसों की प्रतिदिन की खपत करीब 3.5-4 लाख बोरी की है। चूंकि अब पामोलीन तेल का दाम सरसों से अधिक हो गया है इसलिए आगे जाकर सरसों की खपत और बढ़ने जा रही है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 75 रुपये के सुधार के साथ 6,625-6,675 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव



150 रुपये के सुधार के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश- 25-25 रुपये के सुधार के साथ क्रमश- 2,285-2,385 रुपये और 2,285-2,410 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमश- 75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमश- 4,500-4,550 रुपये और 4,200-4,235 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम भी क्रमश- 75 रुपये, 125 रुपये और 185 रुपये सुधरकर क्रमश- 13,875 रुपये, 13,825 रुपये और 9,885 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। आवक बढ़ने और मांग कमजोर होने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले गिरावट आई। मूंगफली तिलहन का भाव 150 रुपये की गिरावट के साथ 6,100-6,475 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ वहीं मूंगफली तेल गुजरात 600 रुपये की गिरावट के साथ 14,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 90 रुपये की गिरावट दर्शाता 2,130-2,430 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। मलेशिया में मजबूत होते दाम की वजह से कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 600 रुपये सुधरकर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 400 रुपये के सुधार के साथ 14,400 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 400 रुपये के सुधार के साथ 13,400 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मजबूती के आम रुख के अनुरूप, समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल भी 100 रुपये के सुधार के साथ 12,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## हमारे समूह पर हुए हमलों ने हमें मजबूत बनाया है- गौतम अदाणी

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी अवॉर्ड्स जगमगाई, जहां अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अपनी विचारधारा को साझा किया। उन्होंने कहा कि हर हमला उन्हें और मजबूत बनाता है और हर बाधा एक सीढ़ी बना देता है। इस समारोह में गौतम अदाणी ने पहली बार अमेरिकी न्याय विभाग के चर्चे किए। उन्होंने दुनिया को यह दिखाया कि उनकी विचारधारा कैसे उन्हें समृद्धि की ओर ले जा रही है। गौतम अदाणी ने समूह के खिलाफ शॉर्ट-सेलिंग का भी उदाहरण दिया, जो दिखाता है कि उनकी संघर्षमय यात्रा में किसी भी चुनौती का कैसे सामना किया गया है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बनाए रखने का प्रमाण दिया। उन्होंने ध्यान दिया कि सपने जितने बोल्ड होंगे, उतना ही सामना कठिन होगा परंतु उन्हें आगे बढ़ने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। गौतम अदाणी की ये विचारधारा और संघर्ष आज के दुनिया में एक महत्वपूर्ण संदेश है, जो हमें यह सिखाते हैं कि उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए हर मुश्किल का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा ?कि इन वर्षों में मैं यह स्वीकार करता आया हूं कि जिन बाधाओं का हम सामना करते हैं, वे (दूसरों से) आगे होने की कीमत हैं। आपके सपने जितने बोल्ड होंगे, दुनिया आपको उतना ही अधिक परखेगी। लेकिन आपको आगे बढ़ने, यथास्थिति को चुनौती देने और एक ऐसा रास्ता बनाने का साहस मिलना चाहिए जिस पर पहले कभी कोई न चला हो। पायनियरिंग करने का अर्थ है अज्ञात को अपनाना, सीमाओं को तोड़ना और अपने दृष्टिकोण पर तब भी विश्वास करना जब दुनिया इसे अभी तक नहीं समझ पाई हो।

## रूस ने कोंडोर-एफकेए रडार सैटेलाइट किया लांच

व्लादिवोस्तोक । रूस ने शनिवार को अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोयुज-2.1ए रॉकेट के माध्यम से कोंडोर-एफकेए नंबर 2 रडार सैटेलाइट को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। यह उपग्रह देश के लिए ऑल-वेदर, राउंड-द-क्लॉक अर्थ ऑब्जर्वेशन के लिए महत्वपूर्ण है। सोयुज-2.1ए रॉकेट ने सफलतापूर्वक उपग्रह को लक्षित कक्षा में पहुंचाया। इस रॉकेट का प्रक्षेपण सुविधाएं भूमि पर से होती हैं, जो इसे अन्य तकनीकों से अलग बनाती है। कोंडोर-एफकेए श्रृंखला के उपग्रह अपनी नेतृत्वक क्षमताओं के साथ बहुत महत्वपूर्ण हैं। इन उपग्रहों की विशेषता यह है कि वे बादलों के पार से भी धरती पर नजर रख सकते हैं और अंधेरे में काम कर सकते हैं।

# छाया बिसेन का कुएं में मिला शव

## मायके पक्ष ने लगाया दहेज प्रताड़ना व हत्या का आरोप





लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम बोरीकला निवासी छाया पति दुर्गेश बिसेन उम्र करीब 35 वर्ष की 1 दिसंबर को सुबह करीब 6 बजे घर के पास के कुंए में शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों के द्वारा उक्त संबध में पुलिस को सूचना दी गई। वहीं छाया बिसेन के मायके पक्ष के लोगो ने इस घटना को हत्या बताते हुये छाया बिसेन के पति दुर्गेश एवं ससुराल पक्ष के लोगो पर गंभीर आरोप लगाये है। घटना के संबध में छाया बिसेन के पति दुर्गेश बिसेन के द्वारा प्रार्थी के रूप में पुलिस को जानकारी में बताया कि मैं ग्राम बोरीकला में रहता हूं, खेती किसानी मजदूरी का काम करता हूँ, मेरी शादी वर्ष 2011 मे ग्राम कट्टीपार डोंगरगांव जिला गोंदिया निवासी छाया बिसेन के साथ सामाजिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुई थी। मेरे दो लड़के है बड़े बेटे का नाम फामेन्द्र बिसेन उम्र 12 साल है छोटे बेटे का नाम बुनियाद बिसेन है। मेरे घर पर मेरे बुजूर्ग माता पिता सभी लोग साथ में रहते है। मै मजदूरी काम करने अक्सर नागपुर जाता हूं। मेरी पत्नी इस साल पोला पर्व के समय अपने मायके गई थी उसके आठ से दस दिन बाद मै अपनी पत्नी को लेने के लिये गया था तो मेरे ससुर ने बोले कि चार व्यक्ति को लेकर आओ तब हम अपनी लड़की भेजेगे। तो फिर मै उसके बाद मजदूरी काम करने नागपुर चला गया। उसके बाद मै 20 नवंबर 24 को नागपुर से मजदूरी करके घर वापस आया और अपनी पत्नि को अपने ससुराल से 28 नवंबर 24 को घर लेकर आया और अपने परिवार के साथ अलग रहने लगा। इसी बात को लेकर मेरी पत्नि तनाव में रहने लगी। 30 नवंबर 24 को मेरी पत्नि ने रात करीबन 08.00 बजे खाना बनाया एवं दोनो बेटे व पत्नि के साथ खाना खाकर सो गये, जब सुबह 05.30 बजे मैने अपनी पत्नि को आवाज लगाई और बोला कि बच्च्चे को उठा ट्यूशन भेजना है तो मेरी पत्नि ने मेरे बड़े बेटे को उठाकर ट्यूशन भेजी उस समय मै सोया था। उसके बाद 07.00 बजे सोकर उठा और अपनी पत्नि को घर मे देखा नही दिखी तो पड़ोस मे जाकर पूछताछ किया तो पता नही चला फिर मैं अपने चाचा के लड़के जागेश्वर बिसेन, प्रमोद शरणागत तीनो घर के पीछे लगे खेत मे बने कुंआ मे जाकर देखे तो मेरी पत्नि कुआ के पानी मे मृत अवस्था में कुआ के अंदर पानी में डूबी हुई थी। फिर मेरे चाचा भाईयों ने आवाज लगाये तो आस पड़ोस के लोग आकर जमा हो गये थे। मेरी पत्नि मानसिक तनाव में आने के कारण खेत मे बने कुआ के पानी मे डूबने से मृत्यु हुई है। लांजी पुलिस के द्वारा उक्त मर्ग इंटीमेशन कायम कर जांच मे लिया गया है। घटना की सूचना के बाद से ही मायके पक्ष का ससुराल पक्ष के लोगो को गंभीर आरोप लगाया जा रहा था पुलिस जब शव को सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिये लेकर आई तब भी मायके पक्ष के लोगो ने पुलिस से कहा कि इस संबध में गंभीर जांच की जाये यह कोई आत्महत्या का मामला नही है यह हत्या का मामला है। इस बात को लेकर मायके पक्ष के लोगो के द्वारा पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर भी हंगामा किया गया। जब तक पुलिस हमारी रिपोर्ट दर्ज नही करती तब तक हम शव को लेकर अंतिम संस्कार करने नही जायेंगे। मायके पक्ष से आये सभी लोगो के द्वारा एक स्वर में यही बात बार बार दोहराई जा रही थी। जिस पर लांजी पुलिस के द्वारा मायके पक्ष के कुछ लोगो बयान दर्ज किये गये और शव को अंतिम संस्कार हेतु रवाना किया गया।

### इनका कहना है



मृतिका छाया बिसेन के पिता परसराम सोमन पटले निवासी डोंगरगांव तालुका आमगांव जिला गोंदिया ने उक्त घटना पर गंभीर आरोप लगाते हुये कहा कि मेरी बेटी की हत्या की गई है। इस संबध में चर्चा मे कहा कि घटना से 4 दिन पहले मेरी बेटी छाया बिसेन का पति हमसे 5 लाख रूपये की मांग की थी। हमेशा मेरे बेटी को मारपीट करता था तु पैसे ला मायके से, और यही बोल कर हमेशा प्रताडति करता था। 1 दिसंबर को फोन आया कि छाया बिसेन दिख नही रही है कुंए मे गिर गई है। हम जब पंहुचे तो देखा की बेटी के शव के गले में रूमाल फांसी नूमा बंधा हुआ है लेकिन हमे फोन आया कि कुंऐ में गिरी है लगभग 11 बजे करीब कुंए से शव निकाला गया है। मृतिका के पिता एवं मायके पक्ष के अन्य लोगो ने एक साथ छाया बिसेन के पति और उसके ससुराल वालो गंभीर आरोप लगाते हुये हत्या किये जाने की शंका जाहिर की गई है। वहीं मृतिका के पिता ने यह भी आरोप दुर्गेश बिसेन पर लगाये है कि शादी होने के 2 से 3 साल बाद से ही दहेज की मांग प्रारंभ हो गई थी। दहेज के लिए प्रताड़ित करना मारपीट करना आम बात हो गई थी।



मृतिका छाया बिसेन की मौसी बहन ऋतु गौतम निवासी कटंगी गोंदिया महाराष्ट्र ने उक्त घटना के संबध में कहा कि जब से छाया बिसेन की शादी हुई तब से छाया बिसेन के ससुराल वाले पति एवं अन्य लोग बहुत मारते पीटते थे। वह मेरी बहन है तो मुझे हर एक बात फोन पर बताती थी जब से शादी हुई तब से बहुत मारे है। एक बार तो कान तक तोड़ दिया था फिर टंट्या मुक्ति में रिपोर्ट भी हुई है। अभी 3 माह पूर्व भी सास ससुर के द्वारा प्रताडति किया गया था तब उसका पति नागपूर में था। फिर हमारे भैया गया और मेरी बहन को घर लाये थे 3 महीने से वह घर पर ही थी। वहीं मेरी बहन के बच्चे तक को बात करने नही देते अपनी माँ से, अभी 4 दिन पहले मेरी बहन छाया अपने ससुराल आई थी और आज यह घटना सूनने को मिली है जो कि पूर्ण रूप से जांच का विषय है। मृतिका के बहन ने यह भी बताया कि यहां पीएम हो रहा है और मेरी बहन के ससुराल पक्ष से कोई भी यहां मौजूद नही है। ऋतु गौतम ने उच्चाधिकारियों से मांग की है इस घटना की गंभीरता से जांच की जायें और जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिये।

# नक्सलियों ने फिर बांधे बैनर, दर्ज कराई मौजूदगी

## लांजी थाना क्षेत्र समीप बकरामुंडी का मामला, जांच में जुटी पुलिस

## 8 दिसंबर तक पीएलजीए की 24 वीं वर्षगांठ मनाने की अपील

लांजी/बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नक्सली उन्मूलन अभियान के तहत एक ओर पुलिस प्रशासन द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सर्चिंग अभियान चलाकर नक्सलियों के मनसूबो पर पानी फेरा जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सली अपनी पैठ जमाए हुए हैं। जो आए दिन अपनी आमद दर्ज कराकर भय के माहौल को कायम रखने में जी-जान से जुटे हुए हैं। जिसकी एक झलक रविवार को थाना रुपझर, चौकी सोंनगड्डा क्षेत्र के ग्राम पटेलटोला चारघाट जंगल क्षेत्र में लांजी थाना क्षेत्र के करीब बकरा मुंडी पर देखने को मिली है। बताया जा रहा है कि उक्त मार्ग समीप नक्सलियों ने कथित तौर पर बैनर बाधकर जगह जगह पर्चे चिपकाए है।ऐसा कृत्य कर एक बार फिर नक्सलियों ने अपनी आमद दर्ज कराकर, दहशत का माहौल निर्मित कर दिया है। उधर इस पूरे मामले जानकारी मिलते ही पुलिस ने नक्सली बैनर पोस्टर, पर्चे जप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जहां पुलिस इस बात का पता लगा रही है उक्त मार्ग पर यह बैनर किसने लगाए हैं। वही इस पूरे मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह ने सर्चिंग अभियान तेज किए जाने की बात कही है।आपको बताए की नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले में नक्सलियों की गतिविधियां बदस्तूर बनी हुई है। जहां नक्सली आये दिन अपनी उपस्थिति का एहसास दिला रहे है।वही पुलिस द्वारा पूरे क्षेत्र में एक बार फिर से सर्चिंग अभियान चलाने की बात कही गई है।



### 01 दिसंबर से 08 दिसंबर तक पीएलजीए का 24 वे स्थापना दिवस मना रहे नक्सली

जिले में नक्सलियों की गतिविधियां बदस्तूर बनी हुई है। वही चर्चायें तेज है कि जिले में नक्सलियों की संख्या बढ गई है। जहां नक्सली आये दिन अपनी उपस्थिति का एहसास दिला रहे है। इसी बीच नक्सलियों ने आगामी 01 दिसंबर से 08 दिसंबर तक पीएलजीए का 24 वे स्थापना दिवस मानने की तैयारियां शुरू कर दी है और इसी को लेकर नक्सलियों ने 01 दिसंबर के दिन लांजी मुख्यालय से लगे बकरामुंडी वार्ड क्रमांक 01 में पेडो के सहारे बेनर बांधे है और बेनर के साथ पर्चे भी चस्पा किये है। जिसमें जीआरबी डिवीजन से जुड़े नक्सलियों ने आगामी 01 दिसंबर से 08 दिसंबर तक पीएलजीए की 24वी वर्षगांठ मनाने की अपील की है। जहां घटना की सुचना के बाद पुलिस ने उक्त बेनर व पर्चो को बरामद कर लिया है और जांच कार्यवाही शुरू कर दी है।

### इन बातों का किया उल्लेख

बकरा मंडी वार्ड नंबर 1 में पेड़ के सहारे बांधे गए बैनर पोस्टर और पर्चो में नक्सलियों ने शोषण और उत्पीडन से भरे व्यवस्था को ध्वस्त करने का उल्लेख किया गया है तथा गरीबी मुक्त, जाति मुक्त समानता पर आधारित नया जनवादी भारत निर्माण के लिये पीएलजीए में भर्ती होकर जनयुद्ध को तेज करने कहा है। इसके अलावा बैनर में आर.एस.एस आदि हिंदुत्व फांसीवादी मनुवादियों से देश को बचाने के लिये बड़े पैमाने पर युवक-युवतियों को पीएलजीए में भर्ती होने जैसी अनर्गल बातों का उल्लेख किया है।

### दीपक, संगीता और रामसिंह मिलकर जिले में संभाल रहे नक्सल कैडर

इस घटना के बाद से क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधियां बनी होने की स्थिति साफ हो चुकी है। जानकारी यह भी मिली है कि जिले के नक्सल क्षेत्रो में नक्सलियों की संख्या में धीरे धीरे ईजाफा होने लगा है। जहां जिले से नक्सल दलम में शामिल हुए तीन नक्सली दीपक, संगीता और रामसिंह मिलकर जिले में नक्सल कैडर संभाल रहे है। वही इस घटना को अंजाम देकर नक्सलियों ने बेनर व पर्चे के माध्यम से नक्सली विचारधारा का उल्लेख कर ग्रामीणो को बरगलाने की कोशिश की है। लेकिन पुलिस भी लगातार उनके मंसुबो पर पानी फेर रही है।

### पुलिस अलर्ट मोड पर है -नगेन्द्र सिंह

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह ने उक्त घटना की पुष्टी करते हुए बताया कि हमे बैनर पोस्टर की सुचना मिली थी, हम इसकी जाचं करवा रहे है। हमारी पुलिस, जवान लगातार सर्चिंग कर रहे और हम अलर्ट पर भी है। उन्होंने आगे बताया कि नक्सलियों का कोई सप्ताह चल रहा है जिसको लेकर बैनर पोस्टर बांधे गए हैं। नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ में चलाए जा रहे नक्सली उन्मूलन ऑपरेशन का विरोध भी किया है। हमारी टीम इस पर नजर बनाए हुए हैं। सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है।

## आज से समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी पंजीकृत किसानों की धान

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में आज से समस्त पंजीकृत किसानों की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जावेगी। जिसको लेकर समस्त सेवा सहकारी समिति मर्यादित केन्द्रों में धान खरीदी हेतु तैयारियॉ पूर्ण की ली गई है तथा आज से खरीदी प्रारंभ हो जावेगी। जिसके तहत 1 दिसंबर को समस्त सेवा सहकारी समिति केन्द्रो में अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा तौल कांटे, बोरे छपाई, किलो तराजु, लैपटॉप, कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था कर ली गई है तथा इन सभी वस्तुओ की विधि पूर्वक पूजन अर्चन कर खरीदी केन्द्रो का शुभारंभ किया गया। जानकारी में यह भी बताया गया कि पंजीकृत किसानों को मोबाईल के माध्यम से संदेश मिलना प्रारंभ हो जायेगा कि आपको किस दिनांक को अपनी धान खरीदी केन्द्रो में लेकर आना है। दुसरी ओर इन सभी खरीदी केन्द्रो में धान की गुणवत्ता, परिवहन व्यवस्था के लिये नोडल अधिकारी सतत निगरानी रखेंगे। सेवा सहकारी समिति मर्यादित कारंजा पंजीयन क्रमांक 34/63 के उपार्जन केन्द्र कोड संख्या 59238220 में शाखा साडरा के प्रबंधक मोरेश्वर फुण्डे एवं समिति के समस्त कर्मचारियों के द्वारा उपार्जन केन्द्र पंहुचकर किलो तराजु की पूजा अर्चना की जाकर खरीदी केन्द्र का शुभारंभ किया। साथ ही आपके खरीदी केन्द्र मीरिया, कुम्हारीखुर्द, दहेगांव, चिचोली आदि का सत्यापन एवं निरीक्षण किया गया तथा आज 2 दिसंबर से खरीदी पूर्णतः प्रारंभ हो जायेगी यह भी बताया गया।

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं ने सीखा नजरी नक्शा के माध्यम से समस्या का समाधान

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी विकासखंड में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं की आयोजित संपर्क कक्षा के दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बालाघाट के जिला समन्वयक सुशील बर्मन एवं



विकासखंड समन्वयक श्रीमती रुचिका बैश के दिशानिर्देशन में अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय लांजी में अपनी प्रयोगशाला ग्राम में सामुदायिक कार्यों के दौरान आने वाली कठिनाई को लेकर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था स्पोर्ट एंड स्काउट्स गाइड्स ऑर्गेनाइजेशन के नेतृत्व में नजरी नक्शा चित्रण के माध्यम से ग्राम विकास में आने वाली समस्याओं की पहचान कर उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से समस्याओं का समाधान कैसे करें को लेकर एक गतिविधि के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। जिसमें बीएसडब्ल्यू तथा एमएसडब्ल्यू छात्र छात्राओं के 6 समूह बनाकर नजरी नक्शा के चित्रण कर जानकारी प्रदान किया गया। इस गतिविधि में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समस्त छात्र छात्रा एवम परामर्शदाता अशोक घरते, संदीप कुमार रामटेककर, विजय हटीले, नीलेश्वर ठाकरे एवं ज्योति शकरपुडे उपस्थित थे।

## विकासखण्ड स्तर पर 1022 विद्यार्थियों ने दी राष्ट्रीय-मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा

लांजी (पद्मेश न्यूज)। विकासखण्ड स्तर पर 1 दिसम्बर को नगर के चार विद्यालयों में राष्ट्रीय-मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा प्रात: 10.45 बजे से दोपहर 02.15 बजे तक आयोजित की गई। इस परीक्षा में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 8 वी के छात्र/छात्राएँ सम्मिलित हुए। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों की मानसिक योग्यता एवं शैक्षिक योग्यता का परीक्षण कर पात्र हुये छात्रों को कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं तक अध्ययन करने हेतु 12000 रूपये की छात्रवृत्ति राशि प्रतिवर्ष प्रदान करना है।



विकासखण्ड स्तर पर यह परीक्षा नगर चार विद्यालयों में सम्पन्न कराई गई। सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लॉजी में बनाये गए परीक्षा केन्द्र में कुल 431 विद्यार्थी नामांकित थे। विद्यार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था 19 कक्षों में की गई। नामांकित 431 विद्यार्थियों में से 394 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 37 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को संपन्न कराने में विद्यालय में पदस्थ प्राचार्य पी.के.भीमटे केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष डी.के. फुल्लारे (उमावि), आब्जर्वर प्राचार्य आर.एस. घोरमारे, परीक्षा लिपिक जी.आर. चिखले कुल 19 शिक्षक/शिक्षिकाओं ने कक्ष निरीक्षक एवं 3 भृत्य संलग्न रहकर सकुशल परीक्षा कार्य को संपन्न किया। इसी तरह सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में बनाये गए परीक्षा केन्द्र में नामांकित 233 विद्यार्थियों में से 227 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 6 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को संपन्न कराने में विद्यालय में पदस्थ प्राचार्य रेवेन्द्र गौतम केन्द्राध्यक्ष, आब्जर्वर प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सावरीखुर्द लीलाराम धनोले एवं शिक्षक स्टाफ ने परीक्षा कार्य को संपन्न किया। शासकीय कन्या हाई स्कूल लांजी में बनाये गए परीक्षा केन्द्र में नामांकित 186 विद्यार्थियों में से 157 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 29 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को संपन्न कराने में विद्यालय में पदस्थ प्राचार्य सुभाष बसेना केन्द्राध्यक्ष, आब्जर्वर आर के घोरमारे प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारंजा एवं शिक्षक स्टाफ ने परीक्षा कार्य को संपन्न किया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में बनाये गए परीक्षा केन्द्र में नामांकित 263 विद्यार्थियों में से 244 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 19 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को संपन्न कराने में विद्यालय में पदस्थ प्राचार्य ठाकुरदास लिल्हारे केन्द्राध्यक्ष, आब्जर्वर एस एस धारणे प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोटी एवं शिक्षक स्टाफ ने परीक्षा कार्य को संपन्न किया। परीक्षा के दौरान किसी भी केन्द्र में कोई नकल प्रकरण की स्थिति निर्मित नहीं हुई। संपूर्ण परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में सी एम राइज विद्यालय बोलेगांव ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी विकासखंड अंतर्गत सी एम राइज शास उच्च माध्यमिक विद्यालय बोलेगांव ने संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता स्थान पंडित लज्जा शंकर झा उत्कृष्ट विद्यालय जबलपुर में 28 नवम्बर 2024 को अपना शानदार, उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिला स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिला। इस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग अंतर्गत आने वाले सभी जिले के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। जिसमें सी एम राइज शास उच्च माध्यमिक विद्यालय बोलेगांव के छात्र छात्राओं में कक्षा नवमी से पलक/सतीश बुढावने का साहित्यिक प्रतियोगिता के अंतर्गत सुलेख प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में चयन हुआ है। कक्षा बारहवी से किरण/संदीप असाटी और मिताली/अनिल बिहोने ने वाद विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवी से राजा/नरेंद्र बुढावने ने पाठ्य पुस्तक काव्य पाठ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमी से मंयूर/अशोक गोस्वामी ने स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमी से कुणाल/लीलाधर बारबुदे ने तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही लोकनृत्य प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं से आराधना/दौलत बागड़े, रागिनी/बिशनसिंह जचपेले, चांदनी/छोटेलाल करसायल, छाया/राजेंद्र पांडे, कनक/विजय पांडे, डीसा/गणेश बेदरे, अंजली/नंदकिशोर कबीरे, बाली/रामचंद कालबेले एवं कक्षा नवमी से श्रिया/प्रमोद बेदरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिनके मार्गदर्शक शिक्षक जितेन्द्र मिश्रा, रविप्रकाश शहारे, सत्यप्रकाश डहरवाल, नूपुर मात्रे, तस्मित कौर सलुजा रहे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य बी आर गुरदे एवं उप प्राचार्य प्रवीण साहू और समस्त विद्यालय के शैक्षणिक स्टॉफ एवं सहायक स्टॉफ ने बधाई दी। साथ ही अभिभावक एवं ग्रामीणजनों ने भी छात्र छात्राओं को बधाई दी।



लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

## 2028 तक मप्र बनेगा एड्स मुक्त

# विश्व एड्स दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा बदलाव हुआ है। एड्स जागरूकता और मेडिकल कॉलेजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। 2028 तक मप्र को एड्स मुक्त बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह बात इंदौर में विश्व एड्स दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कही है। रविवार को इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल हुए। सीएम डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता अभियानों के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं।**

सीएम डॉ. मोहन ने कहा कि पहले मेडिकल कॉलेज खोलने में काफी कठिनाइयां होती थीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और जेपी नड्डा के प्रयासों से इन समस्याओं का समाधान हुआ। आज मप्र में मेडिकल कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसके साथ ही एड्स को खत्म करने के लिए जो बड़ा संकल्प लिया गया है, उसमें मध्यप्रदेश पूरी प्रतिबद्धता से साथ खड़ा है। आने वाले दो साल में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 50 हो जाएगी। साथ ही



हमारा यह प्रयास है कि वर्ष 2028 तक मप्र को एड्स मुक्त बनाया जाएगा।

### एड्स जागरूकता अभियान में सफलता

मुख्यमंत्री ने बताया कि 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2024 तक मप्र में एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान 28,457 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम हुए। 21,724 सभाओं का आयोजन किया गया। 6,000 से अधिक स्कूलों और 800 कॉलेजों में रेड रिबन क्लब स्थापित किए गए। इस अभियान के तहत एड्स की गंभीरता को समझाने और इसके बचाव के उपायों को लोगों तक पहुंचाने में सफलता मिली।

### मेडिकल कॉलेजों में बढ़ोतरी

सीएम डॉ. मोहन ने कहा कि 2014 से पहले मध्य प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे। अब राज्य में 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, और अगले 2 वर्षों में यह संख्या 50 तक पहुंचने की योजना है। हाल ही में नीमच, मंदसौर, और शिवपुरी में मेडिकल कॉलेजों की शुरुआत हुई। पैरामेडिकल और आयुर्वेदिक कॉलेजों का भी तेजी से विकास हो रहा है।

### कोविड प्रबंधन में भारत बना उदाहरण

डॉ. यादव ने कहा कि महामारी के कठिन समय में भारत ने न केवल अपनी जनता की रक्षा की, बल्कि कई अन्य देशों की भी मदद की। ऑक्सीजन और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था ने भारत को वैश्विक मंच पर सराहा। 2030 तक बीमारियों का उन्मूलन लक्ष्य है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2030 तक गंभीर बीमारियों के उन्मूलन का संकल्प लिया है। इस दिशा में आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी जा रही है। एड्स जैसी बीमारियों से लडने के लिए आधुनिक तकनीकों और दवाओं का उपयोग किया जा रहा है।

### रोग से डरो नहीं, रोगी का साथ दो का संदेश

वहीं कार्यक्रम के दौरान एक एड्स प्रभावित व्यक्ति ने अपनी कहानी साझा की, जिसने बीमारी को हराकर एक नई जिंदगी शुरू की। इस प्रेरणादायक घटना ने रोग से डरो नहीं, रोगी का साथ दो का संदेश दिया।

### भारत अब लेने नहीं देने वाला देश- नड्डा

कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि, एक समय ऐसा था जब भारत में टिटनेस की दवा को 40 साल, टीबी की दवा को 30 साल, डिष्थीरिया की दवा को 30 साल, जापानी बुखार को ठीक करने वाली दवा आने में 100 साल लग गए। लेकिन अब भारत ऐसे बदल कि कोरोना आया और 9 माह में भारत ने दो-दो वैक्सीन बनाकर पूरी दुनिया को सप्लाई की। यह बदलता भारत है। कोरोना मैनेजमेंट को उठाकर देखिए। अमेरिका में स्ट्राइक हुई, यूरोप में लोगों ने लॉकडाउन लगाने से रोका, कई देश लॉकडाउन लगाने के लिए तय नहीं कर पाए। वे असमंजस में थे। लेकिन भारत में पहले जनता कर्फ्यू फिर लॉकडाउन लगाए। भारत ने पीपीई किट बनाए, आईसीयू में जगह तैयार की, सैनेटाइजर, मास्क बनाए। तब पीएम मोदी जी ने कहा- जान भी है और जहान भी। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे तेज कोरोना वैक्सीन बनाने का अभियान भारत में चला। 2020 करोड़ डोज बनाने का काम भारत ने किया है। यह लेने वाला नहीं देने वाला भारत है। देश में पहले 6 एम्स थे जिनकी संख्या अब बढकर 22 हो चुकी है।

## राज्य कर्मचारी संघ का श्रमिक संपर्क अभियान प्रारंभ

जबलपुर। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ (शासन से मान्यता प्राप्त) के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त श्रीवास्तव व महामंत्री जितेंद्र सिंह जी के निर्देश पर प्रदेश मंत्री व जबलपुर जिला प्रभारी, रजनीश विश्वकर्मा के नेतृत्व में आज जबलपुर जिले में भारतीय मजदूर संघ के श्रमिक संपर्क अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा दिनांक 01 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत श्रमिकों से संपर्क का श्रीगणेश किया गया। पूर्व में किये गये आन्दोलन से संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समकक्ष पदों के समान वेतन दिया जावेगा, अनुकम्पा नियुक्ति एवं हेल्थ बीमा की सुविधायें दी जाचएगी सहित प्रमुख 15 बिन्दुओं पर घोषणाओं के अनुसार आदेश जारी करने हेतु शासन से मांग की जा रहीं है। इस हेतु पूर्व में भी आन्दोलन और शासन द्वारा इसके संदर्भ में जो आदेश जारी किये गये उसकी भी जानकारी कर्मचारियों को उपलब्ध कराई गई। संपर्क के समय जिला संयोजक अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, नरेश शुक्ला, देवेंद्र पचौरी, मुकेश सिंह, बृजेश मिश्रा, विनय नामदेव, प्रियांश शुक्ला, प्रशांत सोचिया कुलदीप पटेल शैलेश गौतम पवन चौरसिया शामिल थे।

## कौशल विकास और रोजगार मंत्री टेटवाल करेंगे स्वागत

भोपाल। मध्यप्रदेश में चल रही कौशल विकास की गतिविधियों का अध्ययन के लिए उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल 2 दिसंबर को मध्यप्रदेश के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री अग्रवाल अपनी टीम के साथ भोपाल में एडीबी परियोजना से तैयार विश्वस्तरीय ग्लोबल स्किल पार्क का भ्रमण करेंगे। मध्यप्रदेश में कौशल विकास के क्षेत्र में चल रही योजनाओं एवं नवाचारों के बारे में जानकारी लेंगे।

कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल सुबह 9 बजे संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में मंत्री श्री अग्रवाल का स्वागत करेंगे। मंत्री श्री अग्रवाल प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। परियोजना और संस्था के अधिकारियों द्वारा कौशल विकास के क्षेत्र में चल रहे विभिन्न योजनाओं और नवाचारों पर प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 12.30 बजे मंत्री अग्रवाल कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन केंद्र (KBTICC) के लिए प्रस्थान करेंगे।

मंत्री अग्रवाल का यह दौरा मध्यप्रदेश के कौशल विकास प्रयासों को जानने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिससे दोनों राज्य में कौशल और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिल सके।

## एम्स भोपाल के शोधकर्ताओं को मिला इंटरनेशनल बेस्ट रिसर्चर अवार्ड

भोपाल। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के नेतृत्व में, संस्थान ने शोध और चिकित्सा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए हैं। उनके मार्गदर्शन में, डॉ. वरुण मल्होत्रा और उनकी टीम को हार्ट रेट वेरिएबिलिटी पर किए गए अध्ययन के लिए इंटरनेशनल बेस्ट रिसर्चर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। तनुशा पाठक, डॉ. दानिश जावेद, डॉ. संतोष लक्ष्मण वकोडे, डॉ. अविनाश ठाकरे, डॉ. सुनील चौहान और डॉ. एफ. सिड्राल के साथ मिलकर किया गया यह शोध सूर्य नमस्कार और स्टेशनरी साइकिल व्यायाम समूहों के बीच हार्ट रेट वेरिएबिलिटी पैरामीटर्स का तुलनात्मक विश्लेषण पर आधारित है। यह सम्मान एम्स भोपाल की फिजियोलॉजी और माइंड-बॉडी मेडिसिन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह पुरस्कार इंटरनेशनल साइंस, टेक्नोलॉजी और रिसर्च अवार्ड्स कांग्रेस 2024 में दिया गया।

प्रो. सिंह ने इस टीम को उनके क्रांतिकारी शोध के लिए अंतरराष्ट्रीय बेस्ट रिसर्चर अवार्ड प्राप्त करने पर बधाई दी। प्रो. सिंह ने कहा, यह सम्मान हमारे संस्थान के शैक्षिक और शोध क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में उभरा है। इस अध्ययन को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल जर्नल ऑफ योगा में प्रकाशित किया गया, जिसमें सूर्य नमस्कार (SN) और स्टेशनरी साइकिल व्यायाम (SCE) के बीच हार्ट रेट वेरिएबिलिटी (HRV) पैरामीटर्स की तुलना की गई। मुख्य निष्कर्षों में यह सामने आया कि सूर्य नमस्कार ने हार्ट रेट वेरिएबिलिटी में महत्वपूर्ण सुधार दिखाए, जिससे शरीर में विश्राम और रिकवरी से जुड़ी गतिविधियाँ बढ़ी और हृदय स्वास्थ्य में सुधार हुआ। वहीं, स्टेशनरी साइक्लिंग ने सामान्य व्यायाम लाभ तो दिए, लेकिन शरीर में तनाव और शारीरिक परिश्रम से जुड़ी गतिविधियों को अस्थायी रूप से बढ़ाया।

यह अध्ययन इस बात को साबित करता है कि सूर्य नमस्कार जैसी योग प्रथाओं को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है, साथ ही स्वायत्त तंत्रिका प्रणाली भी संतुलित होती है। यह शोध यह भी दिखाता है कि सूर्य नमस्कार हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और तनाव को कम करने के लिए एक प्रभावी तरीका है, जो सभी उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद है। यह पुरस्कार तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री अनबिल महेश पोय्यमोझी ने प्रदान किया, जहाँ अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने इस शोध टीम के कार्यों की सराहना की।

## जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम

जबलपुर। शासन के निर्देशानुसार जिले में हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का प्रभावी रूप से जागरूकता कार्यक्रम चल रहा है। जिसमें जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए आज नट समुदाय की किशोरी बालिकाओं व महिलाओं के बीच सांई मंदिर के परिसर में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कानून विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्र की किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को, पॉस्को एक्ट, गुड टच, बेड टच, महत्वूर्ण हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, पुलिस हेल्पलाइन 100,112, ऊर्जा डेस्क, वन स्टॉप सेंटर, स्वधार गृह,विभिन्न चिल्ड्रेन होम्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । कार्यक्रम के उपरांत बालिकाओं से हेल्पलाइन नंबर एवं महिला सुरक्षा कानून पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रश्नों के सही उत्तर देने वाली बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर लिखे क्राऊन पहनाकर सम्मानित किया गया। आज के जागरूकता कार्यक्रम का नट बस्ती में आयोजन का मुख्य उद्देश्य घरेलू हिंसा,शोषण,अपराध से पीडि़त वास्तविक जन तक, इनके रोकथाम हेतु शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कानूनों ,सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था।

## सुरक्षित एलपीजी हैंडलिंग प्रथाओं का पालन कर महिलाओं ने दिखाई पाक कला में प्रतिभा, मिला पुरस्कार

खरगोन । तेल विपणन कंपनियों द्वारा चलाए जा रहे बुनियादी सुरक्षा जांच अभियान के तहत रविवार को शहर के सीता मंगल भवन में हमारी रसोई हमारी ज़िम्मेदारी थीम के तहत पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कंपनी नोडल अधिकारी हर्षित बरनवाल ने बताया कि 5 मार्च 2024 को शुरू किए गए बुनियादी सुरक्षा जांच अभियान का उद्देश्य प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा किए गए डोर.टू.डोर निरीक्षण के माध्यम से 12 करोड़ से अधिक घरों को कवर करना है। एलपीजी प्रतिष्ठानों में किसी भी सुरक्षा खतरे के लिए ग्राहकों के लिए निरीक्षण निःशुल्क हैं, और पुरानी नली या गैर.मानक नली को रियायती मूल्य पर बदला जा रहा है। अब तक 8 करोड़ से अधिक घरों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 3.5 करोड़ नली बदली गई हैं।

खरगोन में संचालित हो रही एजेंसी के प्रबंधक राजेंद्र यादव ने बताया कि कुकिंग प्रतियोगिता का उद्देश्य पाक कौशल का जश्न मनाते हुए एलपीजी हैंडलिंग और खाना पकाने में सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में उत्साही भागीदारी देखी गई, जिसमें 20 प्रतिभागियों ने सुरक्षित एलपीजी हैंडलिंग प्रथाओं का पालन करते हुए अपनी पाक कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## कट्टे कारतूस सहित पकड़ाए तीन बदमाश

इन्दौर । मुखबिर सूचना पर पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए तीन बदमाशों को पकड़ उनके पास से तीन देशी कट्टे और आधा दर्जन कारतूस जब्त किए। मामला लसूडिया थाना क्षेत्र का है। लसूडिया थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी के अनुसार टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में घूम रहे बदमाशों की घेराबंदी की और लसूडि़या क्षेत्र के सर्विस रोड से इन्हें पकड़ा। तलाशी में इनसे तीन कट्टे और करीब आधा दर्जन कारतूस जब्त हुए। रात को पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ भी की और इन पर केस दर्ज कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने राजस्थान के झालावाड़ के निवासी होना बताया। फिलहाल पुलिस मामले में उनसे गहन पूछताछ कर रही है।

## केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने म.प्र. की चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सराहा

भोपाल। केन्द्रीय लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में रविवार को इंदौर में विश्व एड्स दिवस का राष्ट्रीय आयोजन हुआ। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एड्स के खिलाफ भारत में एकजुट होकर लड़ाई लड़ी जा रही है। इसमें आशातीत सफलता भी मिल रही है। देश में एचआईवी/एड्स नियंत्रण के लिये संकल्पबद्ध होकर तेजी से प्रयास किये जा रहे है। इसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे है। एचआईवी/एड्स प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा की जा रही है। उन्हें समाज की मुख्य धारा से जो?ा जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा 2017 से एचआईवी/एड्स नियंत्रण के लिये तेजी से प्रयास शुरू किये गये हैं।

केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि सतत् विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सभी का सहयोग जरूरी है। एचआईवी से प्रभावित व्यक्तियों को मौलिक अधिकारों के साथ उन्हें मानव अधिकार भी प्राप्त हो। उनके साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। हमें उनके अधिकारों का सम्मान करते हुए उन्हें भी वहीं मान-सम्मान देना चाहिए, जो अन्य सामान्य व्यक्ति को हम देते हैं, जिससे वे सामान्य जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा एचआईवी/एड्स से प्रभावित लोगों की संख्या में कमी लाने और मृत्यु की संख्या को कम करने के लिये सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किये है। यह लक्ष्य वर्ष 2030 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने समाज के सभी वर्गों का आहवान किया कि वे इस दिशा में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये पुनः संकल्प बद्ध होकर नई ऊर्जा और नई स्फूर्ति से जुट जाये। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि एचआईवी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम-2017 लागू किया गया। इस अधिनियम के माध्यम से एचआईवी/एड्स के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। इस अधिनियम से एचआईवी/एड्स से संक्रमित और प्रभावित व्यक्तियों के कानूनी और मानवाधिकारों को सुदृढ़ बनाया गया है। यह अधिनियम स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के अधिकारों की रक्षा करने का भी प्रयास है। उन्होंने कहा कि एचआईवी/एड्स से प्रभावित व्यक्तियों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। भारत ने स्वास्थ्य सेवाओं, इलाज, चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में विश्व में नयी पहचान कायम की है। कोरोना प्रबंधन हो या अनेक संक्रामक बीमारियों के इलाज के लिये टीकों और दवाईयों की खोज हो, देश का विश्व में अग्रणी स्थान बना है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा के विस्तार की दिशा में मध्यप्रदेश की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदेश देश में इस क्षेत्र में अग्रणी है। मध्यप्रदेश में तेजी से नए मेडिकल कॉलेज खोले गये है।

केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में देश में सबसे आगे है और सबसे तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके लिये उन्होंने मध्यप्रदेश की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में तेजी से नये मेडिकल कॉलेज खोले गये है।

## निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने 35वी अखिल भारतीय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

भोपाल। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने विद्याभारती अखिल भारतीय संस्थान द्वारा आयोजित 35वी अखिल भारतीय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर शशिकांत फडके, राजेन्द्र दीक्षित, मनीष वाजपयी, जोली चौधरी सहित बड़ी संख्या में देश भर से आए प्रतिभागी उपस्थित थे।

निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने रविवार को विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 35वी अखिल भारतीय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर अंग वस्त्र पहनाकर सूर्यवंशी का सम्मान किया गया। निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने अखिल भारतीय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग क्षेत्रों से आए विद्याभारती शिक्षा संस्थान के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि




आपने ऐसी विधा का चुना है जिसके माध्यम से आप देश के जिम्मेदार नागरिक होने के साथ-साथ देश के दुश्मनों से मुकाबला करने में भी सक्षम बनेंगे। सूर्यवंशी ने कहा कि विद्याभारती संस्थान देश में अपने विद्यार्थियों को संस्कार आधारित शिक्षा देने के साथ-साथ देश को अच्छे खिलाड़ी भी दे रही है। देश भर में विद्याभारती संस्थान के बड़ी संख्या में विद्यालय संचालित है जिसमें संस्कार व नागरिक तैयार किए जा रहे है। सूर्यवंशी ने प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप इस विधा के माध्यम से बेहतर प्रदर्शन करेंगे और अपने परिश्रम से अव्वल स्थान प्राप्त करेंगे ऐसा मुझे विश्वास है।

## 35 वर्षों बाद एकत्रित हुए कंप्यूटर साइंस की पहली बैच के विद्यार्थी, की यादें ताजा

इन्दौर । देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट द्वारा 1986 में डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स प्रायोजित तीन वर्षीय एमसीए पाठ्यक्रम तथा डीआरडीओ द्वारा दो वर्षीय एमएससी कंप्यूटर साइंस पाठ्यक्रम शुरू किया था। दोनों पाठ्यक्रमों की पहली बैच 1989 में पास आउट हुई और आज 35 वर्षों बाद तत्कालीन सहपाठी अपने परिवार सहित पुरानी यादों को ताजा करने फिर से अपने संस्थान में एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम में शिरकत करने अमेरिका, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और अन्य देशों में कार्य कर रहे तत्कालीन विद्यार्थी भी इंदौर पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत में कुलगीत के बाद प्रथम बैच के विद्यार्थी रहे राजकुमार जैन ने दिवंगत प्रोफेसर एस एम दासगुप्ता, मुकेश साहू, ए के रामानी, एम के चांदवानी, राजकमल, अभय जैन, पप्पू आवले, हरदास मैडम और अपने सहपाठी प्रो निरंजन श्रीवास्तव के योगदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात तत्कालीन शिक्षकों सुभाष चितले, प्रकाश दांडेकर, संजीव टोकेकर, श्रीमती वृंदा टोकेकर, सुरेश जैन, प्रियेश कानूनगो, धर्मेंद्र मेहता, संजय तनवानी का शाल और श्रीफल से अभिनंदन किया गया।

स्वागत उद्बोधन देते हुए संस्थान के प्रो संजय तनवानी पुरानी स्मृतियों में खो गए थे, एलुमनी एसोसिएशन के सचिव अतुल गौतम ने भूतपूर्व विद्यार्थियों से संस्थान के विकास में सक्रिय योगदान देने की अपील की, कुलगुरु प्रोफेसर सिंघई ने कहा कि वर्षों बाद अपने संस्थान में लौटना घर लौटने जैसा होता है और अपने घर के निर्माण में घर के सभी सदस्यों का योगदान आवश्यक होता है, इस अवसर पर कुलगुरु ने विशिष्ट एलुमनी के लिए अवार्ड देने की घोषणा की जिसका हाल में उपस्थित सभी लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

अजय सोंधी अमेरिका, तृप्ति शर्मा डीआरडीओ, गीता संतोष एक्रोपोलिस, अनामिका देव सिस्को अमेरिका, दीपक मिश्रा डीआरडीओ, उपेंद्र कुमार सिंह डीआरडीओ, रमेश मामगिम पोस्ट ग्रेस, विश्वजीत अकलेचा बैंगलोर, हेमंत नाफडे अमेरिका, अशोक होलानी इंदौर, मोहन नटराजन 35 पेटेंट अमेरिका, मनोज शुक्ला कैलीफोर्निया, रवि गुप्ता अमेरिका, मनीष सक्सेना टीसीएस, जे के भार्गव डीआरडीओ, सी मधुसूदन ओरेकल अमेरिका, विनय सोनी दिल्ली, महेंद्र पटेल इंदौर, सत्यदेव रेश ऑस्ट्रेलिया, जितेंद्र बाकलीवाल मुंबई, प्रमोद कुशवाहा आई पी एस, मनोज वागले, टीकू आडवाणी नोएडा, आर के सिंह नोएडा, रवि नंदी बिजनेस आटोमेशन, संजय भंडारी अमेरिका, आशीष महोदय ओरेकल अमेरिका, राजेश प्रभाकर इंग्लैंड, रथीन सेनगुप्ता एसबीआई और राजकुमार जैन बिजनेस आटोमेशन इंदौर को कुलगुरु द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट विश्वजीत अकलेचा, विश्व की सबसे बड़ी नेटवर्किंग कंपनी सिस्को में डायरेक्टर अनामिका देव, अमेरिकी सरकार में आईटी हेड मनु शुक्ला और डीआरडीओ में डायरेक्टर जनरल उपेंद्र कुमार सिंह ने वर्तमान विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन अनुभव साझा किए और भविष्य में सफलता के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत और गुर बताए। और भविष्य के प्रति उनकी चिंताओं और जिज्ञासाओं का समाधान किया।

उसके बाद तत्कालीन शिक्षकों द्वारा पूर्व छात्रों की क्लास लगाई गई, सबसे पहले उपस्थिति ली गई फिर उस समय पढ़ाए गए विषयों को याद किया गया। शिक्षकों द्वारा छात्रों की बदमाशियों को और छात्रों द्वारा शिक्षकों द्वारा दी गई सीख को याद किया गया। याद करते हुए माहौल खुशनुमा हो गया था। इस यादगार दिवस की स्मृति संजोने के लिए पूर्व विद्यार्थीयों द्वारा परिसर के बाग में वृक्षारोपण भी किया गया। विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंडियन कॉफी हाउस में लंच का इंतजाम किया गया था वहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एकसाथ भोजन किया, फिर छात्रावास जाकर वहां बिताए गए अभाव के दिनों की फाकामस्ती को याद किया गया।

## यातायात और अतिक्रमण की समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करें - कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दल बल के साथ यातायात और अतिक्रमण की समस्याओं को हल करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने आधारताल सब्जी मंडी,



आधारताल तिराहा, व्हीकल मोड, सुपर मार्केट, लार्डगंज, और गंजीपुरा क्षेत्रों का दौरा किया। कलेक्टर श्री सक्सेना ने अस्थायी अतिक्रमण और पार्किंग व्यवस्था के कारण नागरिकों को होने वाली परेशानियों के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के अधिकारी भी उनके साथ मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा, अवैध अतिक्रमण और पार्किंग व्यवस्था से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए एक सुसंगत योजना बनाई जाएगी, जिसे जल्द लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुरुवार से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्वाई शुरू होगी और इस प्रक्रिया के दौरान अतिक्रमण करने वालों को समझाया जाएगा कि वे अपने अतिक्रमण स्वयं हटा लें, अन्यथा प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक रूप से गंजीपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की गई, जिसमें राजस्?व, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने भाग लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा, बिना किसी भय या दबाव के नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से और प्राथमिकता से लागू करें।

उन्होंने कहा कि प्रभावशाली व्यक्तियों के अतिक्रमण को पहले हटाया जाए और इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि इस अभियान में किसी भी प्रकार की समझौता नहीं होगा और नागरिकों के हित को प्राथमिकता दी जाएगी।

# आईपीएल में ऋषभ , श्रेयस और वेंकटेश पर रहेंगी नजरें

**मुम्बई (ईएमएस)। पिछले तीन सत्र में आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक कीमतों में बिकने वाले खिलाड़ी असफल रहे हैं। ऐसे में साल 2025 सत्र के लिए बिके सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत के अलावा श्रेयस अय्यर और वेंकटेश अय्यर की भी इस बार आईपीएल में कड़ी परीक्षा होगी। ऋषभ नीलामी में सबसे अधिक 27 करोड़ जबकि श्रेयस 26.75 करोड़ और वेंकटेश 23.75 करोड़ में बिकने के साथ ही दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे थे। पिछले तीन सत्र की बात करें तो 153 करोड़ रुपए की कीमत वाले 9 खिलाड़ियों की तुलना में सस्ते खिलाड़ी अधिक सफल रहे जबकि उनकी कुल कीमत 3.35 करोड़ रुपए थी।**





पिछले सत्र में मिचेल स्टार्क को 24.75 करोड़ मिले थे और उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से- 14 पारी में 26.12 के औसत से 17 विकेट लिए जबकि पैट कमिंस को 20.5 करोड़ मिले थे और उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से 18 विकेट लिए। फाइनल में पहुंचाया। वहीं डैरिल मिचेल - 14 करोड़ मिले और उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से 13 मैच में 70 के औसत से 1 विकेट ही लिया। दूसरी ओर पंजाब किंग्स के शशांक सिंह को 20 लाख मिले और उन्होंने पंजाब किंग्स की ओर से 44.25 के औसत के साथ 354 रन बनाये।स्ट्ब्स को 50 लाख मिले ओर उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से 13 पारी में 191 के औसत से 378 रन बनाये जबकि रमनदीप 20 लाख में बिके और उन्होंने फिनिशर के तौर पर काफी अच्छा काम किया। वहीं 2023 और 2022 सत्र में भी करोड़ा की राशि हासिल करने वाले असफल रहे जबकि लाखों पाने वालों ने कमाल किया।

# सूर्यकुमार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलेंगे

हैदराबाद । भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने की संभावनाएं हैं। सूर्यकुमार मंगलवार से मुंबई की ओर से आंध्र के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) के शेष मैचों में उतरेंगे। इसके बाद वह 21 दिसंबर से शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में भी खेल सकते हैं।



सूर्यकुमार सोमवार को हैदराबाद में मुंबई की टीम से जुड़ेंगे और उनके अगले ही दिन मैच में भी खेलने की उम्मीद है। ग्रुप ई में चौथे स्थान पर काबिज मुंबई ने अब तक अपने तीन मैचों में से दो जीते हैं और रविवार को नागालैंड के खिलाफ होने वाले मैच के बाद उनके पास दो लीग मैच शेष हैं। इस टूर्नामेंट में हार्दिक पांड्या, श्रेयस, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, वरुण चक्रवर्ती और अन्य खिलाड़ी भी खेल रहे है। दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से पहले सूर्यकुमार ने अक्टूबर में रणजी ट्रॉफी का एक दौर भी खेला था। सूर्यकुमार इस टूर्नामेंट में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलेंगे।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया

क्राइस्टचर्च । इंग्लैंड ने यहां खेले गये पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड की जीत में जैकब बेथेल के नाबाद अर्धशतक

और ब्रायडन कार्से (6-42) की शानदार गेंदबाजी की अहम भूमिका रही। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इससे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप डब्ल्यूटीसी (फाइनल) के लिए उसका अंक प्रतिशत अब 43.75 हो गया है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड का अंक प्रतिशत नीचे आया है।



इस मैच में चौथे दिन छह विकेट से 155 रनों से आगे खेलते हुए न्यूजीलैंड ने अपने स्कोर में 99 रन जोड़े। कार्से ने सुबह के सत्र में मेजबान टीम को दूसरी पारी में 254 रन पर समेट दिया। कार्से ने शेष चार विकेटों में से तीन को लेकर इंग्लैंड की जीत तय कर दी। इंग्लैंड को जीत हासिल करने के लिए केवल 104 रनों का पीछा करना पड़ा।

वहीं बल्लेबाजी के दौरान बेथेल ने अपने डेब्यू पर नाबाद अर्धशतक लगाया जिससे इंग्लैंड ने दो विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया जबकि कार्से अपने 10/106 के गेंदबाजी आंकड़े के लिए प्लेयर ऑफ द मैच रहे, वह 16 साल में विदेश में 10 विकेट लेने वाले पहले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज हैं।

इस मैच में बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने वापसी कर रहे केन विलियमसन के शानदार 93 रनों की सहायता से पहली पारी में 348 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने चार विकेट 71 रनों पर ही खो दिये। इसके बाद हैरी ब्रूक के 171 रनों की सहायता से इंग्लैंड ने पहली पारी में 499 रन बनाकर 151 रनों की शानदार बढ़त हासिल की।

# एडिलेड टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करुंगा - बोलैंड

कैनबरा। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने कहा है कि वह 6 दिसंबर से एडिलेड में खेले जाने वाले बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। बोलैंड को तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के चोटिल होने के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने के बाद शामिल किया गया है। बोलैंड का मानना है कि वह लय में हैं और अब भारत के खिलाफ एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे।



बोलैंड ने कहा, मैंने इस सीजन की शुरुआत में बहुत ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला है पर मुझे लगता है कि मैंने इतना क्रिकेट खेल लिया है कि मैं वाकई अच्छी स्थिति में हूं। मेरा शरीर अब बहुत अच्छा महसूस कर रहा है। मुझे कुछ छोटी-मोटी चोटें लगी थीं, लेकिन अब मैं फिट हूं। एडिलेड में गुलाई गेंद से खेला जाने वाला मैच ऑस्ट्रेलिया के लिए पांच मैचों की सीरीज बराबर करने का अच्छा अवसर है। मेजबान टीम पर्थ में हुए पहले टेस्ट में भारत से करारी हार से उबरने का प्रयास करेगी। बोलैंड मानना है कि उनकी टीम वापसी के लिए अपनी ओर से पूरे प्रयास करेगी।

# रूट ने तेंदुलकर का एक रिकार्ड तोड़ा

क्राइस्टचर्च । इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की चौथी पारी में 22 रन बनाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अब रुट चौथी पारी में ज्यादा रन बनाने के मामले में भारतीय टीम के महान बल्लेबाज तेंदुलकर से भी आगे निकल गये हैं। रूट के अब चौथी पारी में 1630 रन हो गये हैं जबकि तेंदुलकर के नाम 1625 रन ही हैं। इससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ।



पिछले महीने रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में एलिस्टर कुक को पीछे छोड़ा था। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने यह उपलब्धि केवल 147 टेस्ट और 268 पारियों में हासिल की जबकि कुक ने 161 टेस्ट और 291 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में रूट से आगे अब रिकी पोंटिंग, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही हैं। इससे पहले रूट ने अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपना 33वां और 34वां टेस्ट शतक लगाकर शतकों के मामले में कुक का रिकार्ड तोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक अपने नाम किये थे।

# अपने भविष्य को लेकर अभी कुछ नहीं कह सकता - मेसी

## राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने में खुशी होती है

ब्यूनस आयर्स । अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने कहा है कि मैंने अभी तक अपने भविष्य और संन्यास को लेकर कुछ तय नहीं किया है, इसलिए इस मामले में कुछ नहीं कह सकता। फीफा विश्व कप 2026 के लिए दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में बोलिविया के खिलाफ अपनी टीम की 6-0 की जीत में मेसी की अहम भूमिका रही है। मेसी ने इस मैच में अर्जेंटीना की ओर से 10वीं अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक लगायी। इस दौरान मेसी ने कहा कि जब भी वह राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलते हैं तो उन्हें बेहद खुशी होती है। मेसी ने कहा, यहां आकर हमारे लिए लोगों का समर्थन महसूस करके बहुत अच्छा लग रहा है। जिस तरह से लोग मेरा नाम पुकारते हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं। हम सभी लोगों के साथ जुड़ाव का आनंद लेते हैं और हमें अर्जेंटीना में खेलना बहुत पसंद है। हम इस जीत से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपने भविष्य के लिए कोई तिथि या समय सीमा तय नहीं की है, मैं बस इसका आनंद लेना चाहता हूं। मैं यहां आकर और लोगों का प्यार महसूस करके पहले से कहीं अधिक उत्साहित हूं, क्योंकि मुझे पता है कि ये मेरे आखिरी खेल हो सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि मैं क्लब में साल का अंत अच्छे से करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लूंगा और फिर हर दिन का आनंद ले पाऊंगा।



मेसी अपने देश की ओर से शीर्ष स्कोरर भी बन गए हैं, जिन्होंने 189 मैचों में 112 गोल किए हैं। सीनियर टीम की ओर से उन्होंने पहला गोल 1 मार्च, 2006 को बेसल में क्रोएशिया के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच में किया था। अर्जेंटीना फुटबॉल वेबसाइट के अनुसार, नेशनल टीम के लिए उनके आधे से अधिक गोल आधिकारिक थे। विश्व कप क्वालीफिकेशन में 34, कोपा अमेरिका में 17 और विश्व कप में 13 और अर्जेंटीना वह देश था जहां उन्होंने सबसे अधिक गोल 34 किए।

# कूच बेहार अंडर-19 टूर्नामेंट - बिहार के सुमन ने लिए एक पारी में सभी 10 विकेट

मुम्बई । यहां जारी कूच बेहार अंडर-19 टूर्नामेंट में बिहार के एक युवा गेंदबाज सुमन कुमार ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। सुमन ने एक पारी में सभी 10 विकेट लिए हैं। सुमन ने राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में सभी विकेट लिए। इस दौरान सुमन ने हैट्रिक भी लगायी। उन्होंने 36वें ओवर में मोहित भागतानी, अनस और सचिन शर्मा को लगातार तीन गेंदों पर आउट कर हैट्रिक पूरी की। इसी के साथ ही इस गेंदबाज ने इस सत्र में अपने 22 विकेट पूरे किये हैं। भारत के घरेलू टूर्नामेंट में ये दूसरी बार है जब किसी गेंदबाज ने एक पारी में सभी 10 विकेट लिए हैं। सुमन से पहले हरियाणा के अंशुल कंबोज ने रणजी ट्रॉफी में केरल के खिलाफ ये काम किया था।

बिहार ने इस मैच में पहली पारी में 467 रन बनाये। इसमें दिपेश गुप्ता के नाबाद 183, पृथ्वी राज के 128 रनों का अहम योगदान रहा। इसके जबाव में राजस्थान की टीम 182 रनों पर सही सिमट गयी । सुमन ने अकेले ही पूरी राजस्थान टीम को तीसरे दिन आउट कर दिया। । राजस्थान को फॉलोऑन मिला और उसने तीसरे दिन का अंत दो विकेट के नुकसान पर 173 रनों के साथ किया।

# जय शाह ने आईसीसी अध्यक्ष का पद संभाला

दुबई। जय शाह ने 1 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नये अध्यक्ष के रूप में अपनी पद संभाल लिया। जय शाह ने ग्रेग बार्कले की जगह ली है। बाकले नवंबर 2020 से इस पद पर थे। आईसीस प्रमुख के रूप में अपने अपने संबोधन में शाह ने कहा कि लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किये जाने और महिलाओं के खेल के विकास को प्राथमिकता देने पर वह ध्यान देंगे।



शाह ने कहा, आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है । आईसीसी निदेशकों और सदस्य बोर्डों के समर्थन और विश्वास के लिए मैं आभारी हूं। यह खेल के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम ओलंपिक ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रहे हैं और दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए क्रिकेट को अधिक समावेशी और आकर्षक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हम कई प्रारूपों के एक साथ होने से आ रही परेशानद और महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता पर काम कर रहे हैं। क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर आये जाने की अपार संभावनाएं हैं, और मैं इन अवसरों का लाभ उठाने और खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

शाह ने साल 2009 में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन से अपना कामकाज शुरू किया था। वहीं साल 2019 में वह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सबसे कम उम्र के मानद सचिव बने। शाह एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष भी रहे है। इसके अलावा उन्होंने आईसीसीसी की वित्त और वाणिज्यिक मामलों की समिति की अध्यक्षता की। शाह ने पिछले चार वर्षों में अपने योगदान को मान्यता देते हुए निवर्तमान आईसीसी अध्यक्ष ग्रेग बार्कले का आभार व्यक्त किया।

# अभी से गंभीर की कोचिंग का आंकलन न करें - अजय जडेजा

नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा है कि गंभीर को कोच बने अभी कुछ ही समय हुआ है। ऐसे में अभी से ही उनकी कोचिंग का आंकलन करना ठीक नहीं होगा। भारतीय टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली 0-3 की हार के बाद से गंभीर आलोचना का सामना कर रहे हैं। जडेजा ने गंभीर का बचाव करते हुए कहा कि इतने कम समय में किसी के प्रदर्शन का आंकलन करना सही नहीं है। गंभीर ने अपने कार्यकाल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में जीत के साथ की थी पर इसके बाद टीम को उस दौरे पर एकदिवसीय सीरीज में हार का सामना करना पड़ा।



भारतीय टीम ने इसके बाद टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश को 2-0 से पर हराया पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 ये मिली करारी हार के बाद से ही गंभीर पर सवाल उठने लगे। जडेजा ने कहा कि किसी के प्रदर्शन का आंकलन पर्याप्त समय में ही करें। हमें इस समय उनका मूल्यांकन करने की जगह खेल का आनंद उठाना चाहिए। पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बड़ी जीत से टीम का उत्साह बढ़ा है। जडेजा ने कहा कि हर किसी के साथ उतार-चढ़ाव आते हैं, कभी आप जीतते हैं और कभी आप हारते हैं। इसलिए मैं उस दिशा में नहीं जाऊंगा और छह महीने में उनका गंभीर के कामकाज की समीक्षा नहीं करुंगा।

# मिशेल जॉनसन का सुझाव - खराब फॉर्म में चल रहे मार्नस लाबुशेन को टेस्ट टीम से बाहर किया जाए

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन ने टीम के खराब फॉर्म से जूझ रहे बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को भारत के विरुद्ध आगामी दिन-रात्रि एडिलेड टेस्ट से बाहर करने की सलाह दी है। जॉनसन का मानना है कि लाबुशेन को फॉर्म में वापसी के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलने का मौका मिलना चाहिए, ताकि उन्हें दबाव से मुक्त होकर अपनी बल्लेबाजी में सुधार का अवसर मिल सके। लाबुशेन, जो लंबे समय से रन बनाने में संघर्ष कर रहे हैं, ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में निराशाजनक प्रदर्शन किया था। पहले टेस्ट की दोनों पारियों में उनका बल्ला शांत रहा था, जिसमें उन्होंने पहली पारी में 52 गेंदों पर सिर्फ 2 रन और दूसरी पारी में 5 गेंदों पर 3 रन बनाए। इस खराब प्रदर्शन के कारण ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हार का सामना करना पड़ा था।



जॉनसन ने कहा, लाबुशेन का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से खराब चल रहा है और उन्होंने अपनी आखिरी 10 टेस्ट पारियों में से केवल एक बार ही दहाई अंक को पार किया है। अब उनके लिए घरेलू क्रिकेट में खेलने का वक्त आ गया है, ताकि वह मानसिक रूप से फ्रेश होकर अपनी बल्लेबाजी पर काम कर सकें। जॉनसन का मानना है कि लाबुशेन को शेफील्ड शील्ड जैसे घरेलू टूर्नामेंटों में खेलते हुए बेहतर प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा, जो उन्हें टीम में वापसी के लिए तैयार करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि टेस्ट क्रिकेट में उनकी निराशाजनक फॉर्म का मतलब यह नहीं है कि उनका भविष्य अधर में लटक गया है, बल्कि इसका मतलब सिर्फ यह है कि उन्हें कुछ समय के लिए आराम की जरूरत है।

इसके अलावा, जॉनसन ने स्टीव स्मिथ की फॉर्म को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, स्मिथ की फॉर्म गंभीर चिंता का विषय बन गई है। वह अपनी पुरानी चमक खोते हुए दिख रहे हैं और उनके द्वारा खेले जाने वाले पैड पर आने वाली गेंदों पर उन्होंने पहले जैसी सहजता से रन बनाना बंद कर दिया है। जॉनसन ने यह भी कहा कि स्मिथ को जल्द ही अपनी फॉर्म में सुधार करना होगा, नहीं तो टीम को उनके स्थान पर विकल्प तलाशने की जरूरत पड़ सकती है। आखिरकार, जॉनसन का यह बयान ऑस्ट्रेलिया के आगामी टेस्ट मैचों को लेकर बढ़ती चिंता को दर्शाता है, खासकर उस समय जब टीम को भारतीय गेंदबाजों से चुनौती का सामना करना है।

# दूरदर्शन ने हॉकी इंडिया लीग के साथ किया साझेदारी, 28 दिसंबर से प्रसारण शुरू होगा

नई दिल्ली । भारत के राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन (डीडी) ने हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के साथ साझेदारी की है, ताकि देशभर के लाखों दर्शकों तक इस रोमांचक टूर्नामेंट का प्रसारण किया जा सके। यह साझेदारी खास है क्योंकि इस बार की लीग महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन सत्र के साथ-साथ पुरुष प्रतियोगिता का भी प्रतीक होगी। एचआईएल 28 दिसंबर से शुरू होगा, और यह टूर्नामेंट भारतीय हॉकी के एक ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनेगा।




इस साल के संस्करण में आठ पुरुष टीमें और चार महिला टीमें भाग लेंगी, जो राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस टूर्नामेंट में भारत और दुनिया भर के शीर्ष हॉकी खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। महिला हॉकी इंडिया लीग को शामिल करना हॉकी इंडिया की लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही यह महिला हॉकी को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने का भी संकेत है। प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने इस साझेदारी के महत्व को बताया, हमें गर्व है कि प्रसार भारती हॉकी इंडिया लीग के साथ जुड़ा है। यह मंच हमारे राष्ट्रीय खेल का जश्न मनाता है और विभिन्न श्रेणियों के दर्शकों को जोड़ता है। हमारा उद्देश्य हॉकी की रोमांचक भावना को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाना है, जिसमें महिला एचआईएल का ऐतिहासिक डेब्यू भी शामिल है।

प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने इस अवसर पर कहा, भारतीय हॉकी का स्वर्ण युग वापस आ रहा है, जैसा कि टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार दो पदक जीतने से स्पष्ट है। दूरदर्शन के रूप में हम इस साझेदारी के माध्यम से भारतीय हॉकी के प्रसारण को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए तत्पर हैं। अब, दुनिया भर के खेल प्रेमी डीडी स्पोर्ट्स और प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भारतीय हॉकी लीग के सभी मैच देख सकेंगे। अब देशभर के हॉकी प्रेमियों को हॉकी इंडिया लीग के सभी मैचों का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर मिलेगा, जिससे वे आसानी से इस टूर्नामेंट का लुत्फ उठा सकेंगे। इस साझेदारी के तहत दूरदर्शन ने हॉकी इंडिया के साथ अपनी साझेदारी को राष्ट्रीय चैंपियनशिप तक बढ़ा दिया है। इसके तहत हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित सभी राष्ट्रीय चैंपियनशिप और भारत के हॉकी इवेंट्स का प्रसारण भविष्य में दूरदर्शन पर होगा।

# तिरोड़ी सरपंच पर पंच ने लगाया मनमानी का आरोप

## तिरोड़ी पंचायत ने बोलडोंगरी पंचायत में बना दी सड़क

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत तिरोड़ी में सरपंच फौजिया खान के द्वारा कराए जा रहे सरकारी कामकाजों में आए दिन विवाद सामने आ रहे है. अब नया मामला मनरेगा योजना से बन रही ग्रेवल सड़क का है. तिरोड़ी पंचायत के वार्ड क्रमांक 06 के पंच प्रभाकर नायडु ने आरोप लगाया है कि सरपंच ने अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए ग्राम पंचायत तिरोड़ी की 14 लाख रुपए की सड़क का कार्य पड़ोस की ग्राम पंचायत बोलडोंगरी के डोंगरवार में जानबुझकर करवाया है. पंचों ने बकायदा जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक कर्पे से इसकी शिकायत की थी. जिसके बाद दो सदस्यों के जांच दल ने जांच की है. रविवार की सुबह 11 बजे पंच प्रभाकर नायडु ने पूरे मामले में जानकारी देते हुए बताया कि सरपंच ने डोंगरगांव में किसी किसान ने भूमि क्रय की है या बटई में ली है. जहां तक आवागमन करने के लिए सरपंच ने 14 लाख रुपए की सड़क स्वीकृत करवाई जिसकी जानकारी पंचायत के अधिकांश पंचों को नहीं है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिस स्थान पर सड़क बन रही है. वह जल संसाधन विभाग की भूमि यानी नहर की पार है जहां पहले से ही सड़क बनी हुई है इसके बावजूद सरपंच ने अपने और अपने नाते-रिश्तेदारों के हितों के लिए नहर की पार पर सड़क बनाने का काम किया। प्रभाकर नायडु ने यह भी बताया कि मनरेगा से बनने वाली इस सड़क में मजदूरों को कार्य नहीं दिया गया बल्कि जेसीबी मशीन और ट्रेक्टरों का उपयोग कर सड़क तैयार करने का काम किया गया. 14 लाख रुपए की राशि में 04 लाख रुपए की राशि खर्च हो चुकी है. वहीं जैसे ही यह मामला पंचों के संज्ञान में आया. विभाग के अधिकारियों से की शिकायत की गई. इस पूरे मामले में उपयंत्री चैनलाल बोपचे से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि तिरोड़ी पंचायत ने बोलडोंगरी पंचायत और सिंचाई विभाग से अनुमति लेकर सड़क निर्माण शुरू किया था. इसके साथ ही जिला कलेक्टर से भी अनुमोदन मिला है. लेकिन वह यह भी बताते है कि शुरू में उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि जिस स्थान पर सड़क का निर्माण किया गया है. वह बोलडोंगरी पंचायत की सीमा है क्योंकि नहर में एक तरफ तिरोड़ी और दूसरी तरफ बोलडोंगरी पंचायत की सीमा है. उपयंत्री की इन बातों से लगता है कि पंचायत सरपंच ने जानबूझकर अधिकारियों को भी गुमराह किया।




### इनका कहना है

तिरोड़ी पंचायत के पंचों ने सड़क निर्माण की शिकायत कार्यालय में की थी. जिसके बाद जांच हुई है. तिरोड़ी पंचायत ने बोलडोंगरी पंचायत और सिंचाई विभाग से अनुमति लेकर सड़क निर्माण शुरू किया था. इसके साथ ही जिला कलेक्टर से भी अनुमोदन मिला है।

**चैनलाल बोपचे उपयंत्री**

# दिव्यांग खेल-कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रतिवर्षानुसार वर्ष 2024 में भी 03 दिसम्बर विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय विद्यालय में कक्षा 1ली से 8वीं में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की विकासखण्ड स्तरीय दिव्यांग खेल-कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे -कुर्सी दौड, मटकी फोड, मेहदी, गायन, चित्रकला, रंगोली, चम्मचदौड का आयोजन करने के निर्देष दिये गये थे। इसी तारतम्य में दिव्यांग बच्चों के खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन कार्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र परसवाडा के परिसर में दिनांक 30 नवंबर दिन शनिवार को सम्पन्न कराया गया। प्रतियोगिता का शुभांरभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस सामर्थ्य प्रदर्शन हेतु खेलकूद प्रतियोगिता में दिव्याग बच्चों ने पुरे उत्साह के साथ भाग लेकर प्रतिभा दिखायी जिन्हे पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिता में कुर्सी दौड, मटकी फोड. चित्रकला, रंगोली, गायन इत्यादि खेलों में दिव्यांग बच्चों के द्वारा भाग लेकर प्रतिभा प्रस्तुत की गई। उक्त प्रतियोगिता के साथ ही गत सत्र में बेल व सांकेतिक भाषा से प्रशिक्षण प्राप्त श्रीमती सावित्री दमाहे,पंचशिला बिसेन, विशाल उके, तोमन्द्र बोपचे, सीएम गढ़वाल, रामकुमार चौहान के बीच भी प्रतियोगिता करवाई गई वही उन्होंने अपने अनुभव साझा किये। जनपद शिक्षा केन्द्र परसवाडा से प्रभारी बीआरसी अरुण कुमार बिटाले उपयंत्री अविनाश होलकर, प्रभारी नरेन्द्र शरणागत, प्रभारी मनोज रायकर, ऑपरेटर तरूण विश्वकर्मा, एमआरसी महेन्द्र कुमार घुले, एमआरसी श्रीमती माधुरी सहारे, दिनेश राणा का सराहनीय योगदान रहा।




## मरुधरा ग्रामीण बैंक लूटने में नाकाम रहे चोर 2 घंटे बैंक के अंदर घूमे, एक पैन भी नहीं ले गए

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में देर रात बदमाशों ने मरुधरा ग्रामीण बैंक में लूट की कोशिश की। इसके लिए चोर 2 घंटे बैंक में ही घूमते रहे, लेकिन लॉकर नहीं तोड़ सके। इसके बाद हराकर वे वापस भाग गए। पुलिस ने बताया कि इलाके के झर गांव स्थित राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक में बदमाशों ने देर रात लूट का प्रयास किया। रात करीब 1 बजे तीन बदमाश बैंक के अंदर घुसे। एक पैन भी लेकर नहीं गए। तीनों ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। रात 3 बजे वापस भाग गए। बैंक का सेंसर काम नहीं किया। सेंसर काम कर रहे होते तब पता चल जाता कि कोई बैंक में घुस रहा है। बैंक के अधिकारियों का कहना है कि बैंक में सेंसर लगे हुए थे, लेकिन काम क्यों नहीं किया जानकारी नहीं है। सीआई ने बताया कि सुबह ग्रामीणों से मिली जानकारी के बाद पुलिस टीम के साथ मैं भी मौके पर पहुंचा। बैंक में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज चैक की गई। जिस में कुछ बदमाश दिखाई दे रहे हैं। इन चोरों ने वारदात से पहले सेंसर तब खराब नहीं कर दिया था, इस बारे में जांच की जा रही है। मौके पर एफएसएल की टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर ने बताया कि बदमाशों ने बैंक के लॉक तोड़कर बैंक में प्रवेश किया। बदमाशों ने बैंक में रखा कुछ सामन तोड़ा हैं। इस संबंध में पुलिस को एक लिखित रिपोर्ट दे दी गई हैं। वहीं स्थानीय निवासी ने बताया कि रविवार सुबह बैंक के पास से निकल रहा था। तभी मैंने बैंक का ताला टूटा हुआ देखा। इस पर ग्रामीणों को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस और बैंक मैनेजर को भी मौके पर बुलाया गया। इलाके में पिछले कुछ समय से लगातार चोरी की वारदात हो रही हैं। इलाके में हर दिन चोरी होती हैं। बदमाश रात को वारदात कर रहे हैं।

# एक एकड़ की धान की फसल और पशुचारा जलकर हुआ राख

## खलिहान में अज्ञात कारण से लगी आग

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। क्षेत्र भर से इन दिनों खेत-खलिहान में आग लगने के मामले लगातार सामने आ रहे है. ऐसा ही एक घटना रविवार को कटंगी शहर के नट्टी टोला में हुई है. नट्टी टोला में दोपहर करीब 12 बजे एक किसान के खेत में बने खलिहान में अचानक से आग भड़क गई. जिसे देखकर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. वहीं समय रहते नगर परिषद में आगजनी की सूचना दी गई लेकिन जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचा काफी फसल जलकर बर्बाद हो चुकी थी. मिली जानकारी अनुसार नट्टी टोला निवासी लेखराम भगत के खेत में बनी खलिहान में अज्ञात कारणों से अचानक आग भड़क गई. आगजनी में खलिहान में गहानी के लिए लाकर रखी गई एक एकड़ की धान की फसल जल गई. इसके साथ ही करीब 02 एकड़ का पशुचारा (पैरा) भी जल गया. किसान के मुताबिक आगजनी में करीब 70 हजार रुपए की नुकसानी हुई है. किसान ने राजस्व विभाग को सूचना देकर क्षतिपूर्ति प्रदान करने की मांग रखी है।



## वाराणसी में 200 गाड़ियों का जलना, रेल प्रशासन मान रहा गहरी साजिश

वाराणसी । 200 गाड़ियों का एक झटके में जलकर नष्ट होने की घटना में शार्ट सर्किट से होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज हुई है। इसके बावजूद रेल प्रशासन पूरी घटना में कहीं न कहीं साजिश की आशंका देख रहा है। रेलवे अधिकारी चाहते हैं कि अग्नि प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस उसकी गहराई से जांच करे। केस दर्ज कराने का प्रयास रेलवे अधिकारी देर रात तक करते रहे। हालांकि, अग्नि प्रकरण को खुफिया एजेंसियां अभी तक एक्सीडेंट मान रही हैं। रेल अधिकारियों का कहना था कि शार्ट सर्किट होने पर हमारे यहां आपूर्ति खुद से बाधित हो जाती है। विद्युत इंजीनियरों ने आग की घटनाएं रोकने के लिए इसतरह के उपकरण लगाए हैं। शुक्रवार की रात ऐसा नहीं हुआ, तब सवाल उठना लाजिमी है। दरअसल कुछ माह से ट्रेन पलटने की देश में कई कोशिशें की जा चुकी है। अवांछनीय तत्वों ने इसके लिए ट्रेन पर लकड़ी का बोटा, एलपीजी सिलिंडर, बोल्डर आदि रख चुके हैं। हालांकि, ऐसी घटनाएं वाराणसी में नहीं हुई, लेकिन रेलवे अधिकारी चाहते हैं कि एक बार जांच हो जाए। वहीं जांच विशेषज्ञों का कहना है कि फोरेंसिक टीम की जांच में बहुत से क्लू सामने आ सकते हैं। अलग-अलग बाइकों की चेकिंग में यह सामने आ सकती है कि ब्लास्ट टंकियों के पीछे की आखिर वजह क्या रही? आग में चेसिस नंबर तक गल जाने से सवाल उठ रहे थे। आग की लपटें ठंडा होने के बाद फहीम अहमद और दीपक पहुंचे तब अपनी-अपनी बुलेट पर हाथ फेरते रहे। उनकी आंखों में आंसू स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। दरअसल, दोनों जली बुलेट नहीं दोनों दोस्तों की निशानी थी। बताया कि हमने एक साथ ही बुलेट खरीदी थी। दोनों रेल कर्मचारी हैं। बताया कि हम फिर से एक साथ बाइक खरीदने जा रहे हैं। कैंट रेलवे स्टेशन पर डेढ़ बजे धधकी अनदेखी की चिंगारी में 203 बाइकें जलकर नष्ट हो गईं। कर्मचारियों की वाहन पार्किंग में खड़ी अधिकांश बाइक में पेट्रोल होने का कारण आग बुझाने में अग्निशमन विभाग को ढाई घंटे से अधिक समय लग गया। तीन घंटे के अंतराल पर दूसरी बार लगी आग बेकाबू हुई।

## जम्मू कश्मीर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3500 परियोजनाएं पूरी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में केंद्र की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवॉय) के तहत बीते दो दशकों में करीब 3,500 परियोजनाएं पूरी की गईं। इसमें 217 पुल शामिल हैं। यह जानकारी ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई। पीएमजीएसवॉय की शुरुआत के बाद से जम्मू-कश्मीर के लिए 20,801 किलोमीटर की सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। इसमें 305 पुलों सहित कुल 3,742 योजनाएं शामिल हैं।पीएमजीएसवॉय को 2001-02 के दौरान जम्मू और कश्मीर में लांच किया गया था। इसका उद्देश्य 2001 की जनगणना के अनुसार 250 से अधिक जनसंख्या वाले ग्रामीण क्षेत्रों में बिना कनेक्टिविटी वाली बस्तियों को हर मौसम में कनेक्टिविटी देना था।

## रणोत्सव में पहुंचना हुआ आसान, अहमदाबाद एयरपोर्ट से जीआरटीसी की सीधी बस सेवा शुरू

अहमदाबाद। राज्य के पर्यटन विभाग और गुजरात राज्य पथ परिवहन निगम (जीएसआरटीसी) ने कच्छ में चल रहे रणोत्सव के लिए संयुक्त रूप से पहल की है। आज से अहमदाबाद से कच्छ के धोरडा तक एक नई वॉल्वो बस सेवा दैनिक आधार पर संचालित की जाएगी। यात्रियों की सुविधा के लिए अहमदाबाद एयरपोर्ट से ये बस सेवा शुरू की गई है। कच्छ के सफेद रेगिस्तान में पर्यटक पहुंच रहे हैं। अब गुजरात सरकार की ओर से रणोत्सव तक पहुंचने के लिए नई बस सुविधा शुरू की गई है। अब आप अहमदाबाद एयरपोर्ट से सीधे रणोत्सव पहुंच सकते हैं। जीएसआरटीसी और गुजरात पर्यटन विभाग की संयुक्त पहल से आज से अहमदाबाद हवाई अड्डे से रणोत्सव तक नई वोल्वो बस सेवा शुरू हो गई है। अहमदाबाद हवाई अड्डे से कच्छ धोरडो तक एक नई वोल्वो बस सेवा दैनिक आधार पर संचालित की जाएगी। कच्छ के आकर्षक पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए जीएसआरटीसी और पर्यटन विभाग द्वारा रणोत्सव, धोरडो में एक टूरिस्ट सर्किट बस सेवा भी शुरू की गई है। इसके अलावा, पर्यटन विभाग और जीएसआरटीसी की संयुक्त पहल से सबरस पार्किंग से रणोत्सव स्थित वॉच टॉवर तक जाने के लिए हॉप ऑन हॉप ऑफ बस सेवा शुरू की गई है, जिसे पर्यटकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। देश-विदेश के पर्यटकों का पसंदीदा माना जाने वाला रणोत्सव शुरू हो चुका है। रणोत्सव यात्रा के दौरान पर्यटकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न साहसिक खेल गतिविधियाँ भी आयोजित की जाती हैं। रणोत्सव 2024-25 में एडवेंचर जोन, फन/नॉलेज पार्क के साथ बच्चों की गतिविधि शामिल हैं। गुजरात के पर्यटन क्षेत्रों के प्रति देशी-विदेशी पर्यटकों का एक अलग ही आकर्षण है। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात के पर्यटन क्षेत्र को विश्व स्तरीय स्तर पर ले जाने और पर्यटक अनुभव को अद्वितीय बनाने के लिए विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का विकास किया गया है।

## नागालैंड भारत की समृद्ध सांस्कृतिक छवि पर हमारी विविधता का अनुपम उदाहरण

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित नेताओं ने नागालैंड के लोगों को राज्य के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- राज्य के स्थापना दिवस पर नागालैंड के लोगों को शुभकामनाएं। वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध विरासत से संपन्न नागालैंड बहादुरी की भूमि है। कई विकास मापदंडों में नागालैंड की प्रगति सराहनीय है। इस खूबसूरत राज्य के लोगों को शांतिपूर्ण, समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नागालैंड वासियों को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा नागालैंड दिवस पर नागा बहनों और भाइयों को हार्दिक शुभकामनाएं। गौरवशाली संस्कृति और विरासत से समृद्ध, नागालैंड भारत की समृद्ध सांस्कृतिक छवि पर हमारी विविधता का एक अनुपम उदाहरण है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सीएम नेफ्यू रियो के नेतृत्व में प्रदेश समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़े। नागालैंड के सीएम नेफ्यू रियो ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए एक्स पोस्ट में लिखा- नागालैंड के लोगों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। हम गर्व और कृतज्ञता के साथ राज्य के 62 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। यह एक प्रगति की यात्रा रही है। आइए हम अपनी विरासत का सम्मान करें और एक साथ मिलकर उज्जवल भविष्य के लिए प्रयास करें। नागालैंड के राज्यपाल ला गणेशन ने राज्य के 62वें राज्य दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी और इसकी ऐतिहासिक यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की आकांक्षाओं पर प्रकाश डाला है। राज्य दिवस की पूर्व संध्या पर एक वीडियो संदेश में राज्यपाल गणेशन ने कहा कि प्रदेशवासियों की अटूट भावना और मजबूत संकल्प हमारे लोगों की ताकत का प्रमाण है, जिन्होंने भारत के विशाल क्षेत्र में नागालैंड के लिए एक विशिष्ट पहचान बनाने के लिए अथक परिश्रम किया है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवंत त्यौहार और समृद्ध सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां हमारी एकता और विविधता के प्रमाण हैं। यह एक अनमोल उपहार है जिसे अत्यंत सावधानी और जिम्मेदारी के साथ संरक्षित किया जाना चाहिए। हीं केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक्स पर लिखा- नागालैंड राज्य की स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए यह प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे, यही कामना करते हैं।

## मनी लॉन्ड्रिंग के नाम पर ठगे 1.7 लाख, बॉडी वेरिफिकेशन करने उतरवाए कपड़े

मुंबई। मुंबई में एक महिला को वीडियो कॉल उसे डिजिटल अरेस्ट कर लिया। ठगों ने फार्मास्यूटिकल कंपनी में काम करने वाली महिला से खुद को दिल्ली पुलिस का अफसर बताया। ठगों ने महिला से कहा कि उसका नाम जेट एयरवेज के फाउंडर-चेयरमैन नरेश गोयल से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आया है। नरेश गोयल अभी जेल में है। इसके बाद ठगों ने महिला के कपड़े उतरवाए और उससे 1.7 लाख रुपए की वसूल लिए। मुंबई में रहने वाली 26 साल की महिला को ठगों ने 19 नवंबर को कॉल करके बताया कि उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आया है। महिला को अपनी बात पर यकीन दिलाकर ठगों ने वॉयस कॉल को वीडियो कॉल पर बदल दिया। इसके बाद आगे की पूछताछ के लिए महिला से होटल रूम में चेक इन करने को कहा। होटल में चेक इन के बाद ठगों ने वीडियो कॉल पर ही महिला की बैंक डिटैल वेरीफाई करने के लिए एक लाख 78 हजार रूपए ट्रांसफर करवाए। इसके बाद बॉडी वेरिफिकेशन के लिए ठगों ने महिला से उसके कपड़े भी उतरवाए। जब महिला को इस बात का अहसास हुआ कि उसे ठगा गया है तो उसने 28 नवंबर को पुलिस में मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरेश गोयल के नाम पर पहले भी ठगी की गई है। नरेश गोयल के नाम पर टेक्सटाइल कंपनी वर्धमान के मैनेजिंग डायरेक्टर पॉल ओसवाल को भी ठगों ने डिजिटली अरेस्ट किया था। उनसे सात करोड़ रुपए ठगे गए थे। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 5.25 करोड़ रुपए भी वसूले। पुलिस ने गैंग के सात और लोगों की पहचान की थी।

## नडडा ने की मध्य प्रदेश बीजेपी संगठन की तारीफ, विजयपुर उपचुनाव में हार के बाद तारीफ

भोपाल। मध्यप्रदेश बीजेपी संगठन की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तारीफ की है। ये तारीफ बूथों के 100 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन को लेकर की है। हाल ही में विजयपुर उपचुनाव में हार के बाद तारीफ के सियासी गलियारों में कई मायने निकल रहे हैं। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने लिखा है कि संगठन पर्व के तहत एमपी बीजेपी संगठन ने सदस्यता अभियान में बूथ समिति निर्माण के साथ 100 प्रतिशत बूथों का डिजिटलाइजेशन कर नई उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में संचालित यह अभियान मंडल, जिला और राष्ट्रीय स्तर तक नए आयाम स्थापित कर रहा है। निश्चित रूप से संगठन पर्व हमारे कोटिश- कार्यकर्ताओं के परिश्रम से विकसित भारत निर्माण के संकल्प की सिद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के सभी बूथ कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। माना जा रहा था कि विजयपुर में मंत्री रामनिवास रावत के हारने और बुधनी में प्रदर्शन में गिरावट को लेकर हाईकमान एक्शन ले सकता है। विजयपुर की हार को मुख्यमंत्री मोहन यादव की साख से जोड़ा जा रहा था। हालांकि इन सबके बावजूद यूं संगठन की तारीफ और सीएम और प्रदेश अध्यक्ष की बढ़ाई से इन अटकलों पर विराम लगने की संभावना है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एसी बस से तंबाकू थूकने के चक्कर में गई बुजुर्ग किसान की जान

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से हैरान करने वाली घटना प्रकाश में आई है। यहां पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर ऐसा हादसा हुआ जो सुर्खियों में आ गया है। यह तंबाकू थूकने की कोशिश करते समय चलती एसी बस से गिरकर 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बीही गांव के पास हुई। बस लखनऊ से आजमगढ़ जा रही थी। तभी यह हादसा हो गया। बुजुर्ग की बस से गिरने के बाद सड़क से जोरदार टक्कर हुई। इसकारण बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में मरने वाले मृतक की पहचान चिनहट निवासी राम जियावन के रूप में हुई है। बस ने बताया कि यात्री तंबाकू चबा रहा था। तभी बस का दरवाजा खोला और थूकने लगा। तभी बुजुर्ग यात्री ने अपना संतुलन खो बैठा और चलती गाड़ी से गिर गया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसे की खबर मिलते ही उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) के अधिकारी स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। व्यक्ति को पास के अस्पताल ले जाया गया। जहां बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ति के बेटे और बहू पुलिस कांस्टेबल हैं।

## जयपुर पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के बिचौलियों को पकड़ा, एक महिला सहित तीन बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। देश के कुख्यात गैंगस्टर और उनके गुर्गों के खिलाफ जयपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जयपुर पुलिस ने बिचौलियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है, जो गैंगस्टर्स और गुर्गों के बीच एक कड़ी के रूप में काम करते थे। एक महिला सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जो कि हरियाणा, दिल्ली और गुजरात के रहने वाले हैं। कुछ दिन पहले भी जयपुर पुलिस ने चार गुर्गों को गिरफ्तार किया था जो रंगदारी नहीं देने वाले बड़े कारोबारियों को डराने के लिए फायरिंग करने की तैयारी में थे। पिछले दिनों जयपुर पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया जो लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से धमकी के बाद भी रंगदारी नहीं देने वाले कारोबारियों को डराने के लिए फायरिंग करने वाले थे। पकड़े गए आरोपी योगेश सैनी, मोहम्मद अकिल मंसूरी, हरेन्द्र विश्नोई उर्फ राकेश और दीपक सैन थे। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से दो देशी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए थे। चारों से हुई पूछताछ में इसतरह के बिचौलियों के बारे में पता चला जो गैंगस्टर्स और गुर्गों के बीच संपर्क की अहम कड़ी थे। इसके बाद पुलिस ने सीमा उर्फ रेणु उर्फ माया मल्होत्रा, हरेन शैलेष भाई और सचिन वर्मा को गिरफ्तार किया है। ये तीनों गैंगस्टर्स और गुर्गों के बीच एक अहम कड़ी के रूप में कार्य कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपी अलग-अलग राज्यों के हैं। 50 वर्षीय महिला आरोपी सीमा उर्फ रेणु उर्फ माया मल्होत्रा नई दिल्ली निवासी है। दूसरा आरोपी 22 वर्षीय हरेन शैलेश भाई सरबददिया उर्फ डेविल राजा राजकोट का रहने वाला है जबकि तीसरा आरोपी सचिन वर्मा हिसार निवासी है। पुलिस टीम ने तीनों को अलग-अलग ठिकानों से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी सीमा, सचिन और हरेन कुख्यात गैंगस्टर्स के सीधे संपर्क में थे। वे नियमित रूप से लॉरेंस के दांए हाथ माने जाने वाले रोहित गोदारा, गोल्डी बरार और अनमोल बिश्नोई के संपर्क में थे। उन बदमाशों से मिलने वाले टास्क को ये बदमाश गुर्गों तक पहुंचाते थे। गैंग के सदस्यों का पूरा खर्च भी यहीं लोग उठाते थे। इस संबंध में पुलिस के हाथ अहम तथ्य लगे हैं जिसके बाद इन तीनों की गिरफ्तारी की गई।

# आज से प्रारम्भ होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

## धान उपार्जन के लिए 185 केंद्रों के लिए 9 हजार से अधिक किसानों ने किया स्लॉट बुक

## 11 सीमावर्ती चैक पोस्ट पर 99 अधिकारियों का अमला रखेंगा नजर

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। भारत सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मुल्य पर धान उपार्जन की प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। आज सोमवार से जिले के 185 उपार्जन केंद्रों पर 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी प्रारम्भ होगी। जिले में 130810 किसानों ने पंजीयन कराया है। 176420 कुल रकबा है जिनके किसानों ने पंजीयन कराया है। पिछले दिनों इस संबंध में कलेक्टर श्री मीना ने जिला पंचायत सभागृह में खरीदी केंद्रों के प्रभारी और नोडल अधिकारियों को खरीदी के सम्बंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री मीना ने धान खरीदी के सम्बंध में कहा है कि शासन की धान उपार्जन नीति के अनुसार खरीदी की जाएगी। किसानों को समय पर भुगतान, धान का समय पर परिवहन, किसानों के लिए केंद्र पर व्यवस्था और केंद्र के प्रबंधन पर नजरें रहेगी। यह सुनिश्चित करने का कार्य प्रमुखता से केंद्र प्रभारी और नोडल अधिकारी करेंगे।



### जिले में 11 सीमावर्ती पोस्ट पर 9-9 अधिकारी करेंगे चौकसी

धान उपार्जन की निगरानी के लिए कलेक्टर श्री मीना ने जिले की 11 सीमावर्ती चेकपोस्ट पर अधिकारियों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए है। इन चेकपोस्ट पर सुबह 8 बजे से दोपहर 4 बजे तक व 4 से रात 12 और 12 से सुबह 8 बजे तक 3-3 शिफ्ट के लिए मंडी सम्बधित समिति तथा पुलिस के जवानों को तैनाती के आदेश जारी कर दिए है। चेक पोस्ट पर सचिव, वनरक्षक व जीआरएस को भी तैनात किया गया है। इसी तरह सभी चेकपोस्ट के लिए अलग से चेकपोस्ट प्रभारी सम्बधित थाना प्रभारी और तहसीलदार को नियुक्त किया गया है। चेकपोस्ट कंजई, मोवाड़, खैरी, नहलेसरा, खैरलांजी, नाटबारिया/कनई, गुडरु, सालेटेकरी,रजेगांव, कुल्पा और रिसेवाड़ा में स्थापित होगी।

### धान उपार्जन के लिए 185 केंद्र निर्धारित

सहायक आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज से प्रारम्भ होने वाले धान उपार्जन के लिए 185 उपार्जन केंद्र बनाए गए है। जिनमें 35 केंद्र ओपन कैप स्तरीय, 16 गोदाम स्तरीय 6 मंडी स्तरीय और 128 समिति स्तरीय केंद्र बनाए गए है। कटंगी में 16, किरनापुर में 18, खैरलांजी में 23, तिरोड़ी में 9, परसवाड़ा में 11, बालाघाट में 20, बिरसा में 12 बैहर में 7, लांजी में 19, लालबर्रा 29 और वारासिवनी में 21 उपार्जन केंद्र बनाए गए है।

# 10 दिवसीय स्वदेशी मेले का पीएचई मंत्री श्रीमती उइके ने किया शुभारंभ

## स्वदेशी मेले शासकीय विभागों द्वारा प्रदर्शित होंगे स्वदेशी उत्पाद

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मप्र शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने बालाघाट आगमन के दौरान प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का पूजन कर व दीप प्रज्वलित कर 10 दिवसीय स्वदेशी मेले का शुभारभ किया। इस मेले का आयोजन स्वदेशी जागरण मंच द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में किया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि इस तरह के मेले आयोजित करने से स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा मिलेगा और इसकी बालाघाट से ऐतिहासिक रूप से शुरुआत की गई है। यह हमारे लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सूत्रवाक्य वोकल फॉर लोकल को बढ़ाने के लिए यह मेला कारगर सिद्ध होगा। उन्होंने आयोजकों को इस मेले के लिए बधाई दी। इस दौरान सांसद श्रीमती भारती पारधी ने संबोधित करते हुऐ कहा कि स्टाल में स्वदेशी वस्तुओं के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा मिलेगा और जिले के विकास में गति मिलेगी। वही जिले का नाम आगे आने के साथ देश के विकास में योगदान होगा। मंत्री श्रीमती उइके ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक स्टाल पर जाकर विभागों द्वारा देशी उत्पादों के प्रदर्शन की सराहना की। मेले में कृषि विभाग द्वारा जिले के धान चिंनोर मिलेट्स, गुड व शहद के डेमोस्ट्रेशन किया है। इसके अलावा विभाग ने किसानों को मिट्टी परीक्षण के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के लिए मिट्टी परीक्षण का भी स्टॉल लगाया है। इसके अलावा राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा 5 स्टॉल्स लगाए जाएंगे। एनआरएलएम द्वारा मिलेट्स और अन्य कुछ यूनिक व्यंजनों पर आधारित स्टॉल्स होगी। मत्स्य विभाग द्वारा भी फिश एक्वेरियम और



अर्नामेंटल मछलियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया है। मेले में इनके अलावा वित्त, उद्यानिकी, हाथकरघा और रेशम विभाग द्वारा भी प्रदर्शनियां लगाई गई है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा बिसेन, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, समाजसेवी श्रीमति लता एलकर, मौसम बिसेन, सत्यनारायण अग्रवाल, प्रणव पटेल, ललित येड़े, एसडीएम गोपाल सोनी, वारासिवनी एसडीएम श्री राजीव रंजन पांडे सहित जनप्रतिनिधि शामिल रहे ।

# कीमती सागौन चिरान का परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। दक्षिण सामान्य परिक्षेत्र किरनापुर के अमले ने मुखबीर की सूचना पर कीमती सागौन चिरान का परिवहन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।जबकि इसी मामले से जुड़ा एक अन्य आरोपी फरार हो गया। इस कार्रवाई को 30 नवंबर को वन अमले ने बेलगांव में अंजाम दिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम योगराज पिता पवन वट्टी निवासी बेलगांव है। इसके पास से सागौन की लकड़ी बरामद कर ली गई है। जिसे बिना किसी वैध अनुमति के परिवहन किया जा रहा था। जिसपर वन विभाग द्वारा योगराज के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। वहीं इस घटना में एक अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गया।फरार आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कदम उठाने की बात अधिकारियो द्वारा कही जा रही हैं।



### मुखबिर की सूचना पर की कार्यवाही

इस पूरे मामले को लेकर भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु परिक्षेत्र अधिकारी शैलेष माचरा ने बताया कि वन्य प्राणी अपराधों में अंकुश लगाते हुए वन विभाग अवैध वनोपज परिवहन और चिरान गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई करने रात्रि गश्ती कर रहा है। इसी के दौरान बेलगांव में मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को अवैध रूप से सागौन लकड़ी का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जबकि इसी मामले में लिप्त एक अन्य आरोपी फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है।कार्रवाई में नंद किशोर उइके, सुरेश निन्हावे, गोविंद तुरकर, नारायण टेकाम, तिलक चंद उइके, मधुसूदन सेंन्द्रे, विवेक भौटेकर सहित अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा- माचरा

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान किरनापुर दक्षिण सामान्य वन परिक्षेत्र अधिकारी शैलेश माचरा ने बताया कि वन विभाग, क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर पूरी सख्ती के साथ निगरानी रख रहा है। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर एक युवक को सागौन चिरान का परिवहन करते पकड़ा गया है ।जबकि इसी मामले में लिप्त दूसरा आरोपी फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर उसपर भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# कराटे प्रतियोगिता में जिले को मिले 1 रजत और 5 कांस्य पदक

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। दो दिवसीय स्टेट कराटे चैंपियनशिप में बालाघाट जिले के कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. कराटे खिलाड़ियों ने जिले को एक रजत और 05 कास्य पदक दिलवाए है.मध्य प्रदेश कराटे एसोसिएशन के द्वारा दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन इंदौर पब्लिक स्कूल में करवाया था. मध्य प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी विनय यादव द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों के कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. जबलपुर संभाग कोऑर्डिनेटर राजेंद्र धोलपूरी के सहयोग से प्रतियोगिता संपन्न हुई. प्रतियोगिता में जनरल सेक्रेटरी विनय यादव ने कराटे प्रशिक्षक संतोष पारधी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. बता दें कि बालाघाट जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन पर बालाघाट कराटे स्पोर्ट्स प्रशिक्षण एवं एजुकेशन एसोसिएशन के चार खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में एक रजत पदक और पांच कांस्य पदक अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया है. इस प्रतियोगिता में संस्था के मुख्य कराटे प्रशिक्षक कटंगी ब्लॉक युवा समन्वयक संतोष पारधी के नेतृत्व में सहभागी खिलाड़ी विराज योगेश देशमुख द्वारा एक कांस्य पदक,




सोहम राजकुमार नगपुरे ने एक कांस्य पदक और एक रजत पदक अर्जित किया गया. वहीं विकासखंड कटंगी के स्पर्श दिनेश मिश्रा द्वारा एक कांस्य पदक अर्जित किया गया एवं विश्व व्रत नागेंद्र पाठक द्वारा दो कांस्य पदक अर्जित किया गया. इन सभी खिलाड़ियों को संस्था के संरक्षक अनिल धुवारे, अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, उपाध्यक्ष रविंद्र भाटिया, सहसचिव चंद्रकांत पीपलेवार, सदस्य राजेंद्र बल्ले, साक्षी खैरकर, शुभम मानेश्वर और कटंगी कन्या माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एम.एल. भलावी जिला खेल विभाग से केदार ठाकरे, युवा समन्वयक लव कुमार नगपुरे सहित अन्य शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मोटरसाइकिल फिसलने से युवक गंभीर रूप से घायल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शंकर घाट मंदिर परिसर में दूसरे वाहन को साइड देते समय एक युवक की मोटरसाइकिल फिसल गई। जहां अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल फिसलने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं 23 शंकर घाट मंदिर परिसर कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय विशाल पिता लक्ष्मण परते नगर की एक होटल में वेटर का काम करता है।बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर विशाल किसी काम से गर्रा रेलवे फाटक की तरफ मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दरमियान सामने से आ रहे वाहन को जगह देने के लिए उसने अपने वाहन को सड़क किनारे साईड पर कर लिया ।जहां रेत पड़ी होने के चलते उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और वह मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां युवक के मोटरसाइकिल से गिरकर घायल होने पर स्थानीय लोगों ने उसे उठाया वहीं एंबुलेंस 108 को मामले की जानकारी देकर एंबुलेंस से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचा है जहां उसका उपचार जारी है।











स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट